दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 9 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 308 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

जिस तरह शिवसेना उद्धव ठाकरे के हाथ से निकल गई। उसी तरह शरद पवार के हाथों से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की बागडोर भी फिसल गई। घड़ी वाले चाचा पर उनका भतीजा भारी पर पड़ गया और घड़ी हथिया ली। परिवारवादी पार्टियों का यही अंजाम होता है। पार्टी को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी समझने वालों को पता ही नहीं चलता कि कब उनके नीचे से जमीन खिसक गई। बाद में बेचारे खिसयानी बिल्ली की तरह खंभा नोचते हैं और अपने विरोधियों को पानी पी- पी कर कोसते हैं। इन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे दिन हवा हुए जब इनका पसीना गुलाब हुआ करता था।

लोकसभा चुनाव 2024- एक महीने में बढ़े 1.20 लाख वोटर

छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का उपयोग, प्रदेश में महिलाओं की संख्या ज्यादा

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आज छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रेस वार्ता कर वोटर लिस्ट की अंतिम सूची जारी कर दी है। इस बार प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों पर 2 करोड़ 5 लाख 13 हजार 252 मतदाता वोट करेंगे।

प्रदेश में होंगे कुल 24,109 मतदान केंद्र

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में कुल 24,109 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

- 1 करोड़ 1 लाख 80 हजार 405 पुरुष मतदाता हैं।
- 1 करोड़ 3 लाख 32 हजार 115 महिला मतदाता
- 732 थर्ड जेंडर मतदाता हैं

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद 6 जनवरी से 8 फरवरी 1 महीने तक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया था, जिसमें 1

लाख 20 हजार 92 वोटर्स की संख्या बढ़ी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि

3 लाख 23 हजार से अधिक वोटरों के नाम कटे

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक, लोकसभा चुनाव से पहले पुनरीक्षण के दौरान 3 लाख 23 हजार 602 नामों को वोटर लिस्ट से हटाया गया है। अहिवारा विधानसभा से 16,272, दंतेवाड़ा से 10,923, दुर्ग ग्रामीण से 8212, अंबिकापुर से 8132, वैशाली नगर से 7950 और पाटन से 7298 वोटरों के नामों को काटा गया है।

18 से 19 साल के वोटर्स, जो पहले 4 लाख 94 हजार 452 थे, उसमें 82,732 की बढ़ोतरी हुई है। लोकसभा चुनाव में इस आयु वर्ग के 5 लाख 77 हजार 184 मतदाता हैं, जो कुल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा सीट	वोटरों की संख्या
सरगुजा	1802941
रायगढ़	1829038
जांजगीर चांपा	2044411
कोरबा	1609993
बिलासपुर	2085479
राजनांदगांव	1862021
दुर्ग	2072643
रायपुर	2342827
महासमुंद	1753230
बस्तर	1459977
कांकेर	1650692

बस्तर में बढ़ती नक्सल घटनाओं को लेकर विपक्ष ने लाया स्थगन प्रस्ताव

रायपुर, नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र का गुरुवार को चौथा दिन रहा। आज विपक्ष ने तेवर दिखाते हुए प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद प्रदेश में बढ़ती नक्सल घटनाओं को लेकर सवाल उठाए। उसके बाद स्थगन प्रस्ताव लाया। इस दौरान विपक्ष के सदस्यों ने कहा नक्सली क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की हत्या बेहद शर्मनाक है।

विपक्ष ने कहा कोंग्रेस की सरकार में सुरक्षा केंद्रों पर भी हमला नहीं हुआ था, पर अब कैंपों पर भी हमला हो रहा है। भाजपा सरकार के आने के बाद नक्सली घटनाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। बस्तर में नक्सली घटनाओं से अधिकारी-कर्मचारी भी पलायन कर रहे हैं।

विधानसभा सत्र- हास्य परिहास- सत्र के दौरान हास परिहास का वक्त भी आया। एक-दूसरे के सवाल जवाब पर सदस्य मजा लेते दिखे। विधायक धर्मजीत सिंह ने पूछा कि असंगठित कर्मकार राज सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत हितग्राही का चयन कैसे होता है? ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उस पर चर्चा होगी- डॉ. रमन सिंह

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैंने सभी की बात सुनी है। इसी विषय पर ध्यानाकर्षण की सूचना सम्मिलित है उस पर चर्चा होगी। वहीं उन्होंने इस पर स्थगन प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया।

महादेव सट्टा ऐप के आरोपियों पर हो बुलडोजर कार्रवाई- रिकेश

विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में कहा पुलिस अधिकारियों सहित 20 हजार से ज्यादा लोग इसमें शामिल। विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन महादेव सट्टा एप का मामला जमकर गूंजा।

विधायक रिकेश सेन, राजेश मूणत ने महादेव सट्टा ऐप मामले में दोषियों पर कार्रवाई का मुद्दा उठाया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि जो भिलाई खेल और शिक्षाधानी के रूप में जाना जाता था, अब महादेव के रूप में पहचाना जाने लगा है। मेरा मूल प्रश्न यही है कि मेरे विधानसभा से बीस हजार से अधिक युवा इसमें संलिप्त हैं लेकिन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सदन में उठा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का मामला

विधानसभा सत्र के चौथे दिन सदन में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सदन में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का मामला उठाया। इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस सर्वे का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। केवल एक अंश का ही भौतिक सत्यापन कराया जा सका है। 47 हज़ार 90 लोग जो आवासविहीन थे केवल उन्हें ही इसका लाभ दिया गया है। आवास स्वीकृत किए गए हैं।

अजय चंद्राकर ने कहा केवल एक अंश का ही भौतिक सत्यापन क्यों कराया गया?

आगे अजय चंद्राकर ने कहा, एक महीने में जो सर्वे हो गया, क्या शासन ने उसे मान लिया है, क्या योजनाएं बनाई गई। पूरे सर्वे में केवल एक अंश का ही भौतिक सत्यापन क्यों कराया गया? इस सर्वे के आधार पर 47 लाख लोगों के घरों में शौचालय ही नहीं है। उज्ज्वला गैस की वेबसाइट पर 36 लाख का आँकड़ा है, लेकिन इस रिपोर्ट में केवल 18 लाख लोगों को ही हितग्राही बताया गया है। यदि इस सर्वे को सरकार नहीं मानती तो इसे अस्वीकार कर दें।

इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, सर्वे के नतीजे सबके सामने है। भौतिक सत्यापन के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। तब अजय चंद्राकर ने कहा, जो विभागीय आँकड़े वेबसाइट में दिखाया गया है क्या वो सही है? या सर्वे के आँकड़े सही है? तब उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, भौतिक सत्यापन पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

ओडिशा, आंध्र प्रदेश के समुदायों को एसटी का दर्जा देने विधेयक लोकसभा में पेश

नई दिल्ली (वार्ता)। ओडिशा में कुछ जनजातियों को अनुसूचित जाति (एससी) की श्रेणी से हटा कर अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने तथा आंध्र प्रदेश की तीन जनजातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने संबंधी संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 तथा संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर लोकसभा में गुरुवार को चर्चा शुरू हो गयी।

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने सदन में ये दोनों विधेयक पेश किये। ये दोनों विधेयक राज्यसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में जनजातीय विकास के लिए कई योजनाएं दस वर्षों में चल रहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते एवं विकसित होते भारत में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए विशेष रूप में काम किया जा रहा है।

इस पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के श्री सप्तगिरी शंकर उलाका ने कहा कि देश में 12 करोड़ आदिवासी हैं। उन्होंने विगत चार से पांच साल से जनजातीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केन्द्र सरकार तमिलनाडु की समस्याओं पर उदासीन: बालू

नयी दिल्ली (वार्ता)। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टीआर बालू ने केन्द्र सरकार पर तमिलनाडु की समस्याओं के प्रति उदासीन होने का आज आरोप लगाया। बालू ने गुरुवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से मिलने के बावजूद वहां की समस्याओं को दूर करने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाये नहीं जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के डॉ. कृष्ण पाल सिंह यादव ने गुना क्षेत्र में रेल लाइन बिछाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रेल सेवा मजबूत होने से क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहां की चन्देरी साड़ी बहुत मशहूर है, क्षेत्र में आवागमन की बेहतर व्यवस्था होने से इसे बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगलादेशी घुसपैठियों पर जताई चिंता

भाजपा के निशिकांत दुबे ने उनके निर्वाचन क्षेत्र गोड्डा में बंगलादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाते हुये कहा कि झारखंड में आदिवासी जनसंख्या 36 प्रतिशत से घटकर 26 फीसदी रह गयी है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर योजना लागू हो तो उनके क्षेत्र में इसे पहले लागू किया जाना चाहिये।

कश्मीर में बिगड़ा माहौल आतंकियों की टारगेट किलिंग

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में एक बार फिर माहौल बिगड़ गया। आज आतंकवादियों ने एक प्रवासी मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में एक अन्य घायल हो गया। जम्मू कश्मीर पुलिस ने मामले में जानकारी दी है कि मरने वाला शख्स अमृतपाल सिंह पंजाब के अमृतसर का रहने वाला था। हमले में घायलों के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। सूत्रों ने बताया कि अमृतपाल सिंह श्रीनगर में फेरीवाले का काम करता था।

चुनाव के दौरान पाकिस्तान में इंटरनेट बंद, नवाज आगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए मतदान जारी है। नेशनल असेंबली और चारों राज्यों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इस चुनाव में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ आगे चल रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ भी चमत्कार कर सकती है। आपको बता दें कि सुबह आठ बजे से वोटिंग जारी है। आज रात तक ही नतीजे आने की संभावना है।

आरबीआई एमपीसी : नहीं घटाया रेपो रेट ईएमआई कम होने का करना होगा इंतजार

- भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक, रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली/वार्ता। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 6 से 8 फरवरी तक आयोजित की गई थी। इसके बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इस बैठक के फैसलों की जानकारी दी। इस समय रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला किया गया। लगातार छठी बार रेपो रेट को में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। इसलिए कर्जदारों की ईएमआई अभी कम नहीं होगी। इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

गुरुवार को रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी कमेटी की बैठक हुई। इसके बाद दास ने इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरबीआई एमपीसी फैसले के बाद शेयर बाजार धड़ाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुरुवार को शेयर बाजार की स्थिति काफी कमजोर रही। गिरावट के साथ बाजार बंद हुआ। आरबीआई एमपीसी में लिए गए फैसलों के एलान के बाद बेंचमार्क इंडेक्स नीचे फिसल गए। आज गुरुवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 723.57 (1.00%) अंकों की गिरावट के साथ 71,428.43 के लेवल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी जन्म से ओबीसी नहीं : राहुल गांधी

- रायगढ़ की सभा में सांसद राहुल गांधी ने कहा करोड़ों का सूट पहनते हैं और खुद को गरीब, फकीर बताते हैं पीएम मोदी

रायगढ़/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी के ओबीसी जाति वाले बयान पर आपत्ति जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी जाति में नहीं बल्कि सामान्य वर्ग में पैदा हुए हैं। लेकिन राहुल गांधी ने दावा किया कि बीजेपी के लोग यह कहकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि पीएम का जन्म ओबीसी में हुआ है। राहुल गांधी ने कहा कि लोगों को धोखा दिया जा रहा है। नरेंद्र मोदी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वे जनगणना नहीं कराते हैं क्योंकि वे ओबीसी से नहीं

मैं जानता हूं कि वे ओबीसी नहीं हैं। वे जनगणना नहीं कराते हैं क्योंकि वे ओबीसी से नहीं हैं। मोदी जी करोड़ों का सूट पहनते है और खुद को गरीब, फक्कीर बताते है। उन्होंने कहा कि वह रोज सुबह-शाम नई ड्रेस पहनते हैं और खुद को ओबीसी बताते हैं। इसके अलावा मुझे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मैं यह जानता हूं। मोदी किसी किसान या मजदूर का हाथ नहीं पकड़ते। सिर्फ अडानी का हाथ थामते हैं। इसलिए वे अपने पूरे जीवन में जातिवार जनगणना नहीं कराएंगे। राहुल गांधी ने लोगों के सामने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ही जातिवार जनगणना करेंगे।

छत्तीसगढ़ पहुंची राहुल गांधी की न्याय यात्रा

रायगढ़/नवप्रदेश। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा आज छत्तीसगढ़ में प्रवेश हो गया है। रायगढ़ में आज रैली का बॉर्डर पर फ्लैग हैंड सेरेमनी से स्वागत किया जाएगा। आज रात्रि विश्राम दर्रामुडा में होगा। मिली जानकारी के अनुसार 9-10 फरवरी को राहुल गांधी के दिल्ली जाने की भी संभावना है।

चार सीटों से गुजरेगी यात्रा

देश में अभी लोकसभा चुनाव है और छत्तीसगढ़ की चार लोकसभा सीटों को कवर करने यात्रा कोराबा, रायगढ़, सरगुजा और जांजगीर से गुजरेगी। इन सभी चारों सीटों पर कब्जा करने की कवायद को लेकर प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने खास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राज्यसभा... राज्यसभा से 68 सदस्यों की विदाई समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया

अमृत काल में राष्ट्र समृद्धि में सहयोग दें, डॉ. मनमोहन सिंह से लें प्रेरणा : मोदी

नयी दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि देश अमृत काल में समृद्धि की नयी ऊंचाइयां छू रहा है और इसे समाज तक ले जाने में सभी को योगदान करना चाहिए। इस दौरान डॉ. मनमोहन सिंह की उन्होंने सराहना करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

पीएम मोदी ने सदन में सेवानिवृत हो रहे 68 सदस्यों की विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यसभा में प्रति दो वर्ष के बाद नए सदस्य आते हैं और पुराने विदा लेते हैं। यह सदन निरंतरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह सदन प्रति दो वर्ष के बाद नई ऊर्जा अर्जित करता है और अपने कार्यों का निर्वहन पूरा करता है।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री और सेवानिवृत हो रहे डॉ. मनमोहन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके जीवन से सभी सदस्यों को प्रेरणा लेनी चाहिए। एक सांसद के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्माण करते हुए उन्होंने न केवल संसदीय कार्यों को पूरा किया है बल्कि लोकतंत्र को भी मजबूती दी है।

मोदी ने कहा कि देश अमृत काल के दौर में है और देश समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सेवानिवृत हो रहे सदस्यों को इस समृद्धि को समाज के प्रत्येक तबके तक ले जाने में मदद करनी चाहिए। इन सदस्यों के पास अनमोल

निर्गुण व्यक्तियों के साथ रहने से दोष बढ़ते हैं

पीएम मोदी ने संस्कृत के एक श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि गुणी व्यक्तियों के साथ रहने से गुण बढ़ जाते हैं जबकि निर्गुण व्यक्तियों के साथ रहने से दोष बढ़ जाते हैं। नदियों का जल तभी तक पीने योग्य होता है जब तक वह बहता रहता है। इसलिए सदस्यों को निरंतर चलते रहने का प्रयास करना चाहिए समाज में अपना योगदान देते रहना चाहिए।

डॉ. मनमोहन की तारीफ पर मल्लिकार्जुन खुश

नई दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। कहा कि अच्छे कामों की तारीफ

और कमियों को उजागर करने का क्रम चलते रहना चाहिए। उच्च सदन से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को विदाई देते हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा पर भी चुटकी ली और उनके द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की सराहना किए जाने पर यह कहते हुए आश्चर्य जताया कि वह कभी किसी की तारीफ नहीं करते।

भारत और सऊदी अरब ने खोजे रक्षा सहयोग के नए मार्ग

नई दिल्ली। भारत और सऊदी अरब ने हाल ही में रियाद में चर्चा की, जहां दोनों देशों के मंत्रियों ने अपने द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के नए मार्गों की खोज की। भारत और सऊदी अरब हाल ही में अपने द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से चर्चा में शामिल हुए। रियाद में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद के बीच हुई इस वार्ता में सहयोग के कई प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया।

बेंगलुरु में संपत्ति विवाद में दो व्यापारियों की हत्या

बेंगलुरु। यहां के कुब्बनपेट इलाके में दो व्यापारियों की बीती रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय सुरेश और 68 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है। आरोपी की पहचान बेंगलुरु के मूल निवासी भद्रा के रूप में की गई है। अपराध को अंजाम देने के बाद उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना संपत्ति विवाद को लेकर हरि मार्केटिंग बिल्डिंग के परिसर में हुई।

शुरुआती जांच से पता चला है कि विवाद मुख्य सड़क पर स्थित चार मंजिली इमारत एक सामुदायिक संघ को सौंपने को लेकर हुआ था। मामला अदालत में लंबित था और आरोपी भद्रा इस मामले के बारे में बात करने के लिए पीड़ितों में से एक सुरेश के पास गया था। सुरेश से बात करते समय आरोपी ने उस पर चाकू से वार कर दिया। इस बीच, महेंद्र सुरेश को बचाने के लिए दौड़ा और भद्रा ने उसे भी चाकू मार दिया। हालांकि दोनों पीड़ितों ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भद्र ने हाथ में चाकू लेकर उनका पीछा किया और उन पर बार-बार वार कर हत्या कर दी।

हलासुरू गेट के पुलिस क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और डीसीपी (सेंट्रल) शेखर तेक्कन्नवर ने भी घटनास्थल का दौरा किया। डीसीपी शेखर ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि संपत्ति विवाद को लेकर दोहरा हत्याकांड हुआ है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी पीड़ितों का दूर का रिश्तेदार है।

भारतीयों को ईरान में मिलेगी बिना वीजा की एंट्री

तेहरान। ईरान ने पर्यटन और वैश्विक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय पर्यटकों के लिए वीजा आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया है। भारतीय साधारण पासपोर्ट धारक हर छह महीने में 15 दिनों तक यात्रा कर सकते हैं। भारत के बढ़ते आउटबाउंड पर्यटन बाजार को स्वीकार करते हुए यह कदम 33 देशों तक फैला हुआ है। साधारण पासपोर्ट वाले भारतीय पासपोर्ट धारक हर छह महीने में एक बार बिना वीज़ा के ईरान में प्रवेश कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

पाकिस्तान: विस्फोट में दो सुरक्षा कर्मियों की मौत, आठ घायल

इस्लामाबाद(वार्ता)। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए विस्फोट में दो सुरक्षा कर्मियों की जान चली गयी और अन्य आठ घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रांत के खारन जिले के लिज्जय इलाके के पास अर्धसैनिक बलों के एक वाहन पर निशाना बनाकर हमला किया गया। वाहन में सवार जवान आम चुनावों के लिए जिले के एक मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनाती के लिए जा रहे थे। हमले के बाद बचाव दल, पुलिस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। स्थानीय पुलिस ने कहा कि सड़क किनारे शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण लगाया गया था जिसे रिमोट कंट्रोल से विस्फोट किया गया था। इस हमले की किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

राजस्थान में भजनलाल सरकार ने विधानसभा में पेश किया अंतरिम बजट

जयपुर(वार्ता)। राजस्थान में भाजपा की भजन लाल सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में अपना पहला बजट पेश किया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने अंतरिम बजट पेश किया जिसमें वार्षिक वित्तीय अनुमान वर्ष 2024-25 में 67 हजार 240 करोड़ 48 लाख रुपए का राजकोषीय घाटा, 23 हजार 869 करोड़ 36 लाख रुपए का राजस्व घाटा, दो लाख 82 हजार 247 करोड़ 65 लाख रुपए राजस्व व्यय, दो लाख 58 हजार 378 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां तथा चार लाख 86 हजार 615 करोड़ 10 लाख रुपए का कुल व्यय बताया गया है। बजट में युवाओं को रोजगार देने के लिए 70 हजार पदों पर भर्तियां करने, पांच लाख से अधिक घरों पर सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य एवं प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली निःशुल्क, इंटर-स्टेट सहित जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा जैसे शहरों के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था, जल जीवन मिशन में 25 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल के लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपए व्यय करने, वंचित क्षेत्रों में महाविद्यालय, विद्यालय, चिकित्सालय, प्रशासनिक कार्यालय आदि की स्थापना एवं क्रमोन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान सहित कई घोषणाएं की गई हैं।

जेवर एयरपोर्ट इस साल हो जाएगा शुरू : ज्योतिरादित्य सिंधिया

नई दिल्ली(वार्ता)। सरकार ने लोकसभा में कहा कि देश में हवाई अड्डों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस साल के अंत तक प में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से भी विमानों का संचालन शुरू हो जाएगा। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 149 हो चुकी है और यात्रियों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। कोविड से पहले जहां 14.50 करोड़ यात्रियों ने हवाई सेवा का इस्तेमाल किया था वहीं इस साल ही अब तक 15 करोड़ 20 लाख से ज्यादा लोग हवाई सेवा का इस्तेमाल कर चुके हैं। यूपी में 2014 तक 6 हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या बढ़कर अब 10 हो गई है और इस साल के अंत तक जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ ही राज्य में कुल 16 हवाई अड्डों से विभिन्न क्षेत्रों के लिए उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

नवाज होंगे पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम

इस्लामाबाद(वार्ता)। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स और थिंक टैंक्स ने अनुमान जताया है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ2024 के आम चुनाव में चौथी बार देश की बागडोर संभालेंगे। श्री शरीफके फिर से पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम बनने का आकलन करने वाले विदेशी मीडिया आउटलेट्स में वाशिंगटन पोस्ट, ब्लूमबर्ग, सीएनएन, एपी, सूतनिक और टेलीग्राफशामिल हैं। वाशिंगटन पोस्ट लिखता है कि यह आश्चर्य की बात होगी कि गुरुवार को जब पाकिस्तानी आम चुनाव में हिस्सा लेंगे तो नवाज शरीफ सत्ता में नहीं आ सकेंगे। चौथी बार सत्ता में आने के बाद उनके पास उन आरोपों से खुद को मुक्त करने का मौका होगा जिनके कारण उन्हें 2017 में प्रधानमंत्री पद खोना पड़ा था। प्रधानमंत्री होने के नाते नवाज़ शरीफ़ को पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान के अस्थिर समर्थकों का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी टेलीविजन ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले हफ्ते कराची में पाकिस्तान के व्यापारिक अभिजात वर्ग की सभा में शामिल कई लोगों ने त्रिशंकु संसद और फिर कमजोर गठबंधन सरकार की भविष्यवाणी की थी, हालांकि ज्यादातर लोगों को उम्मीद है कि इसका नेतृत्व शरीफ़ या उनके भाई पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ करेंगे।सीएनएन का कहना है,÷ इमरान खान के लंबे समय से दुश्मन रहे नवाज शरीफही प्रचार में स्पष्ट रूप से सबसे आगे हैं।

एनडीए का कुनबा बढ़ाने में जुटी बीजेपी नीतीश के बाद टीडीपी और अकाली से बात

राजनीति- पीएम मोदी के नारे को हकीकत बनाने में उनकी पार्टी जुट गई है, क्षेत्रीय दलों से बात की जा रही है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संसद में 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया है। उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी को अकेले 370 से अधिक सीटें आएंगी और एनडीए के घटक दलों को मिलाकर यह आंकड़ा 400 के पार चला जाएगा। पीएम मोदी के इस नारे को हकीकत बनाने में उनकी पार्टी जुट गई है। क्षेत्रीय दलों से बात की जा रही है और उन्हें एनडीए में शामिल करने के लिए पहल की जा रही है। जेडीयू के साथ गठबंधन होने के बाद भाजपा ने टीडीपी और अकाली दल के साथ बातचीत शुरू कर दी है। वहीं, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी के साथ बातचीत में लगी हुई है।

आपको बता दें कि 2019 में एनडीए छोड़ने वाले टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू बुधवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की। इसके बाद आधी रात के आसपास गृह मंत्री अमित शाह के घर पहुंचे। यहां दोनों नेताओं के बीच आगामी राजनीति पर वार्ता हुई। ऐसा माना जाता है कि चंद्रबाबू नायडू से नाराजगी के साथ-साथ उनके प्रतिद्वंद्वी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से लगातार मिल रहे समर्थन के कारण बीजेपी अब तक टीडीपी के साथ दोस्ती को अंजाम तक नहीं पहुंचाया है।

पुराने साथी के संपर्क में

वहीं, बीजेपी अपने एक और पुराने साथी के संपर्क में है। अकाली दल को दोबारा एनडीए में शामिल कराने पर चर्चा जारी है। आपको बता दें कि अकाली दल ने कृषि बिलों के विरोध में एनडीए छोड़ दिया था। माना जाता है कि अकाली प्रमुख सुखबीर बादल ने पंजाब में गठबंधन के लिए भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ प्रारंभिक बातचीत की है। पंजाब में दोनों ही पार्टियां संघर्ष कर रही हैं।

अकाली अगर साथ आते हैं तो भाजपा को ऐसे लोगों का समर्थन मिलेगा, जिन्होंने सीमावर्ती राज्य में हिंदू-सिख दोस्ती को मजबूत करने के लिए गठबंधन को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने लिए अकाली और बीजेपी के गठबंधन की वकालत की है। दोनों को एक प्राकृतिक सहयोगी करार दिया है।

सूत्रों का कहना है कि दिवंगत जाट नेता चौधरी चरण सिंह के वंशज जयंत चौधरी के साथ बातचीत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। सूत्रों ने कहा कि औपचारिक घोषणा ही सिर्फ बाकी है। आरएलडी और बीजेपी के बीच सीटों की संख्या पर सहमति बन चुकी है। बस विशिष्ट सीटों पर मामला फंसा हुआ है।

राजनीतिक द्वंद्व- परिवार में दरार क्षेत्रीय दलों को वजूद बचाने की चुनौती

नई दिल्ली। देश में परिवार आधारित पार्टियां संकट में हैं। इनमें से कई दलों के सामने वजूद बचाने की भी चुनौती है। महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद एनसीपी को तगड़ा झटका लगा है। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी दो हिस्सों में बंट चुकी है और झारखंड में जेएमएम के सामने भी कई मुश्किलें हैं। यह संकट सिर्फ इन राज्यों तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कई सियासी परिवार भी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। एनसीपी में चल रही वर्चस्व की लड़ाई में परिवारवाद बड़ा मुद्दा है। ऐसा नहीं है कि एनसीपी में पहली बार बगावत हुई है। इससे पहले भी कई बार पार्टी नेता अलग हुए हैं पर परिवार के अंदर चल रही वर्चस्व की लड़ाई एनसीपी पर भारी पड़ी। हालांकि, सुप्रिया सुले कहती हैं कि कार्यकर्ता शरद पवार के साथ हैं और वह फिर से पार्टी का निर्माण करेंगे।

श्वेत पत्र के जवाब की तैयारी- अब मोदी सरकार के खिलाफ 'ब्लैकपेपर' पेश करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। यूपीए के 10 सालों के कार्यकाल पर मोदी सरकार ने श्वेत पत्र लाने का फैसला लिया है। इस बीच कांग्रेस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए एनडीए के 10 सालों के शासन पर ब्लैकपेपर लाने का फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से मोदी सरकार के 10 सालों के शासन पर ब्लैकपेपर पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस इस ब्लैकपेपर में 10 सालों में मोदी सरकार की ओर से की गई खामियों और आर्थिक मुश्किलों को गिनाया जाएगा, जिनका लोगों को सामना करना पड़ा है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि वे यूपीए सरकार के 10 सालों के शासन पर श्वेत पत्र पेश करेंगी। इसके जरिए मोदी सरकार यह बताना चाहती है कि यूपीए जब सत्ता से बाहर हुआ था तो देश की आर्थिक स्थिति कैसी थी। नरेंद्र मोदी सरकार लगातार यह दोहराती रही है कि यूपीए के 10 सालों के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हो गई थी और इसके चलते उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अब इसे लेकर दस्तावेज ही पेश करने की तैयारी है। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट के दौरान ही घोषणा की थी कि वह दोनों सदनों में व्हाइट पेपर पेश करेंगी।

पूरे देश की रेटिंग पर असर डालते हैं कर्जदार राज्य

नई दिल्ली। राज्यों के लिए ऋण लेने की सीमा निर्धारित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि राज्यों द्वारा अनियंत्रित उधार लेने से समूचे देश की 'क्रेडिट रेटिंग' और वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी। कर्ज सीमा तय करने के खिलाफ केरल की याचिका पर दाखिल जवाब में केंद्र ने यह भी कहा कि राज्य की राजकोषीय स्थिति में कई खामियां पाई गई हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष दाखिल हलफनामे में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने दलील दी कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन एक राष्ट्रीय मुद्दा है।

भारत और म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट खत्म :अमित शाह

नई दिल्ली। भारत सरकार देश की सुरक्षा को लेकर बेहद सजग नजर आ रही है। सरकार ने म्यांमार सीमा पर बाड़ बनाने के कुछ दिन बाद भारत और म्यांमार के बीच फ्री आवाजाही व्यवस्था को खत्म कर दिया है। देश की आंतरिक सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए म्यांमार की सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना पीएम मोदी का संकल्प है। गृह मंत्रालय ने फैसला लिया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमार की सीमा से लगे भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमार के बीच एफएमआर को खत्म कर दिया जाए। विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे समाप्त करने की प्रक्रिया में है, इसलिए गृह मंत्रालय ने एफएमआर को तत्काल ससपेंड करने की सिफारिश की है। सितंबर महीने में मणिपुर के सीएम ने गृह मंत्रालय से सिफारिश की थी कि अवैध रूप से घुसपैठ को रोकने के लिए एफएमआर को व्यवस्था को समाप्त करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा मामलों में वादियों की जाति, धर्म का न करें उल्लेख

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने रजिस्ट्री अधिकारियों से अदालत के उस हालिया आदेश का पालन करने को कहा जिसमें निर्देश दिया गया था कि वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा को बंद किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली पीठ ने 10 जनवरी को शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया। बुधवार को जारी एक परिपत्र में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत के निर्देशों के अनुपालन में रजिस्ट्री के सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आदेश का पालन करने का निर्देश दिया जाता है कि अब से अदालत के समक्ष दायर याचिका, कार्यवाही के पक्षों की अर्जियों में जाति या धर्म का उल्लेख नहीं किया जाएगा, भले ही निचली अदालतों के समक्ष ऐसा कोई विवरण प्रस्तुत किया गया हो। शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशनऔर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स आन-रिकार्ड एसोसिएशन जैसे बार निकायों के सदस्यों से निर्देशों का ध्यान रखने को कहा।

उपलब्धि की ओर रेलवे : दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा दौड़ेंगी ट्रेनें

नई दिल्ली। देश में पिछले कुछ सालों में एक के बाद एक वंदे भारत ट्रेनों को लॉन्च किया गया है। सरकार ने बुधवार को संसद को बताया है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर 82 तक पहुंच गई है। वहीं, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुशखबरी देते हुए कहा है कि नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर इन ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने पर काम चल रहा है। वंदे भारत ट्रेनों की सेवाओं के संबंध में 10 सांसदों द्वारा उठाए गए सवालों के लोकसभा में एक लिखित जवाब में, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 31 जनवरी, 2024 तक, 82 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं भारतीय रेलवे से जुड़कर चल रही हैं।'' उन्होंने कहा, इसके अलावा, ट्रेन सेवाओं को रोकने का प्रावधान और वंदे भारत सहित नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत, भारतीय रेलवे के यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता आदि के अधीन चल रही प्रक्रियाएं हैं। वंदे भारत ट्रेनों से राज्य-वार औसत आय सृजन पर पूछे गए सवालों पर मंत्री ने कहा, ट्रेन-वार और राज्य-वार उत्पन्न राजस्व का रखरखाव नहीं किया जाता है।

घुटनों पर हमास, नहीं मान रहे नेतन्याहू, इजरायल ने संघर्ष विराम की शर्तों को किया खारिज

तेल अवीव। हमास की गुजारिश के बावजूद इजरायल ने संघर्ष विराम से साफ इनकार कर दिया है। इजरायल का कहना है कि जल्द ही गाजा में जीत अब उसकी मुट्ठी में है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को संघर्ष विराम और बंधकों को छोड़ने संबंधी समझौते के लिए हमास की शर्तों को खारिज कर दिया। उन्होंने शर्तों को ''भ्रामक'' बताया और कहा कि गाजा पर हमास के नियंत्रण को समाप्त करने तक युद्ध जारी रहेगा। उन्होंने ''पूर्ण विजय'' प्राप्त होने तक हमास के खिलाफ युद्ध लड़ने का संकल्प जताया। नेतन्याहू ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात के तुरंत बाद यह टिप्पणी की। ब्लिंकन संघर्ष विराम समझौते की उम्मीद में क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं। नेतन्याहू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमास की भ्रामक मांगों के सामने आत्मसमर्पण करने से बंधकों को मुक्त नहीं कराया जा सकेगा, बल्कि यह एक और नरसंहार को आमंत्रित करेगा।''

कर्नाटक में हुक्का पर प्रतिबंध

बेंगलुरू। कर्नाटक सरकार ने पूरे राज्य में हुक्का पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और युवाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वे 2016-17 का डाटा जारी किया था। इसी के आधार पर कर्नाटक सरकार ने हुक्का पर बैन लगाने का फैसला किया है।

तमिलनाडु के 19 मछुआरे हिरासत में

कोलंबो। श्रीलंकाई सेना ने तमिलनाडु के 19 मछुआरों को हिरासत में लिया है। ये मछुआरे रामेश्वरम के निवासी हैं, जो समुद्र में डेल्फ्ट आइलैंड के नजदीक मछलियां पकड़ रहे थे। श्रीलंकाई नौसेना ने दो नौकाएं भी जब्त कर ली हैं। यह दूसरी घटना है, जब श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा है। बीते हफ्ते भी तमिलनाडु के कई मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था।

अपराध — भारतीयों से जबरन वसूली कांड में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है

भारत को बदनाम करना चाहता था कनाडा

टोरंटो। भारतीयों से जबरन वसूली के मामले में कनाडा सरकार जांच कर रही है। इस सिलसिले में अभी तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई अधिकारियों ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रेटर टोरंटो एरिया में भारत-कनाडाई व्यवसायों को निशाना बनाकर कथित जबरन वसूली के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कनाडा पुलिस इन लोगों के भारत से जुड़े होने के एंगल से जांच कर रही थी। पुलिस ने हालांकि कहा कि उन्होंने अभी तक इन मामलों में भारत से संबंध की पुष्टि नहीं की है।

बुधवार को ब्रैम्पटन शहर में मीडिया से बात करते हुए, पुलिस अधीक्षक शेली थॉम्पसन ने कहा, हम अभी भी यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इसका भारत से कोई संबंध है। अभी, हमारे पास जो जानकारी है और जिस पर हम काम कर रहे हैं उसके हिसाब से कह सकते हैं कि इसका भारत के साथ कोई संबंध नहीं है।

शेली थॉम्पसन पील क्षेत्रीय पुलिस के 23 सदस्यीय ईआईटीएफ का नेतृत्व कर रही हैं। गौरतलब है कि 2023 के अंत में जीटीए और अल्बर्टा की राजधानी एडमोंटन और ब्रिटिश कोलंबिया में जबरन वसूली के कई प्रयास हुए थे। इसको लेकर पुलिस ने संकेत दिया था कि इसके पीछे भारत स्थित संगठनों से हाथ हो सकता है। पुलिस को इस जबरन वसूली कांड के लिए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह पर संदेह था। हालांकि, पुलिस द्वारा की गई अब तक की जांच में अभी तक कोई ऐसे सबूत सामने नहीं आए हैं।

पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में ब्रैम्पटन निवासी गगन अजीत सिंह, मिसिसॉगा का 23 वर्षीय अनमोलदीप सिंह ब्रैम्पटन का 25 वर्षीय हशमीत कौर, ब्रैम्पटन का 21 इयमनजोत कौर और 39 वर्षीय अरुणदीप थिंड शामिल हैं। अरुणदीप थिंड के पते के बारे में पुलिस को अभी जानकारी नहीं मिली है। इन पर जबरन वसूली को लेकर कई दफाओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एनआईए ने हैदराबाद में कई ठिकानों पर की छापेमारी

तेलंगाना। एनआईए ने गुरुवार को हैदराबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी हैदराबाद एलबी नगर और हिमायतनगर समेत कई अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए की ये छापेमारी कथित माओवादी संबंधों के शक में हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता और कवि पी वरावरा राव के दामाद वेणुगोपाल के आवास पर भी छापेमारी हुई है। भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में पी वरावरा राव आरोपी हैं और फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं।

■ न्यूज गैलरी

यातायात व्यवस्थित करने सड़क किनारे खड़े कण्डम वाहनें जप्त की जा रही

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्रातंर्गत यातायात व्यवस्थित करने के लिए यातायात विभाग से समन्वय स्थापित कर मुख्य मार्गो के किनारे रखे कण्डम वाहनों को जब्त किये जाने का अभियान चालाया जा रहा है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 07 के अमल` द्वारा आमानाका ब्रिज के नीचे रखें 02 कण्डम वाहनों को यातायात पुलिस से समन्वय स्थापित कर जब्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रं. 06 अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संतोषी नगर व मठपुरैना क्षेत्र में सर्विस रोड़ के किनारे खड़े कुल 06 कण्डम वाहनों को जब्त किया गया। शहर के सभी मुख्य मार्गो में यह कार्यवाही निरंतर जारी रखने हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा सभी जोन के प्रभारियों को निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में सेन्ट्रल टीम के द्वारा 16, जोन क्रमांक 01 के द्वारा 09, जोन क्रमांक 02 के द्वारा 07, जोन क्रमांक 04 के द्वारा 04 कण्डम वाहनों को जब्त किये जाने हेतु चिन्हित किया गया है। जिसे यातायात पुलिस से समन्वय स्थापित कर जब्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

महतारी वंदन योजना में 1 लाख 1 हजार 461 आवेदन हुए प्राप्त

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के फॉर्म वितरण के तीसरे दिन भी महिलाओं में उत्साह दिखा। कालीबाड़ी नेहरू नगर की निवासी श्रीमती नम्रता सागर बताती हैं कि यह योजना बहुत अच्छी है और उनके पति की मासिक आय 7 से 8 हजार रूपये है जिससे घर खर्च चल जाता है, पर बचत नही हो पाती थी। इस राशि से अब हम बचत भी कर पाएंगे। इसी प्रकार श्रीमती अफरोज परवीन ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस उम्र में जो हमे इस योजना के माध्यम से हर महीने 1 हजार रूपये की राशि मिलेगी, उससे बहुल सहयोग मिलेगा।

महिला एवं बाल विकास विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निशा मिश्रा ने बताया ने बताया कि अब तक जिले मे 1 लाख 1 हजार 461 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज 07 फरवरी को 58 हजार 335 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें रायपुर शहरी 01 से 2 हजार 566, रायपुर शहरी 02 से 7 हजार 429, धरसींवा 01 से 12 हजार 329, धरसींवा 02 से 5 हजार 997, मंदिर हसौद से 5 हजार 339, आरंग से 8 हजार 357, अभनपुर से 10 हजार 261 और तिल्दा से 6 हजार 57 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही अबतक 3 हजार 950 आवेदन अपलोड किए गए हैं।

18 से 45 वर्ष के युवाओं को लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में मुख्यमंत्री कौशल योजना के तहत जिले में 18 से 45 वर्ष के युवाओं को अल्प अवधि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी अवधि 3 से 4 माह की होगी। इसके अंतर्गत सोलर पम्प टेक्निशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, रिटेल सेल्स एसोसियेट, सेल्फ इम्प्लायड टेलर, माइक्रो इरिगेशन टेक्निशियन, डोमेस्टिक आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कम्प्यूटर स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें न्यूनतम योग्यता आठवीं एवं दसवीं कक्षा उत्तीर्ण है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के इस नम्बर पर 0771-2443066 एवं 9109321845, 9399791163 पर संपर्क कर सकते हैं।

अडाणी को फायदा पहुंचाने कोयला परिवहन नीति बदली : कांग्रेस



रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार द्वारा कोल परिवहन की अनुमति फिर से ऑनलाइन किये जाने को कांग्रेस ने अडानी को फायदा देने वाली नीति बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार केंद्र के रिमोट से संचालित है, अब फिर से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करके कोल परिवहन में छत्तीसगढ़ के हिस्से की राशि के लिए पूरी तरह से केंद्र के नियंत्रण पर आश्रित व्यवस्था लागू कर दी गई है। खनिज संसाधन छत्तीसगढ़ और नियंत्रण मोदी, शाह, अडानी का? यह है साय सरकार की नीति। दरअसल भाजपा का रवैया छत्तीसगढ़ के आर्थिक हितों के खिलाफ है। कोल की रायल्टी के पेनल्टी का छत्तीसगढ़ के हक का बकाया 4140 करोड़ वर्षों से केंद्र की मोदी सरकार के पास लंबित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केवल कोल परमिट की व्यवस्था ऑनलाइन कर देना पारदर्शिता की गारंटी नहीं हो सकती है, पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने तो ऑनलाइन टेंडरिंग में भी 6000 करोड़ का घोटाला किया था, जिस कंप्यूटर से निविदा निकाली गई थी उन्हीं कंप्यूटर से निवेदन जमा भी कर दी गई थी। कोल परिवहन में ऑनलाइन परमिट संग्रहित राशि सीधे केंद्र के पास जाता था, राज्य का हिस्सा मिलने में अनावश्यक विलंब होता था।

एलईडी वैन से लोगों को मिलेगी शासकीय योजनाओं की जानकारी

■ फायदा उठाने के तरीके-प्रक्रिया भी बतायी जाएगी

■ कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने एलईडी वैन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों को बताने और उनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सुसज्जित एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टोरेट परिसर से रवाना की गई इस एलईडी स्क्रीन वैन को जनसम्पर्क विभाग ने तैयार कराया है। यह वैन अगले एक महीनें तक रायपुर जिले की एक सौ से अधिक ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं से रूबरू कराएगी। इस एलईडी वैन पर हमने बनाया, हम ही संवारेंगे और मोदी की गारंटी (प्रधानमंत्री) तथा विष्णु का सुशासन (मुख्यमंत्री) स्लोगन के साथ महतारी वंदन योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप सहित अन्य विभागों के ज़िला अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

यह एलईडी वैन छोटे ट्रक पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर बनाई गई है। एलईडी स्क्रीन वैन की एलईडी वैन की स्क्रीन लगभग 5 फीट तक उपर उठ सकती है। एलईडी में प्रदर्शित शासकीय योजनाओं के वीडियो दिन में सूर्य के

प्रकाश में भी स्पष्ट दिखाई देंगे। इसके साथ ही एलईडी के ऑडियो सिस्टम से लोगों को प्रदर्शित योजनाओं की पूरी जानकारी ग्राम पंचायत या हाट-बाजार में ही मिल जायेगी। पूरा एलईडी सिस्टम वैन में स्थापित जनरेटर के माध्यम से लगातार संचालित रहेगा।

यह एलईडी वैन एक माह तक तय रूट चार्ट अनुसार ज़िले के सभी ब्लॉकों की तक़रीबन 100 ग्राम पंचायतों-हॉट बाज़ारों में जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार करेगी। वैन हर दिन लगभग 4 ग्राम पंचायतों में जाएगी। वैन में चालक-ऑपरेटर सहित कुछ लोग साथ रहेंगे, जो लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे लेने के बारे में भी बताएंगे। यह वैन ग्रामीण इलाकों में जाकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चिन्हित करने में भी मदद करेगी।

सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एलईडी वैन से प्रारंभ किया गया है। यह वैन जिले के सभी विकास खंडों और गांवों में जाकर फिल्म के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ भी उठा सकें। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और शासन की योजनाओं की जानकारी एक ही जगह मिलेगी।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने लोगों से शासकीय योजनाओं को समझ कर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस मोबाइल स्क्रीन वैन के माध्यम से राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे रुपये 3100 प्रति क्विंटल की दर से किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की ख़रीदी, 3716 करोड़ रुपये 13 लाख किसानों को मिला 2 वर्ष का बकाया धान का बोनस, तेंदूपत्ता संग्रहण बड़े दाम, तेंदूपत्ता पारिश्रमिक रुपये 4000 से बढ़ाकर रुपये 5500, रामलला दर्शन योजन के तहत छत्तीसगढ़ के तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन आदि को छोटी-छोटी फिल्मों के माध्यम से बताया जाएगा।

शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में हुई छह दिवसीय शोध कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर में 5 फरवरी से 6 दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में शोध व्यक्ति के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. डी. एन. सनसनवाल के द्वारा महाविद्यालय के एम. एड. के प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्यक्रम के दौरान किए जाने वाले लघु शोध के संबंध में विस्तृत ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। डॉ. सनसनवाल द्वारा कार्यशाला के प्रथम दिवस, शोध में समस्या के चयन, परिभाषीकरण, विभिन्न चरों का प्रकार व उपयोग से प्रशिक्षणार्थियों को परिचित कराया गया व द्वितीय व तृतीय दिवस में शोध कथन व उद्देश्य लेखन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया तथा चतुर्थ

दिवस परिकल्पना निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था की प्राचार्य पुष्पा किस्पोट्टा के मार्गदर्शन व शोध कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एम. विजयलक्ष्मी के निर्देशन में जारी कार्यशाला में डॉ. किस्पोट्टा ने अपने उद्बोधन में डॉ. सनसनवाल के द्वारा पूर्व में आयोजित विभिन्न कार्यशाला के बारें में उल्लेख करते हुए इसे प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। डॉ. विजयलक्ष्मी ने उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में शोध का इनसाइक्लोपीडिया बताया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके किए गए कार्यों से सभी को परिचित कराया। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक सदस्य एम.एड. प्रभारी डॉ. अर्चना वर्मा, मंजूषा तिवारी, धारा बेन, स्वीटी चन्द्राकर एवं एस.सी.ई.आर.टी. के अकादमिक सदस्यों की भी उपस्थिति रही।

अयोध्या से लौटे बस्तर के जनजाति रामभक्तों का तिलक से स्वागत

■ श्रीराम जन्मभूमि के अनुभवों को बताकर श्रद्धा से हुए भावविभोर

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के दर्शन करके लौटे छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर से जनजाति रामभक्तों का वनवासी विकास समिति ने भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में बस्तर से अयोध्या गए जनजाति रामभक्तों ने अपने अनुभव सबके साथ साझा किए। उन्होंने अपने अनुभवों को बताते हुए कहा कि, ÷हम बहुत आनंदित है कि, श्रीरामलला के दर्शन करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ। हमने अपने जीवन में ऐसा सोचा नहीं

था कि, प्रत्यक्ष अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम जी के दर्शन कभी हम कर पाएंगे। हमारा जीवन धन्य हो गया।

जनजाति श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव बताते हुए आगे कहा - ÷राम हमारे है और हम राम के है। अयोध्या जाकर हमें ऐसा लगा कि, हमें श्रीरामलला ने बुलाया है, हम अपने श्रीराम जी के घर ही आये हैं। टीवी पर बहुत देखते थे। उसे प्रत्यक्ष देखने का जीवन के सुखद आनंद का अनुभव हुआ।।

प्रधानमंत्री जनमन योजना : सभी लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

■ आदिम जाति विभाग के सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय योजनाओं की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास विभाग के सचिव श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने प्रदेश स्तरीय विभागीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर प्राथमिकता के साथ प्रधानमंत्री जनमन योजना को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूरी तन्मयता से कार्य करें। मोबाइल एप सर्वे के आंकड़ों को अपडेट किया जाए। प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों (पीवीटीजी) बसाहट के आस-

पास शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों ने बताया कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत त्वरित रूप से पूर्ण किए जा सकने वाले लगभग 50 प्रतिशत लक्ष्यों को अब तक पूरा कर लिया गया है। शेष लक्ष्यों को पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही इन्हें प्राप्त कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन योजना के तहत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। इन गतिविधियों में पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल, समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्द्धन हेतु कौशल विकास शामिल है।

सचिव श्री दुग्गा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों एवं उनकी बसाहटों का संपूर्ण विकास करना ही इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। इन सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन मिशन मोड में तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण कर सभी बसाहटों को आवश्यकता के अनुरूप अधोसरंचनात्मक रूप से सुदृढ़ बनाना है। इसे संपन्न करने हेतु सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के सहायक आयुक्त, परियोजना प्रशासक एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने की कृषि सहित कई विभागों की समीक्षा

■ पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अवश्य मिले-कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज कृषि एवं संबधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों का अवश्य देवें। पात्र किसानों जिन्होंने आवेदन दिया है यदि उनमें से जिन्हें इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन किसानों का विकासखंड वार सूची बनाए। आर.ए.इ.ओ. फील्ड में जाकर ऐसे किसानों से संपर्क करें, अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलवायें।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल किसान 01 लाख 65 हजार 686 है जिसमें से 01 लाख 44 हजार 486 पंजीकृत है, इनमें से 01 लाख 26 हजार 22 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से एक लाख 23 हजार 199 को इसका लाभ मिल रहा है। डॉ. गौरव सिंह ने यह भी कहा कि इस योजना के नेशनल पोर्टल में डाटा अपडेट रहे। इसके लिए पत्र भी लिखा जाए, ताकि सटीक स्थिति की जानकारी हो। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी, लेंड सीडिंग और आधार सीडिंग की लंबित स्थिति का जल्द निराकरण करें।

किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिलें में एक लाख 59 हजार 501 केसीसी बनाए गए है। जिसमें से वर्ष 2022-23 में कुल एक लाख 56 हजार 131 और वर्ष 2023-24 में अब तक 3379 केसीसी बनाए गए है। उन्होंने जानकारी दी इनमें 69 हजार 305 केसीसी निष्क्रिय है। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों से इसका कारण पूछा और कहा कि इसका सर्वे कराकर वास्तविक कारण पता करें। गांव में कितने परिवार है जिन्हे केसीसी देना है उनकी स्पष्ट सूची बनाए और निष्क्रिय केसीसी कार्ड को सक्रिय करने के लिए किसानों को प्रेरित करें।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में वित्तीय वर्ष 2022 में जिन किसानों ने प्रीमियम दिया और उन्होंने यदि इसका क्लेम किया है तो उसका अवश्य भुगतान करें। किसानों को क्लेम की राशि न मिलने की शिकायत होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट के तहत जितने मृदा के नमूने विश्लेषण के लिए आये है, उसका जल्द परीक्षण कर स्वायल हेल्थ कार्ड जारी करें।

43 लाख 83 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

■ खाद्य विभाग एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 07 फरवरी की स्थिति में 43 लाख 83 हजार 497 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले स्थान पर बालोद जिला में कुल 2 लाख 21 हजार 809 हितग्राहियों में से 1 लाख 70 हजार 872 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है। इसी प्रकार पर द्वितीय स्थान पर कांकेर जिले में कुल 1 लाख 87 हजार 999 हितग्राहियों में से 1 लाख 35 हजार 725 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है और तीसरे स्थान पर धमतरी जिले में कुल 2 लाख 42 हजार 320 हितग्राहियों में से 1 लाख 73 हजार 413 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है।

प्लाज्मा पेन यूके पर डॉ. मान्या ठाकुर ने दिया व्याख्यान

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के ईएनटी(कान नाक गला) एवं एचएनएस की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर को विगत दिनों रिकॉन में नॉन सर्जिकल और सर्जिकल सौंदर्यशास्त्र पर सत्र का संचालन करने का अवसर मिला। रिकॉन इंस्टीट्यूट दिल्ली में बोटोक्स फिलर्स पर 2 घंटे की लाइव प्रदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई थी। डॉ. मान्या ने वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता की और नॉन सर्जिकल फेशियल रिजुवेनेशन टूल के रूप में प्लाज्मा पेन यूके पर मुख्य व्याख्यान दिया। इसके साथ ही ईएनटी में चेहरे के सौंदर्यशास्त्र को शामिल करने पर भी व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जो चीज मुझे वास्तव में क्लाउड 9 पर ले गई वह दुनिया भर के दिग्गजों से मिलना और उन्हें अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान साझा करते हुए देखना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारत के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और संसद सदस्य विवेक तन्खा थे। उन्होंने डॉ. मान्या के व्याख्यान की सराहना की।

सर्वेक्षण आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की तर्ज पर हर माह अब रायपुर के सभी वार्डों की भी होगी रैंकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगरीय निकायों की राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के अनुरूप अब हर माह रायपुर नगर निगम के सभी वार्ड की भी स्वच्छता रैंकिंग होगी। इस हेतु गठित ज्यूरी में व्यापारी संगठनों, एनजीओ, शिक्षण संस्थाओं, अस्पताल प्रबंधन आदि के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। नगर निगम प्रत्येक माह की 10 तारीख को यह रैंकिंग जारी की जाएगी एवं साल के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन वार्डों को नगर स्तरीय आयोजन में सम्मानित किया जाएगा।

रायपुर नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक

करने विविध कार्य योजनाओं के तहत निरंतर कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग की योजना तैयार कर 10 फरवरी तक पंजीयन हेतु बिल्डर्स व रेसिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी को प्रेरित किया जा रहा है। अब तक 60 कॉलोनियों ने इस स्वच्छता रैंकिंग व क्लीन ग्रीन अवार्ड के लिए स्वयं को पंजीकृत भी करा लिया है। इस हेतु शेष कॉलोनियों से कहा गया है कि नगर निगम की वेबसाइट की लिंकः httpsÑ// nagarnigamraipur.nic.in पर जाकर क्लीन ग्रीन अवार्ड हेतु अपना पंजीयन 10 फरवरी से पहले करा लें।

इसी तर्ज पर शहरी आवासन एवं कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने एक दिशा-निर्देश जारी कर अब वार्डवार स्वच्छता रैंकिंग निर्धारित करने के लिए कहा है। वार्ड की स्वच्छता के लिए ज्यूरी का गठन होगा एवं यह ज्यूरी नगर निगम को अपना प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 5 तारीख को नगर निगम को सौंपेगी, जिस आधार पर 10 तारीख को सर्वश्रेष्ठ तीन वार्डों की सूची जारी होगी। स्वच्छता हेतु जागरूक वार्ड और वहां की व्यवस्था की निरंतरता के आधार पर वार्षिक रैंकिंग निर्धारित होगी एवं श्रेष्ठतम वार्ड को शहर स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

शहर के समस्त वार्डों की विशेष साफ सफाई सफाई अभियान के तहत दस बिंदुओं पर में इनकी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।

संपादकीय

पूरे देश में लागू होनी चाहिए समान नागरिक संहिता

भारत के एक छोटे से राज्य उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू करने का फैसला कर लिया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए पिछले साल ही सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञों की समिति का गठन किया था और इसके लिए अधिसूचना जारी की गई थी। उक्त कमेटी ने 20 लाख से अधिक लोगों के सुझाव पर गौर करने के बाद सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। जिस पर विचार करने के बाद पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने उत्तराखंड़ विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश कर दिया है। इस पर चर्चा जारी है। यदि यह विधेयक पारित हो जाता है तो उत्तराखंड देश का ऐसा पहला प्रदेश बन जाएगा। जहां आजादी के बाद पहली बार समान नागरिक संहिता लागू होगी। वैसे आजादी के पहले से ही गोवा में यह लागू है। भारत में भी आजादी के बाद से समान नागरिक संहिता लागू करने की कवायद की गई थी। संविधान सभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसके पक्ष में दमदार तरीके से दलीलें पेश की थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू भी इसके पक्ष में थे। लेकिन मुस्लिम नेताओं के विरोध के चलते यह कानून नहीं बन पाया। जबकि संविधान के अनुच्छेद 44 में इसका उल्लेख है और संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में भी यह शामिल हैं। पड़ौसी देश पाकिस्तान, बंगलादेश, फ्रांस, रूस, इजराइल और जापान सहित दुनिया के कई देशों में समान नागरिक संहिता लागू है। लेकिन भारत में आजादी के सात दशकों के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्रों में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। लेकिन दस साल के कार्यकाल के बाद भी केन्द्र की भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने इस चुनावी वादे को अमलीजामा नहीं पहना पायी। बहरहाल भाजपा शासित उत्तराखंड़ सरकार ने इस दिशा में कारगर पहल की है। उसकी देखा देखी राजस्थान की भाजपा सरकार ने भी वहां समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भी सही समय पर इसे लागू करने की बात कही जा रही है। निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इसे लागू करने की घोषणा हो सकती है। बेहतर तो यह होता की किस्तों में इसे लागू करने की जगह केन्द्र सरकार पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए संसद में विधेयक लाती। किन्तु अब तो संसद का आखिरी सत्र भी समाप्त हो रहा है। ऐसे में संसद में यह विधेयक लाना अब तो संभव नहीं दिखता यदि एनडीए की तीसरी बार फिर से सरकार बनती है तो हो सकता है कि संसद में यह विधेयक आए और पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू होने का रास्ता खुले यह विडंबना है कि देश में एक समान आपराधिक संहिता तो लागू है। लेकिन समान नागरिक संहिता आज भी ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। भारत एक धर्म निरपेक्ष लोकतांत्रिक देश है। इसलिए यहां इसकी आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। देश के विभिन्न राज्यों के हाई कोर्ट और यहां तक की सुप्रीम कोर्ट ने भी समय- समय पर समान नागरिक संहिता लागू करने की जरूरत पर जोर दिया है क्योंकि हर जाति, धर्म, संप्रदाय और वर्ग के लिए पूरे देश में एक नियम होना चाहिए। लेकिन यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इस दिशा में कारगर पहल नहीं की गई है। सिर्फ एक धर्म विशेष के विरोध के कारण समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केन्द्र सरकारें दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देने से हिचकिचाती रही हैं। बहरहाल अब उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल की है। जो यदि सफल होती है तो यह उम्मीद बंधेगी की केन्द्र में बनने वाली अगली सरकार पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में उचित कदम जरूर उठाएगी।

हरदा हादसा : अब जो होगा, वह भी लोगों को है पता

कीर्ति राणा

मध्यप्रदेश के हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गई, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा जा ही रहे हैं... ऐसा ही कुछ निर्णय लेकर अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखा सकते हैं!

हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।

वहां के कलेक्टर के आदेश का तत्कालीन (अब इंदौर) संभागायुक्त माल सिंह भायड़िया द्वारा भी शत-प्रतिशत पालन के निर्देश दिए गए होते तो फैक्ट्री बंद रहती, ऐसा नहीं हुआ तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं!

मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही विस्फोट में हो चुकी है।

इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं... लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए! अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है... गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा।

कलेक्टर, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही... सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके... इन जनप्रतिनिधियों या इनके पट्ठों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था?

ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा? पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व मुख्यमंत्री के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में ठसक दिखाने वाले हरदा-बैतूल के जनप्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है।

सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं-अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए। हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायड़िया से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया?

विस्फोट पीड़ित लोगों के आंसू बयां कर रहे हैं कि शिकायत करते रहने के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। ऐसी क्या मजबूरी थी कि ट्रकों से बारुद आता रहा और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने दिखाने के बजाय मैत्री-भाव दर्शाता रहा और जिला प्रशासन की आंखों पर भी पोलिटिकल प्रेशर की पट्टी बंधी रही। हरदा हादसे का कारण बने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि बाकी जिलों के अधिकारियों को भी समझ आ जाए कि बदले हुए निजाम में अब ढील-पोल नहीं चलेगी।

प्रतिरोध की क्रांति का सूत्रधार ही सत्ता का मुखबिर निकला!

श्रवण गर्ग

नीतीश ने क्षण भर के लिए भी नहीं विचार किया कि निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए की जा रही राजनीतिक आत्महत्या का उनकी ही पार्टी के सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के भविष्य और मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ेगा ! इसमें दो मत नहीं कि नीतीश की अगुवाई में सत्ता की राजनीति का सबसे क्रूर चेहरा प्रकट हुआ है। जो व्यक्ति किसी समय दिल्ली की सत्ता को बदलने का सूत्रधार बनना चाहता था वही बीच रास्ते मुखबिर साबित हुआ। नीतीश का आत्मघाती कदम देश को किसी अंधेरी सुरंग में प्रवेश कराने से पहले का ऐसा कांड है जिसका समापन लोकतंत्र के राम के राज्याभिषेक से नहीं बल्कि उनके अनिश्चितकाल के लिए अधिनायकवादी बनवास से हो सकता है। जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर इस समय जहां भी होंगे बेचैनी से करवटें बदल रहे होंगे।

प्रधानमंत्री द्वारा सात फ़रवरी को राज्यसभा में विपक्ष के ख़िलाफ़ दिए गए धुआँधार भाषण के तुरंत बाद एक मुस्कुराते नीतीश कुमार की उनके साथ हुई मुलाक़ात की तस्वीरें मीडिया में जारी कर दी गईं। पटना में विपक्षी गठबंधन को धता बताने के बाद नीतीश की यह पहली दिल्ली यात्रा थी। चित्रों में दिखाए गए नीतीश के पहनावे और चेहरे की प्रसन्नता से नज़र आ रहा था जैसे उन्हें कुछ ऐसा प्राप्त हो गया है जिसकी सालों से उम्मीद थी। नीतीश ने जबअगस्त 2022 में भाजपा का साथ छोड़ कर तेजस्वी के साथ फेरे लिए थे तब उनके उपमुख्यमंत्री रहे भाजपा के सुशील मोदी ने कारण यह बताया था कि उनकी पार्टी ने उपराष्ट्रपति का पद देने की नीतीश की माँग ठुकरा दी थी। सुशील मोदी गंभीर क़िस्म के नेता हैं ,नीतीश जितने चतुर नहीं हैं फिर भी उनके कहे पर ज़्यादा यक़ीन नहीं किया गया।

नीतीश दो साल बाद मूल 'परिवार' में पुनः लौट आए पर सुशील मोदी ने इस बार ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की कि जद(यू) नेता की पुरानी माँग इस बार मान ली गई है ! भाजपा नेता ने सिर्फ़ इतना किया (होगा) कि नीतीश का उपमुख्यमंत्री बनने से इंकार कर दिया और कथित 'सुशासन बाबू' की सुशील मोदी के रूप में तेजस्वी की तरह की कोई आत्मा प्राप्त करने की मंशा अधूरी रह गई। यह ज़रूर हुआ कि भाजपा ने नीतीश को दहेज में एक के मुक़ाबले दो उपमुख्यमंत्री दे दिये जिनमें एक सम्राट चौधरी हैं। नये 'नातरे' के बाद नीतीश कुमार ने घोषणा कर दी कि वे अब कहीं नहीं जाएँगे।

जानकारों का कहना है कि नीतीश अगर कहीं जाना चाहें तो भी उनके पास कोई घर नहीं बचा है। उनके जाने के लिए कोई नई पार्टी बनाना पड़ेगी। नीतीश अपने लंबे राजनीतिक जीवन में लगभग सभी पार्टियों को निपटा चुके हैं। हाल के घटनाक्रम से इतना ज़रूर हुआ कि नीतीश बिहार के इतिहास में लगभग अमर हो गए।

बिहार में पुलों के अचानक से टूट जाने के अज्ञात कारणों की तरह ही नीतीश भी आने वाले सालों तक एक रहस्यमय व्यक्तित्व बने रहेंगे। 1974 के बिहार छात्र आंदोलन के हीरो लालू यादव के व्यक्तित्व के विपरीत आने वाली पीढ़ियाँ कठिनाई से यक़ीन कर पाएंगी कि नीतीश कुमार जैसे किसी हाड़-मांस के व्यक्ति ने भी जेपी के आंदोलन में भाग लिया होगा। इस बार रहस्य से परदा सुशील मोदी के बजाय नरेंद्र मोदी को उठाना पड़ेगा कि नीतीश के भाजपा के साथ पुनर्विवाह के पीछे क्या कारण रहा होगा !

बिहार की जड़ों से जुड़े लोग दावे से कहते हैं कि मुख्यमंत्री के पद पर लंबे समय रहकर मोदी के रिकॉर्ड से बराबरी करने वाले नीतीश की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएँ प्रधानमंत्री से कम नहीं रहीं। दोनों के बीच उम्र का फ़र्क़ भी ज़्यादा नहीं है। नीतीश प्रधानमंत्री से सिर्फ़ छह महीने छोटे हैं। यह बात अलग है कि दिखने में वे प्रधानमंत्री से छह साल बड़े नज़र आते हैं। इसका एक कारण गुजरात और बिहार के बीच संपन्नता का फ़र्क़ भी हो सकता है।

दो साल पहले लालू यादव की पार्टी का पल्ला पकड़ने के बाद जब नीतीश से सवाल किया गया था कि क्या वे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं तो उन्होंने नपे-तुले शब्दों में जवाब दिया था :' मैं किसी चीज की उम्मीदवारी की दावेदारी नहीं करता। केंद्र सरकार को (यहाँ नरेंद्र मोदी पढ़ा जा सकता है) 2024 के चुनावों में अपनी संभावना को लेकर चिंता करनी चाहिए ।'

विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के दो घटकों (तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी) द्वारा पीएम पद के चेहरे के रूप में नीतीश की दावेदारी का खुलकर विरोध कर दिये जाने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री समझ गए थे कि उनका राजनीतिक भविष्य केवल लोकसभा चुनावों तक ही सुरक्षित है।

उन्होंने अगर वर्तमान स्थिति को ही बनाए रखा तो उन्हें राज्य से लोकसभा की 40 सीटों का बँटवारा राजद और कांग्रेस सहित महागठबंधन के सभी घटकों के बीच करना पड़ेगा जबकि भाजपा के साथ जाने से जद(यू) को ज़्यादा सीटें मिल जाएँगी। पिछली बार(2019 में) जद (यू)और भाजपा को बँटवारे में 17-17 सीटें प्राप्त हुई थीं।

दूसरा यह कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद का बिहार तेजस्वी यादव के नाम हो सकता है। नीतीश और भाजपा दोनों ही इन आशंकाओं के चलते डरे हुए हैं। वर्तमान में भी सबसे ज़्यादा विधायक (79) तेजस्वी के पास ही हैं। दूसरे क्रम पर भाजपा है। चुनाव-दर-चुनाव नीतीश के विधायकों की संख्या कम हो रही है। जद(यू) के पास वर्तमान के 45 के मुक़ाबले 2010 में 110 विधायक थे।

नीतीश यह भी जान गए थे कि भाजपा के साथ साँठगाँठ की खबरों के चलते ही उन्हें विपक्षी गठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया। उन्होंने अगर इस समय पाला नहीं बदला तो उनकी भविष्य की सारी राजनीति तेजस्वी के प्रताप की भेंट चढ़ जाएगी ! नीतीश ने क्षण भर के लिए भी नहीं विचार किया कि निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए की जा रही राजनीतिक आत्महत्या का उनकी ही पार्टी के सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के भविष्य और मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ेगा !

इसमें दो मत नहीं कि नीतीश की अगुवाई में सत्ता की राजनीति का सबसे क्रूर चेहरा प्रकट हुआ है। जो व्यक्ति किसी समय दिल्ली की सत्ता को बदलने का सूत्रधार बनना चाहता था वही बीच रास्ते मुखबिर साबित हुआ।

नीतीश का आत्मघाती कदम देश को किसी अंधेरी सुरंग में प्रवेश कराने से पहले का ऐसा कांड है जिसका समापन लोकतंत्र के राम के राज्याभिषेक से नहीं बल्कि उनके अनिश्चितकाल के लिए अधिनायकवादी बनवास से हो सकता है। जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर इस समय जहां भी होंगे बेचैनी से करवटें बदल रहे होंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1788 में 9 फरवरी के दिन ही ऑस्ट्रिया ने रूस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी। 1801 में आज ही के दिन ऑस्ट्रिया और फ्रांस ने लुनेविल्ले शांति समझौते पर साइन किए थे। 1931 में 9 फरवरी के दिन ही भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया था। 1941 में आज ही के दिन लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर ब्रिटिश सेना ने कब्जा किया था। 1951 में 9 फरवरी के दिन ही स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया था। 1971 में आज ही के दिन ही अपोलो 14 मिशन चांद से पृ?वी पर लौटा था। 1973 में 9 फरवरी के दिन ही बीजू पटनायक उड़ीसा की राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए थे। 1975 में आज ही के दिन रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद धरती पर लौटा था। 1991 में 9 फरवरी के दिन ही लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मतदान किया था। 1999 में आज ही के दिन भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फिल्म 'एलिजाबेथ' ऑस्कर के लिए नॉमिनेट की गई थी।

QUIZ TIME

1) नर्तियांग क्या है?

2) लोकसभा में विपक्ष का नेता रहते हुए प्रधानमंत्री बनने वाला पहला भारतीय कौन थे?

3) भारत की पहली महिला वकील कौन थी?

4) भारत का पहला डिजिटल वॉटर डेटा बैंक एक्वेरियम किस राज्य में लॉन्च किया गया है?

5) 73 वर्ष की उम्र में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज महिला का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विशाल मूर्तियों का समूह जो मेघालय में स्थित है (2) अटल बिहारी वाजपेयी (16 मई, 1996 (3) कॉर्नेलिया सोराबजी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, 1896 (4) कर्नाटक (5) तमाए वतनबे, जापान

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -328

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:12, सूर्यास्तः 06:09
चन्द्रोदयः 30:42, चन्द्रास्तः 16:05

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष :कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : श्रवण, योग : व्यतीपात, प्रथम करण :वणिज (11:17 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:42 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : मकर (10:04 से), मंगलः मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:09 से 12:53, अमृत काल 20:28 से 21:55, विजय मुहूर्त 14:20 से 15:04, गोधूलि मुहूर्त 17:57 से 18:23, सायाह्न सन्ध्या 17:59 से 19:17, निशिता मुहूर्त 24:05 से 24:57, राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 07:03 से 08:25, होमाहुति केतु, दिशा शूल दक्षिण, अग्निवास पाताल (11:17 से पृथ्वी), भद्रावास पाताल (11:17 से 21:42)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन सुख-समृद्धि दायक रहेगा। व्यवसाय में भी उन्नति होगी साथ ही मित्र परिचितों के बीच सम्मान बढेगा।

वृष : आज के दिन आप जितना भी परिश्रम करेंगे निकट भविष्य में शीघ्र ही इसका लाभ धन अथवा अन्य उपहार सम्मान के रूप में मिलेगा।

मिथुन : आज का दिन आपके लिये विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। कार्य भार अधिक रहेगा परन्तु सेहत आज नरम रहेगी।

कर्क : आज के दिन आपकी दिनचार्य आनंद प्रदान करेगी। नौकरी पेशाओ को आज कार्य क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिये थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज आर्थिक लाभ की संभवनाएं भी रहेंगी।

कन्या : आज का दिन आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि तो कराएगा परन्तु आज धैर्य की कमी रहने के कारण इसका लाभ नही उठा पाएंगे।

तुला : आपका आज का दिन कलह क्लेश की भेंट चढेगा आज घर एवं बाहर के लोगो का अमर्यादित आचरण आपको आवेश में रखेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिये नई खुशिया लाएगा। आज आर्थिक रूप से स्थिति सुदृढ़ बनेगी फिर भी धन संबंधित मामलों में ज्यादा सावधानी बरतें।

धनु : आज आपका स्वभाव अन्य दिनों की अपेक्षा शांत रहेगा। हास-परिहास करने से आस-पास का वातावरण हल्का बनाएंगे।

मकर: आज का दिन हर तरह से पिछले दिन की अपेक्षा बेहतर रहेगा लेकिन आज आप किसी की बातों तो तुरंत उत्तर ना दे ना ही किसी से प्रतिशोध की भावना रखे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिये हानिकर है प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करें धन सम्बन्धित कार्य आज टालना ही बेहतर रहेगा।

मीन : आज भी दिन आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा लेकिन आज आप संबंधों को ज्यादा महत्त्व दें।

न्यूज गैलरी

मचखण्डा स्कूल की छात्रा सुषमा एनएसएस शिविर के लिए चयनित

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सेजबहार जिला रायपुर में राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर आवासीय आयोजित है। जिसमें आबंटन अनुसार अटल बिहारी वाजपेयी विश्वाविद्यालय बिलासपुर से सम्बंधित सरल क्रमांक 9 के अनुसार अय्यूब खान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचखंडा के कक्षा 12 वी गणित की स्वयंसेविका कु सुषमा उइके का चयन हुआ है। इनके चयनित होने पर शाला परिवार गौरवान्वित है। छात्रा को बधाई देते हुए उज्ववल भविष्य की कामना की है।

महतारी वंदन योजना के लिए आवश्यक नहीं है विवाह और निवास प्रमाण पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। जहां एक और छत्तीसगढ़ सरकार महतारी वंदन योजना जैसी योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है तो वहीं सरकार के नियमों को दरकिनार कर कुछ जनप्रतिनिधि योजना के बारे में भ्रामक जानकारी भी फैला रहे हैं ऐसा ही वाक्य देवरी खुर्द में भी देखने को मिल रहा है जिसमें बाकायदा लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार कर विवाह प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को जनता के बीच में लाया गया है और कहा गया है कि विवाह प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाण पत्र हेतु उनसे संपर्क करें। जबकि प्रदेश सरकार ने स्वयं नियमों में संशोधन कर विवाह प्रमाण पत्र के अनिवार्यता सहित अन्य नियमों को सरल बनाया है। जनता की इन्हीं समस्याओं को देखते हुए भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह ने बताया की महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किये गए प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।

16 से अहमदाबाद में एथलेटिक्स मुकाबले

बिलासपुर। गुजरात सरकार के तत्वावधान में 16 फरवरी से 19 वीं राष्ट्रीय कनिष्ठ एथलीट प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। तीन दिवसीय इस आयोजन में अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम भाग लेगी। एथलेटिक्स संघ के अनुसार एथलेटिक फेडरेशन आफ इंडिया का सबसे बड़ा आयोजन होता है। विश्व में सब जूनियर स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं कहीं आयोजित नहीं होती। यही वजह है देश के हर राज्य की टीमें इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित है। आयोजन की तिथि व अन्य जानकारियां आयोजकों द्वारा पहले ही सभी राज्यों को साझा कर दी गई थी, ताकि वह अपने- अपने राज्यों की टीमें तैयार कर लें। इसमें देश के आठ हजार खिलाड़ी व 750 अधिकारी और चार से पांच हजार आयोजन करता शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता को लेकर छत्तीसगढ़ की टीम तैयार कर ली गई है। यहां से लगभग 347 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेने के लिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में उपलब्धि अर्जित करना बड़ी बात होगी। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ खिलाड़ियों को इसके लायक तैयार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। खिलाड़ियों को वरिष्ठ कोच के द्वारा खेल की बारीकियां सिखाई जा रही है। खिलाड़ी पूरे मन लगाकर प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हुए हैं, ताकि राज्य को अधिक से अधिक पदक प्राप्त हो सके।

परिवर्तित मार्ग से चलेगी नवतनवा एक्सप्रेस

बिलासपुर। रेलवे में अधोसंरचना विकास से जुड़े कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी के तहत यार्ड रिमाडलिंग के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल अंतर्गत जिवनाथपुर स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण नौ फरवरी को दुर्ग से चलने वाली 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी मार्ग होकर नवतनवा पहुंचेगी। वहीं नौ व 11 फरवरी नवतनवा से चलने वाली 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस इसी परिवर्तित मार्ग वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज-मानिकपुर मार्ग होकर दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

नगर निगम ने सड़कों से ठेले-गुमठी किए जप्त

विज्ञापन बोर्ड, पोष्टर, बैनर के लिए शुल्क निर्धारित

बिलासपुर नवप्रदेश। शहर की सभी सड़को को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत शुक्रवार को एक बार फिर अतिक्रमण टीम ने शहर की सभी सड़कों पर कार्रवाई की। इस दौरान महाराणा प्रताप चौक के आसपास फुटपाथ पर ठेला-गुमटी लगाने वालों को अतिक्रमण हटाने की कई बार समझाइश दी गई थी, लेकिन वे लगातार फुटपाथ और सड़क पर दुकान लगा रहे थे, ऐसे में बुधवार को टीम ने फुटपाथ में लगे एक दर्जन से ज्यादा ठेला व गुमटी जब्त करते हुए अतिक्रमण मुक्त बनाने की कार्रवाई की है।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर शहर की सभी सड़को को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान चल रहा है। बुधवार को इसके तहत सिम्स रोड में गलत ढंग से वाहन पार्किंग पर कार्रवाई की गई है। इसके तहत यातायात पुलिस की टीम ने गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई की। इसके साथ ही सड़क व डिवाइडर में बिना अनुमति लगे बैनर व पोस्टर निकाले गए। इसमे विभिन्न कंपनी के विज्ञापन बोर्ड के साथ राजनीतिक पार्टी के बैनर, पोस्टर हटाए गए हैं। निगम ने सड़को पर लगाए जाने वाले विज्ञापन बोर्ड, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स आदि के लिए शुल्क निर्धारित किया है। लेकिन शहर की सड़कें अवैध विज्ञापन बोर्ड से पटे हुए हैं। जिसका कोई भी शुल्क निगम को नहीं पटाया गया है। जो पूरी तरह से अवैध की श्रेणी में आते हैं।

रेलवे स्टेशन, होटल में पुलिस ने दी दबिश, 4 संदेही हिरासत में

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में चेकिंग अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल विभिन्न स्थानों पर पाए गए कुल 200 से अधिक व्यक्तियों को चेक किया गया तथा 180 से अधिक लोगों की मुसाफिरी दर्ज की गयी। वहीं एक संदेह व्यक्ति को थाना लाकर उसके विरुद्ध जाब्ता फौजदारी की धारा 109 की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों पर 1800 अर्थदण्ड भी किया गया है। वहीं शहरी थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान के अंतर्गत लगभग 300 से अधिक व्यक्तियों को चेक कर उनकी मुसाफिरी दर्ज की गयी। 4 संदेहियों के विरुद्ध प्रकरण दउर्ज कर धारा 109 की कार्रवाई भी की जा रही है। सरकंडा थाना क्षेत्रान्तर्गत इस अभियान में 1 स्थायी वारंट तथा 7 गिरफ्तारी वारंट भी शामिल किए गए हैं। इस अभियान में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, सभी थाना प्रभारी तथा संबंधित थानों सहित रक्षित केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा। इस अभियान में जिले के लगभग सभी होटलों/ सराय/ रैनबसेरा/ धर्मशाला, रेलवे स्टेशन, आदतन बदमाशों के निवास स्थान वाली बस्तियों, संदेही एवं वारंटी लोगों की गुजर जाँच, बाहर राज्यों से आए बंजारा/डेरा-फेरी वालों तथा अन्य संदेही व्यक्तियों की सरप्राइज चेकिंग की गयी। इस सरप्राइज चैकिंग का उद्देश्य शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाना, ऐसे स्थानों पर होने वाली विभिन्न अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना, निगरानी बदमाशों की गुजर जाँच, संदेहियों और वारंटियों की चेकिंग एवं वारंट तामीली करना था।

वन्यजीव संरक्षण विज्ञान मॉडल की पीएम नरेंद्र मोदी ने की सराहना

कोरबा/नवप्रदेश। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र सागर सिंह ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 7वें एडिशन में वन्यजीव संरक्षण से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया। शिक्षक श्री संतोष चैरसिया ने बताया कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन गत दिवस दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश से चुने हुए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों व शिक्षकों से चर्चा की। इसमें पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, कोरबा के कक्षा दसवीं के छात्र सागर सिंह भी सम्मिलित हुए। जिन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन किया।

यह मॉडल वन्यजीव संरक्षण से संबंधित विकसित भारत में बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के संकल्प और वन्यजीवों को अग्नि से संरक्षण के लिए लिए अपना इनोवेशन पर आधारित था जो कि राष्ट्रीय स्तर पर नवोदय विद्यालय समिति की ओर से चुने गए वैज्ञानिक आधारित 12 मॉडलों में से एक है। छात्र सागर सिंह की ओर से बनाया गया मॉडल, विद्यालय के रसायन शिक्षक संतोष चैरसिया और लोकचंद सोनटके के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है।

विद्यालय के विज्ञान संकाय के कक्षा 11वीं के छात्र प्रियांशु यादव द्वारा कला शिक्षक महाबली पोर्ते के मार्गदर्शन में निर्मित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बना मॉडल भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रदर्शित हुआ। कार्यक्रम के उपरांत नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर विनायक गर्ग ने सागर सिंह और शिक्षक चैरसिया को बधाई और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्या सुश्री शांति मोहंती ने इसे स्कूल की उपलब्धि बताया है और सभी छात्रों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी पीजीटी रसायन शिक्षक संतोष चैरसिया ने दी।

समूह की महिलाओं को दिलाई गई मतदान की शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत तखतपुर के ग्राम गनियारी में महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिले में लोकसभा चुनाव के पहले वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में तखतपुर ब्लॉक के ग्राम गनियारी में मतदाता जागरूकता अभियान में समूह की महिलाओं को मतदान करने व बिना डर-भय के अपने मतदान का उपयोग निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से वोट देने की शपथ दिलाई गई व अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। सभी सदस्यों ने 'शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान' का उद्घोष भी किया।

छाए रहेंगे बादल, ठंडी हवाओं से फिर गिरा पारा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज का मौसम न्यायधानी में हल्की गर्मी के साथ ठंडी हवाओं का भी आगमन हो चुका है। बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाएं आ रही है। इसके प्रभाव से वातारण में हल्की ठंडक भी महसूस हो रही है। यह सिलसिला अभी चलेगा। हालांकि दो दिनों बाद मौसम फिर बदल जाएगा।

न्यायधानी में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बसंत ऋतु के साथ ठंड गायब होने लगी है। सर्दी के मौसम में गर्मी का अहसास हो रहा है। मंगलवार से गुरु उमस भरा रहा । शरीर से पसीना छूटने लगे हैं। दुकान और घरों में लोगों को पंखा चलाना पड़ा। अब आसमान में बादलों का डेरा, ठंडी हवाओं का भी आगमन हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो यह स्थिति आगे एक-दो दिन और बनी रहेगी। वहीं आफिस, दुकान और घरों में पंखा घूमने लगा है। कई जगहों पर एसी भी चालू हो गई हैं। मौसम में हुए परिवर्तन को लेकर मौसम विज्ञानी भी नजर रखें हुए हैं। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में सात से आठ फरवरी को उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों तक गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में भी मामूली गिरावट हो सकती है। प्रदेश में सात और आठ फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 10 व 11 फरवरी को हो सकती है वर्षा मौसम विज्ञानी सिराज खान का कहना है कि नौ फरवरी से वातावरण में बदलाव दिखेगा। 10 और 11 फरवरी को वर्षा की संभावना बन रही है। इस बीच तापमान में उतार चढ़ाव भी देखने को मिलेगा।

11 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

समाजसेवी विष्णु अग्रवाल ने सभी को 21000 रुपए कन्यादान में दिए

करगीरोड (कोटा)। कोटेश्वर महादेव की पावन धरा कहें जाने वाली कोटा नगरी में 6 फरवरी थाना मैदान मंगलवार को सर्व समाज सामूहिक विवाह का आयोजन सफल 11 वर - वधू जोड़े गायत्री परिवार के विधी विधान से परिणय सूत्र एक दूसरे के जीवन की डोरी में बंधे। इस शुभ कार्य का बीडां नगर के समाज सेवी के रूप में जाने वाले कृषि व्यवसायी सहज सरल के धनी विष्णु अग्रवाल नें उठाया है जिन्होनें पिछले साल 2023 को 5 जोड़ी वर वधू का विवाह सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया था द्य दूसरे वर्ष 2024को 11 जोड़ों वर वधू का विवाह संपन्न कराया गया । एवं नगर एवं ग्राम अंचलों से यह पावन कार्य में पहुंच कर सहयोग प्रदान किया एवं सभी 11 जोड़ों को नगर वासियों सहित बेलगहना, रतनपुर से आए हुए अतिथियों ने अपना आशीर्वाद वर वधू के वैवाहिक जीवन में प्रवेश बधाई के साथ कन्यादान के रूप में उन्हें यथा शक्ति सहयोग राशि दी गई। सभी जोड़ों को दोपहर 12ः00 बाजे - गाजे के साथ कोटा नगर भ्रमण कर शोभा यात्रा निकाली गई वर वधू के बरात के साथ पूरा नगर यह पावन अवसर में बैंड बाजे के साथ झूमे नाचते शामिल हुए। वही एक दुल्हा शिव कुमार धनुवारपारा बिल्लीबंद ने विवाह के रश्मे अदाकार फेरे होने के तुरंत बाद पेपर देने निरंजन विश्वविद्यालय कॉलेज में गया पेपर होने के बाद पुनः आकर आगे की रस्मे पूरी की गई। बेलगहना सिद्ध बाबा से आए हुए स्वामी शिवानंद महाराज जी ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान दिया । नव दंपतियों के नाम इस प्रकार हैं (1)अमन कश्यप कौड़िया सीपत- मानसी कश्यप कोट सागर पर कोटा(2) रवि शंकर साहू पटैता नेहा साहू टांडा (3) अन्नू विश्वकर्मा सल्का नावागांव क्षमा विश्वकर्मा लाखासर लोरमी (4)लाल यादव वार्ड क्रमांक 8 कोटा लक्ष्मीन यादव सल्का कोटा(5)अजय गिर गोस्वामी उचेड़ नीमच बनासा अर्चना गोस्वामी बिल्ली बंद (6)दर्शन सिंह सरखोर पेंड्रा भारती मरावी नागचुवा कोटा(7)शिव कुमार धनुवारपारा बिल्ली बंद नर्मदा धनुवारपारा ग्राम पंचायत बिल्ली बंद पोड़ी(8)सुक सेन विश्वकर्मा केंन्दा बेलगहना चांदनी नरवापारा बिल्ली बंद(9)नारायण श्रीवास दैजा तखतपुर सुकरटीया आदि शामिल रहे।

रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से सुविधा

ट्रेन टिकट बुक करना हुआ आसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस श्रृंखला में ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है। इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकर टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की जरूरत अब नहीं है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलव्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बढ़ाकर 25 किमी भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रीगण स्टेशन से 25 किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' 2023 से जनवरी' 2024 तक कुल अनारक्षित टिकटों की बूकिंग में 20 प्रतिशत से भी अधिक यात्रा टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से खरीदे गए, जिसमें लगभग 49 लाख से भी अधिक रेल यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के द्वारा अनारक्षित टिकट की खरीदी कर यात्रा की।

रेलवे प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि त्वरित घर बैठे आसानी से इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने की इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठावें। यूटीएस मोबाइल ऐप द्वारा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने के तरीके -गूगल प्ले स्टोर, एप्पल स्टोर से यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड करें तथा रजिस्ट्रेशन हेतु साइन अप करें। लॉगिन आई.डी. मोबाइल नं. रजिस्टर्ड करें तथा मेसेज के द्वारा प्राप्त चार अंकों के पासवर्ड का उपयोग करें। टिकटों के प्रकार का चयन करें। (यात्रा टिकट, सीजन टिकट, प्लेटफार्म टिकट तथा यात्रियों की संख्या)

हमारे देश में भारतीय रेल को सस्ता, सुगम, सुरक्षित, एवं आरामदायक यात्रा के लिए पहचान मिला है। रेल यात्रियों के द्वारा परिवहन के साधन के रूप में भारतीय रेल पर सर्वाधिक विश्वास और भरोसा है और इस विश्वास को रेल द्वारा भी पर्याप्त सम्मान दी जाती है। यात्रियों द्वारा जताये गए इस विश्वास पर रेलवे कई दशको से खरा उतर रही है। नवीन तकनीको को निरंतर अपना कर भारतीय रेलवे अपने यात्रियों की हर सुख सुविधा का ख्याल रखती आ रही है।

महतारी वंदन योजना की खुशी से महिलाओं के चेहरे खिले

योजना का फायदा लेने उमड़ रही महिलाओं की भीड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। फार्म भरने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं बड़ी संख्याओं में पहुंच रहीं है। महज तीन दिनों में लगभग 73 हजार 9 सौ से ज्यादा महिलाओं ने फार्म जमा किया है। इस योजना से महिलाओं के चेहरे दमक उठे है। योजना की पूरी जानकारी लेने एवं फार्म भरने को लेकर महिलाओं की उत्सुकता देखते बनती है।

महिलाओं को आवेदन भरने में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए पुख्ता तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा की गई है। जिले में हर तरफ महतारी वंदन योजना का माहौल है। तखतपुर ब्लॉक के बेलटुकरी गांव की प्रीति सूर्यवंशी ने भी महतारी वंदन योजना का फार्म भरा है। उन्होंने बताया कि उनके पति पेंटिग का काम करते है। उनकी आय से गुजर-बसर करना मुश्किल होता है। उनके दो बच्चे है उनकी पढ़ाई-लिखाई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि हमारे परिवार के लिए मददगार साबित होगी। संतोषी साहू ने बताया कि उनकी छोटी-छोटी खुशियां अब इस राशि से पूरी हो पाएंगी। वे इस राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य घरेलू खर्चो में करेंगी। अनुपमा मेहर ने बताया कि वे और उनके पति रोजी-मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते है। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि वे घर में हर माह लगने वाली दवाईयों पर खर्च करेंगी।

न्यूज गैलरी

पथरी में तीन दिवसीय मानस गान स्पर्धा आज से

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम पथरी में तीन दिवसीय 9 से 11 फरवरी तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सरवर मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम अपने समय से शुरू होगा साथ ही मानसगान सम्मलेन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पायलेट प्रोजेक्ट के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। कृषि विभाग विकासखण्ड कांकेर के द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट आन स्कूल स्वास्थ्य हेल्थ के तहत जागरूकता कार्यक्रम संयुक्त एकलव्य मॉर्डन आवसीय विधालय कांकेर में आयोजित किया गया। इसमें प्रमोद सार्वा अनुविभागीय कृषि अधिकारी कांकेर द्वारा सतत कृषि प्रबंधन, वर्मी खाद, नाडेप खाद, जैविक कीट प्रबंधन तकनीक एवं एकीकृत कृषि प्रणाली विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मयाराम नेताम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांकेर द्वारा मिट्टी परीक्षण की विधि, मृदा नमूना लेने की तकनीक, मिट्टी परीक्षण उपरांत अनुशंसित मात्रा का प्रयोग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मालती गोटी (मिट्टी परिक्षण प्रभारी) द्वारा मिट्टी के विभिन्न प्रकारों एवं जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी स्कूल के छात्र छात्राओं को दी। कार्यक्रम में स्कूल से सुरेश कुमार (प्राचार्य), आरती रानी (मृदा स्वास्थ प्रभारी) संगीता राय (डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेटर आत्मा) ललिता मंडावी (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी), बलवीर सेन (सहायक तकनीकी प्रबंधक) एवं विधालय के 217 छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

अवमानक खाद्य पदार्थ पाए जाने पर 5 हजार जुर्माना

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अमानक और मिलावटी खाद्य पदार्थ पर रोक लगाने के लिए जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा निरंतर खाद्य वस्तुओं की सैंपल जांच के लिए लैब भेजा जाता रहा है इसी क्रम में दंतेवाड़ा स्थित फर्म ''स्टार दम बिरयानी'' के हस्ते खाद्य पदार्थ ''चिकन बिरयानी'' की जांच की गई थी। जिसे सैंपल जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कार्यालय रायपुर भेजा गया था। जांच अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ का नमूना अवमानक पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए विभाग ने स्टार दम बिरयानी के मालिक शरीफ शा को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें खाद्य एवं सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत की कार्यवाही गई है। संबंधित फर्म संचालक के प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों एवं लिखित जवाब तर्क का अवलोकन किया गया। फर्म संचालक द्वारा प्रश्नाधीन ''चिकन बिरयानी लूज पका हुआ'' अवमानक पाये जाने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये जाने का आरोपी मानते हुए तथा भविष्य के लिए चेतावनी के साथ प्रथम अपराध को दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्गत धारा 26(1). 26(2)(11), 27(1) सहपठित धारा 51 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत 5 पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

पीएससी में पारदर्शिता के लिए प्रदेश सरकार ने लिया ऐतिहासिक निर्णय

- **मोदी की गारंटी के तहत साय सरकार ने किया अभूतपूर्व फैसला**
- **सीबीआई जांच से हो जाएगा दूध का दूध, पानी का पानी**

कांकेर/नवप्रदेश। कहते हैं कि आसमान के बादल कितनी भी कोशिशें कर लें, लेकिन वह सूरज को ज्यादा समय तक छिपाकर नहीं रह सकता। झूठ रूपी तिमिर का सीना चीरकर सत्य का सूर्य पुनः उदीयमान हो जाता है। प्रदेश सरकार ने गत वर्ष पीएससी में हुई अनियमितताओं की जांच, देश की सर्वोच्च अन्वेषण संस्थान सीबीआई से कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे प्रदेश भर के युवकों में खुशी और संतुष्टि के भाव परिलक्षित हो रहे हैं कि परीक्षा में सफलता के लिए उन्होंने जो मेहनत की, अब वह जल्द ही फलीभूत होगी। परीक्षार्थी युवक-युवतियों का कहना है कि सरकार के इस अभूतपूर्व निर्णय से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा, क्योंकि इससे उच्च प्रशासनिक सेवा के लिए योग्य अभ्यर्थियों की निराशा दूर होगी और उनके साथ सही मायने में न्याय हो पाएगा।

पीएससी के अभ्यर्थियों को अब मिलेगा न्याय-छत्तीसगढ़ में पीएससी भर्ती प्रक्रिया के दौरान विगत परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने की राज्य सरकार की घोषणा मोदी की गारण्टी का हिस्सा है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पिछले दिनों की थी। इससे प्रदेश भर के युवावर्ग में खुशी का माहौल है। भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में बीएससी गणित की छात्रा कु. पूर्णिमा नाग ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 'शासन ने यूपीएससी की तर्ज पर सीजीपीएससी की परीक्षा प्रणाली को लाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, इस पहल का वो स्वागत करती हैं तथा परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाने के लिए पीएम मोदी और सीएम साय को धन्यवाद ज्ञापित करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यूपीएससी की तर्ज पर राज्य पीएससी की परीक्षा लिए जाने की भी घोषणा की है जिससे छात्रों को दोनों प्रतियोगी परीक्षा की एक साथ तैयारी करने में मदद भी मिलेगी।

इसी प्रकार बीएससी जीव विज्ञान की छात्रा कु. ज्योति सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन जो अभूतपूर्व निर्णय लिया है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पुरानी परीक्षा प्रणाली पर लग रहे प्रश्नचिन्ह समाप्त होंगे और परीक्षा को लेकर पारदर्शिता का वातावरण तैयार होगा। पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे पी.जी. के छात्र शंकर कोमरे ने कहा कि शासन के इस निर्णय से युवाओं में बहुत उत्सुकता है। आगामी परीक्षाओं को लेकर असमंजस की स्थिति बनी होती थी, परंतु सीजीपीएससी के वार्षिक कैलेण्डर की घोषणा के बाद साल भर की परीक्षाओं की तस्वीर साफ होगी तथा विद्यार्थी अपनी तैयारियां पर जोर लगा सकेंगे, सीजीपीएससी के पैटर्न में सुधार से निश्चित ही युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। पिछली परीक्षा में प्रश्न पत्र अच्छे से जाने के बाद भी सफलता नहीं मिली जिससे वह काफी मायूस हो गए थे। अब जब राज्य सरकार ने इसकी उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की है तो इससे एक तरह से उम्मीद जगी है।

छात्र सुनील मरकाम तथा कु. दामिनी कोड़ोपी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की गई सरकार ने यूपीएससी की तर्ज पर सीजीपीएससी की परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय एक सराहनीय पहल है। इससे अब राज्य के विद्यार्थी राज्य पीएससी व यूपीएससी दोनों की तैयारियां एक साथ कर सकेंगे। वहीं आयु सीमा में पांच साल की छूट में वृद्धि किए जाने से युवाओं को लाभ मिलेगा। सीबीआई से जांच कराने की सरकार की घोषणा से सभी योग्य युवाओं का सपना पूरा होगा।

पीएससी के परीक्षार्थी सुनील कुमार ने कहा कि उच्च स्तरीय प्रशासनिक सेवाओं में गत वर्ष हुई अनियमितता से वर्षों की मेहनत कर अपना मुकाम हासिल करने वाले परीक्षार्थी हतोत्साहित और मायूस हुए हैं। ऐसे में प्रकरण की जांच सीबीआई से कराए जाने का प्रदेश शासन का निर्णय बेहद सराहनीय है। वहीं अधिकतम आयु सीमा में छूट की अवधि में वृद्धि और यूपीएससी के पैटर्न में राज्य पीएससी परीक्षा आयोजित करने का फैसला एक पंथ दो काज जैसा ही है। इससे राज्य पीएससी के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी करना आसान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने युवाओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त प्रकरण के विरूद्ध केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से उच्च स्तरीय जांच कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे युवावर्ग भर्ती को लेकर पारदर्शिता और सही मायने में योग्य अभ्यर्थियों के चयन होने को लेकर बेहद आशान्वित हैं।

महतारी वंदन योजना से माताओं के चेहरे पर खुशी की झलक

- **किसी ने बच्चों की पढ़ाई में, तो किसी ने घर की जरूरतें पूरी करने की बात कही**

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए नई उमंग और उत्साह लेकर आई है। जिले के विभिन्न गांवों में आयोजित होने वाले शिविरों में योजना का लाभ उठाने महिलाएं बड़ी संख्या में आ रही हैं।

कांकेर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बागोडार में आज समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरा। शिविर में फॉर्म भर रहीं ग्राम बागोडार निवासी महिला श्रीमती सुकारो बाई निषाद ने बताया कि योजना से प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि मिलेगी, इससे बहुत आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा वे इस राशि का उपयोग राशन सामान के साथ ही अपने लिए श्रृंगार के सामान और साड़ी खरीदने में करेंगी।

इसी प्रकार श्रीमती चंदा पटेल ने बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बच्चे हैं। छोटा बेटा कक्षा तीसरी में और बड़ी बेटी में कक्षा आठवीं में पढ़ाई कर रही हैं। वे अपने परिवार का पालन-पोषण मजदूरी करके करती हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में शुरु की गई महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी मिलने से उन्हें बहुत खुशी हुई। इस योजना से तहत प्रतिमाह मिलने वाली राशि से उनके बच्चों के परवरिश में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग वह अपने बच्चों की आगे की पढ़ाई में लगाएंगी जिससे भविष्य में वे अपने पैरों पर खड़े हो सके।

ग्राम बागोडार निवासी श्रीमती चित्ररेखा नेताम ने भी महतारी वंदन योजना का आवेदन भरते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं के लिए यह योजना बहुत ही राहत देने वाली है।

संविदा कर्मियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- **27 फीसदी वेतन वृद्धि की मांग की**

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला ईकाई कांकेर के द्वारा के प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी छत्तीसगढ़ सर्व विभाग संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 3 जुलाई 2023 से 2 अगस्त 2023 तक आंदोलन पर थे। इस आंदोलन में तत्कालीन विपक्ष और वर्तमान सरकार में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं वित मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा आंदोलन मंच पर आ कर नैतिक एवं भौतिक समर्थन देते हुए मांगों को जायज मानते हुए अपनी हामी भरी थी -19 जुलाई 2023 को विधानसभा सत्र के अनुपूरक बजट में तात्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा 37 हजार संविदा कर्मचारियों हेतु एकमुश्त वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसके लिए 350 करोड़ बजट का आवंटन किया गया था।

राज्य में 25778 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत हैं। इसमें 14 हजार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत हैं। अवर सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों के लिए 27 में से 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि की अनुमति दी गई है। अनुमति में यह उल्लेखित किया गया है कि क्योंकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों को वर्ष 2019 से 5 प्रतिशत की दर से चक्रवृद्धि संविदा वेतन प्रदान किया जा रहा है ऐसे में 21.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्राप्त कर रहे हैं।

बिजली से रौशन हुआ सुकमा जिले का सरहदी गांव इत्तामपारा

- **उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा बस्तर के अंदरुनी इलाके में विकास और सुविधाएं बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर अंचल के धुर माओवाद आतंकवाद से प्रभावित सुकमा जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायत सिलगेर के इत्तामपारा में करीब एक वर्ष से बंद बिजली थी। जिसे फिर से शुरू किया गया। गांव के रौशन होते ही ग्रामीण उत्साहित हैं। बस्तर का यह इलाका सुकमा और बीजापुर जिले का सरहदी क्षेत्र है,जो बीजापुर जिले की सीमा से आसान पहुंच में है। गांव में पहुंची बिजली से अब ग्रामीण काफी खुश हैं और ग्रामीणों ने इस सार्थक प्रयास के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। डिप्टी सीएम विजय शर्मा अभी हाल ही में सिलगेर का भ्रमण कर चुके हैं उन्होंने इत्तामपारा को बिजली की रौशनी से जगमगाने पर ट्विटर के जरिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते कहा कि बस्तर के अंदरूनी इलाके में विकास और सुविधाएं बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। राज्य सरकार इस दिशा में सुरक्षा,विकास तथा सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध होकर पहल कर रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को सिलगेर प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने बंद बिजली को बहाल करने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता हेतु मांग की थी। जिसपर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर गांव में जल्द बिजली पहुंचाने आश्वस्त किया गया था।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है। 10 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री, वन मंत्री, विधायक एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद भी सिर्फ मौखिक आश्वासन से नाराज संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

छग प्रबंधक संघ के हड़ताल का सीधा प्रभाव ग्रामीण तेंदूपत्ता एवं अन्य लघुवनोपज संग्रहणकर्ता परिवारों पर देखने को मिलने लगा है। हड़ताल से लघुवनोपज संग्रहण, मिलेट्स संग्रहण, बीमा योजनाएं, तेंदूपत्ता शाखकर्तन पूर्ण रूप से बंद होने के कगार में है। इससे 14 लाख परिवारों पर सीधा असर देखने को मिल रहा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामधार लहरे एवं अन्य पदाधिकारियों ने वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रीगण एवं राज्य के अधिकारियों से मुलाकात की एवं अपनी मांगों को रखा।

कठिन परिस्थिति में भी परमात्मा को साक्षी मानकर कर्म करें तो जीवन में आनंद ही आनंद: पंडित अतुल कृष्ण

कांकेर/नवप्रदेश। तीसरे दिन की रामकथा सुनाते पं अतुलकृष्ण भारद्वाज ने कहा जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थिति हो परमात्मा को ही साक्षी मानकर कर्म करें तो जीवन में आनंद ही आनंद होता है और परिणाम सुंदर होता है। इसीलिए कहा गया है सत्यम शिवम सुंदरम। मनुष्य को इसी जन्म में इसी जीवन में परमात्मा को प्राप्त करने प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह निश्चित नहीं है कि अगला जीवन हमें मनुष्य योनी का मिले या ना मिले। भक्त नर हैं और भगवान नारायण, भक्त और भगवान के बीच बस यही अंतर है। कथा के दौरान भजनों पर पंडाल में बुजुर्ग नृत्य करने लगे तो कहा जीवन में तंदुरूस्त रहने का सबसे अच्छा तरीका है नृत्य करते रहिए। अतुलकृष्ण ने कहा वे मथुरा क्षेत्र के निवासी हैं जहां की सांसद हेमामालिनी हैं उनकी उम्र 75 वर्ष हो चुकी है फिर भी वे फिट हैं। हेमा मालिनी अपने फिट रहने का राज नृत्य को ही बताती हैं। वे क्लासिकल नृत्यांगना हैं तथा रोजाना एक घंटे नृत्य का अभ्यास करती हैं। कलयुग में इतना तनाव है इसलिए जीवन में जब भी अवसर मिले भजन कीर्तन के दौरान नृत्य करते रहिए तनाव दूर हो जाएगा। जीवन का सिद्धांत केवल दो बिंदुओं पर है पहला स्वयं को मालिक मानकर तथा दूसरा भगवान को मालिक मानकर। सामान्य व्यक्ति और भक्त के बीच के अंतर को बताते कहा सामान्य व्यक्ति जैसा कर्म करता है उसे उसके अनुसार फल मिलता है। वहीं भक्त केवल कर्म करता है और सबकुछ भगवान पर छोड़ देता है इसलिए भक्त की चिंता फिर भगवान करते हैं। जैसे अर्जुन की जैसे द्रोपदी की वैसे ही तमाम भक्तों की चिंता भगवान करते हैं। मनुष्य को परमात्मा की सत्ता को मानना चाहिए इसलिए परमात्मा को सत्य कहा गया है। यही कारण है कंस की जेल में जब भगवान कृष्ण प्रकट हुए तो वसुदेव जी ने एक ही श्लोक में उनके लिए नौ बार सत्य शब्द का प्रयोग किया था। जब तक हमारे शरीर में राम हैं तब तक हमारा शरीर सत्य है जैसे ही राम यानी आत्मा निकल जाती है शरीर असत्य हो जाता है। यही कारण है किसी की मृत्यु होने पर श्मशान घाट ले जाते समय राम नाम सत्य है कहा जाता है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

लोकसभा चुनाव 2024- एक...
मतदाताओं की संख्या का 2.81 प्रतिशत है।

प्रदेश में महिला वोटरों की संख्या अधिक
प्रदेश में पुरुषों के मुकाबले महिला वोटरों की संख्या ज्यादा है। प्रदेश में महिला वोटर्स की संख्या कुल 1 करोड़ 3 लाख 32 हजार 115 है। राज्य में महिला मतदाताओं का जेंडर रेश्यो पुरुषों से अधिक है। यहां 1000 पुरुष वोटर पर 1,015 महिला मतदाता हैं।

बस्तर में बढ़ती नक्सल ...
इस पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने जवाब दिएः कैबिनेट में निर्णय लिया जाता है।
धर्मजीत ने कहा कि हर चीज का निर्णय कैबिनेट में होता है यह बच्चा भी जानता है, कैबिनेट तांत्रिक अंगूठी की तरह है।
मंत्री लखन चौधरी को फंसता देख बचाव में बृजमोहन अग्रवाल उतारे। उन्होंने कहा योजना के तहत मजदूरों को अलग-अलग औजार दिया जाता है। उसी अर्हता के तहत चयन होता है।
इस पर धरमलाल कौशिक ने खड़े होकर कहा कि पुन्नू लाल ज़ी पूछ रहे हैं कि कौन-कौन से प्रकार के औजार दिए जाते हैं?
इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, उनको जो औजार चाहिये वो औजार हम नहीं दे सकते।

महादेव सट्टा ऐप के आरोपियों ...
इनके साथ कई प्रशासनिक अधिकारी भी महादेव ऐप के संरक्षक थे। उन्होंने खुद भी आईडी संचालन किया है। सेन ने दावा किया कि दुर्ग जिले में पिछले पांच वर्षों में लगातार ऐसे लोगों की पोस्टिंग रही है। पुलिस प्रशासन के लोगों के पास खुद के पास महादेव आईडी है। अधिकारियों के पास, राजनैतिक दल के अलग अलग नेताओं के पास महादेव आईडी है, लेकिन आज तक केवल 90 छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर उन्हें भी मुचलका कर छोड़ दिया गया। इसमें सहयोग करने वाले राजनीतिक लोगों और पुलिस अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए अध्यक्ष महोदय महादेव ऐप के सौरभ चंद्राकर की शादी में जो अफसर और लोग बाराती बने थे उन पर भी कार्रवाई नहीं हुई है।

ओडिशा, आंध्र प्रदेश के समुदायों ...
दर्जा दिये जाने की प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन नहीं किये जाने पर चिंता जतायी।

केन्द्र सरकार तमिलनाडु की ....
कहा कि नेपाल की ओर से पानी आने बिहार के कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। उन्होंने इस समस्या को दूर करने के लिये कारगर कदम उठाने की मांग की।
बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की संगीता आजाद ने आजमगढ़ जिले में सड़कों की स्थिति सुधारने और जिला अस्पताल में न्यूरोलाजिस्ट की नियुक्ति करने की मांग की।
न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून बनाएं
कांग्रेस के मनीष तिवारी ने किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिये कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग की। जनता दल यू के दिनेश चंद्र यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग 106 और 107 का कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की।
अल्पसंख्यकों को नुकसान
कांग्रेस के के सुरेश ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और मणिपुर में असामाजिक तत्वों की ओर से चर्च को नुकसान पहुंचाये जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी भाग में अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये।
किसानों का कर्ज माफहो
कांग्रेस के डॉ अमर सिंह ने किसानों का कर्ज माफकरने की मांग की और कहा कि उद्योगपतियों का 14-15 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफकर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब अमीरों का कर्ज माफकिया जा सकता है तो गरीब किसानों के कर्ज माफ करने में क्या दिक्कत है। उन्होंने मनरेगा में काम मिलने वाले दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 करने की मांग की। सिंह की इस मांग को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि उनकी सरकार ने मनरेगा का बजट बढ़ाकर 85 हजार करोड़ रुपये कर दिया है।
बहुजन समाज पार्टी की संगीता आजाद ने पिछड़े वर्ग को मिल रहे आरक्षण में से अति पिछड़े वर्ग को अलग से आरक्षण दिये जाने की मांग की।
बहुजन समाज पार्टी के गिरीश चंद्र ने पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग की। भाजपा के जगदम्बिका पाल ने अकुशल श्रमिकों का वेतन निर्धारित करने की मांग की।

आरबीआई एमपीसी : नहीं ...
इस बीच इस बार महंगाई दर को 4 फीसदी तक लाने का लक्ष्य है। दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में अर्थव्यवस्था स्थिर रहेगी। इस बीच दास ने 2024 में महंगाई में और कमी आने की संभावना जताई। वहीं अब ब्याज दर में कटौती इस साल की दूसरी छमाही में होने की संभावना है। इस क्रेडिट पॉलिसी में ब्याज कटौती संभव नहीं है। इससे पहले विशेषज्ञों ने कहा था कि इसकी मुख्य वजह विदेशी व्यापार में बाधाएं हैं। कटौती के लिए कब तक इंतजार करना होगा?एसबीआई रिसर्च द्वारा जारी 'इकोरैप' नामक रिपोर्ट के मुताबिक जून 2024 में रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में कटौती की जा सकती है। ब्याज दरों में कटौती के लिए अगस्त 2024 सबसे आदर्श समय प्रतीत होता है।

आरबीआई एमपीसी फैसले ...
निफ्टी 212.55 (0.97%) अंक फिसलकर 21,717.95 के स्तर पर बंद हुआ।
इससे पहले, शेयर बाजार में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में मजबूत खरीदारी देखने मिली। बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर खुले।
सबसे ज्यादा खरीदारी सरकारी कंपनियों की
सेंसेक्स 200 अंकों की मजबूती के साथ 72,350 के पार पहुंच गया। निफ्टी भी 22000 के करीब करोबार करता दिखा। बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी सरकारी कंपनियों के शेयरों में देखने मिल रही है।

पीएम मोदी जन्म से ...
का जन्म ओबीसी में नहीं हुआ। वे तेली समुदाय से है। बीजेपी ने 2000 में उनकी जाति को ओबीसी बना दिया। उनका जन्म सामान्य वर्ग में हुआ था। मोदी दुनिया से झूठ बोल रहे हैं कि उनका जन्म ओबीसी में हुआ है।

छत्तीसगढ़ पहुंची राहुल ...
रणनीति के तहत यात्रा का रूट मैप तैयार किया है।
प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा
प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश में अभी भाजपा की सरकार है और 9 सीटों पर भाजपा का कब्जा है और दो सीटें कांग्रेस के पास है। इस बार राहुल गांधी की न्याय का प्रदेश की राजनीति पर खास असर पड़ने वाला है। इसके कांग्रेस पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी हसदेव अरण्य जाने की प्रबल संभावना है। अभी तक इसका रूट तय नहीं किया गया है। वहीं राहुल गांधी की टीम का कहना है कि पूरी संभावना है कि राहुल हसदेव जाएंगे। वहां जाने को लेकर अंतिम फैसला यात्रा के दौरान ही होगा।

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-सक्ती (छ.ग.)
कार्यालय का पता- सामुदायिक भवन सुवाडेरा पो. नंदौरकला जिला सक्ती छ.ग. पिन 495689
Email:eecghbsakti@gmail.com
क्रमांक/20/सं.अधि./लेखा.शा./2024
सक्ती, दिनांक 08/02/2024
आम सूचना का प्रकाशन
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, द्वारा अनिल कुमार राठौर पिता श्री सुभाषचंद राठौर उम्र 34 वर्ष, निवासी मकान नं. LIG हसदेव विहार योजना जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) को हसदेव विहार योजना जांजगीर में मकान नं. EWS 22 आबंटित किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भवन को श्री निलेश तिवारी पिता श्री रामजी तिवारी निवासी EWS 22 हसदेव विहार जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु इकरारनामा प्रस्तुत कर अनापत्ति की मांग की गई है। यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था या अन्य को इस संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।
सील
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-सक्ती (छ.ग.)
कार्यालय का पता- सामुदायिक भवन सुवाडेरा पो. नंदौरकला जिला सक्ती छ.ग. पिन 495689
Email:eecghbsakti@gmail.com
क्रमांक/18/सं.अधि./सं.प्र.शा./2024
सक्ती, दिनांक 08/02/2024
आम सूचना का प्रकाशन
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, द्वारा अनंगपाल पाण्डेय पिता श्री वासुदेव पाण्डेय उम्र 63 वर्ष निवासी ब्रम्हकुमारी टी.पी. नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) को हसदेव विहार जांजगीर में मकान नं. LIG 63 आबंटित किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भवन को श्रीमती सुष्मा कौशिक उम्र 38 साल पति श्री विकास विकार कौशिक LIG 64 हसदेव विहार जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु इकरारनामा प्रस्तुत कर अनापत्ति की मांग की गई है। यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था या अन्य को इस संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।
सील
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना :-
क्रमांक/ज.प्र.वि./2024-25/30 दुर्ग, दिनांक 07/02/2024
नगर पालिक निगम दुर्ग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नॉन एस.ओ.आर. दर पर निम्नांकित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नांकित तिथि को निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 15/02/2024
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 22/02/2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 28/02/2024
निविदा खोलने की तिथि - 29/02/2024 शाम 4.30 बजे

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रुपए लाख में
1	Schedule for supply & Installation of water purifier RO PLANT & Maintenance complate at WARD NO.19 Kailash Nagar Durg.	रु. 4,00,000/-

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

रामभक्तों का जत्था रवाना

कुम्हारी। प्रधानमंत्री मोदी एवम् प्रदेश भाजपा सरकार के द्वारा आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है बुधवार को स्थानीय राम भक्तों का दूसरा जत्था दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ जिसमें कुम्हारी मंडल के मंडल अध्यक्ष राजू निषाद के नेतृत्व में कुम्हारी से कुल 18 लोगों को अयोध्या धाम प्रभु श्रीराम लला जी के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इस जत्थे में शामिल अयोध्या मंदिर दर्शन समिति कुम्हारी के संयोजक और पालिका के नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, सह संयोजक आलोक दुबे, सह संयोजक सुजीत यादव, सह संयोजक होमेंद्र साहू सहित पार्षदगण में ओंकार मार्कण्डेय, विनोद बंजारे, श्रीमती रागिनी निषाद, श्रीमती अरुणा साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, दीपक साहू, सुनीता कुर्रे, श्रीमती बबिता साहू, श्रीमती मोनिका यादव, श्रीमती काजल दुबे, श्रीमती कुसुम साहू आदि शामिल हैं। दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था ट्रेन को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकार, डोमन लाल कोरसेवाडा, साजा विधायक ईश्वर साहू, छाया विधायक खैरागढ़ विक्रांत सिंह के गरिमामय उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

वार्षिक उत्सव सम्पन्न

कुम्हारी। नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय में वार्षिकोत्सव के साथ शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. टी एल वर्मा, विशेष अतिथि रामबिहारी मिश्रा, बबला चंद्राकर, राजकुमार शुक्ला, अवधेश दुबे, निश्चय वाजपई जी, प्राचार्य सुश्री मनीषा साहू जी ने दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात मां सरस्वती वंदना के कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। बच्चो द्वारा नियुद्ध, लेजीम का प्रदर्शन किया गया। शिशु नगरी कार्यक्रम में 50मी दौड़, चम्मच दौड़, फुग्गा, मेंढक दौड़ और अन्य खेलकूद का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रीगणेश वंदना, मां दुर्गा सशक्ती पाठ नृत्य के साथ प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी से द्वादश तक के भैया बहनों ने अपनी प्रस्तुति दी।

क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

पाटन। इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब केसरा के तत्वाधान में स्व मधुकर राव दानी ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष जिपं दुर्ग, दिनेश साहू सभापति, सार्थक दानी, सिद्धार्थ दानी, देवकुमार निषाद पूर्व सदस्य मछुआ कल्याण बोर्ड, कमलेश वर्मा सरपंच, डॉ. ईश्वर निषाद अध्यक्ष अपिवर्ग, अशोक साहू सरपंच, तेजराम सिन्हा ने पूजा अर्चना कर किया। उपाध्यक्ष श्री साहू ने खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि केसरा में निरंतर प्रतिभा निखारने विविध आयोजन होते रहते है। युवा पीढ़ी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। इस अवसर पर लक्की सिन्हा, युवराज निषाद, चेतन ठाकुर, नरेश देवांगन, ज्योतिष निषाद, डुमेश्वर, दानेश्वर, टाकेश्वर, वेदप्रकाश, शुभम ठाकुर, ताम्रध्वज निषाद, नरेंद्र निषाद, जितेंद्र यादव, राजेश निषाद, दिलेश्वर, जग्गू निषाद, संतू सिन्हा सहित आयोजक समिति के सदस्य ग्रामवासी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

राशन दुकान की शुरूआत

नगरी/नवप्रदेश। नगरी-नगर पंचायत नगरी द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में उचित मूल्य राशन दुकान संचालन की व्यवस्था की जा रही है जिसके तहत आज नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 12 सुभाष चंद्र बोस वार्ड में उचित मूल्य कि राशन दुकान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला पार्षद पूनम बलजीत छाबड़ा अश्वनी निषाद भूपेंद्र साहू प्रकाश पुजारी द्वारा किया गया वार्ड में नए राशन दुकान संचालक होने से हितग्राहियों को अब रियायती दर पर खाद्यान्न लेने के लिए दूसरे वार्ड में जाना नहीं पड़ेगा वार्ड पार्षद पूनम बलजीत छाबड़ा ने बताया कि पहले वार्ड वासियों को वार्ड क्रमांक 8 डिपो रोड में अपना खाद्यान्न लेने जाना पड़ता था जिससे उन्हें अत्यधिक तकलीफों का सामना करना पड़ता था हम पार्षदों ने अपनी पार्षद निधि से?800000 का भवन बनकर इसे सोसाइटी संचालन के लिए वार्ड वासियों को दिया है जिस में नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला अश्वनी निषाद प्रकाश पुजारी भूपेंद्र साहू व मेरी स्वयं की पार्षद निधि से यह भवन निर्माण कराया गया है ।

छात्राओं के बीच खेल स्पर्धा थाना प्रभारी ने बांटे ईनाम

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत यातायात एवं सायबर एवं नये कानून के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने एवं समय समय पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को खेल कुद का आयोजन कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी.नगरी श्री मयंक रणसिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी मेचका द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम मेचका के आदिवासी कन्या आश्रम के छात्राओं के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने एवं उनको जागरूकता अभियान का आयोजन कर प्रतिस्पर्धा में विजेता को प्रोत्साहित करने ईनाम वितरण किया गया।थाना प्रभारी मेचका द्वारा छात्राओं के सभी टीमों के खिलाड़ियों को ईनाम वितरण किया।समय-समय पर विभिन्न तरह से कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों के बीच मित्रता बढ़ाने का काम किया जाता है। जिससे ग्रामीणों और पुलिस के बीच संवाद बनी रहे।

अयोध्या धाम के यात्रियों ने रामलला दर्शन योजना को सराहा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अयोध्या धाम के दर्शन कराने प्रदेश सरकार ने रामलला दर्शन योजना शुरू किया है। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत पहली ट्रेन आज दुर्ग से रवाना हो गई है। यह ट्रेन राम भक्तों को छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक पहुंचाएगी। इससे विभिन्न जिलों से पहुंचे जिलेवासी बहुत उत्साहित दिखे। 1340 यात्रीओं ने रोली तिलक लगाकर अपनी-अपनी खुशी जाहिर की। हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को अयोध्या यात्रा पर ले जाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि 22 तारीख को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम विराजित हुए हैं, जिसके तहत छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या तक ट्रेन से भेजा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने लोगों को ले जाने के लिए एक सराहनीय कार्य किया है। श्री राम भगवान का दर्शन कर एक नई ऊर्जा मिलेगी। अपनी खुशी जाहिर करते हुए दुर्ग निवासी श्री खुशनसीब सिंह वार्ड नम्बर 20 आदित्यनगर निवासी ने बताया कि यह हमारे लिए सुनहरा अवसर है।

योजना के तहत अयोध्या धाम का दर्शन करने के लिए हम लोगों को ट्रेन से रवाना किया जा रहा है। यह हमारा सौभाग्य है हम सब इसके लिए आभारी है और अपने समाज, परिवार, देश के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हैं। दुर्ग निवासी श्री डडसेना ने कहा कि राम भगवान का आशीर्वाद हमारे ऊपर बना है, जिसके कारण आज हम अयोध्या में भगवान का दर्शन करने को जा रहे हैं। बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं और उम्मीद है कि हर साल अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कवर्धा जिले के श्री राजकुमार मरावी रैवाखार अंचल निवासी ने जय-जय श्रीराम का नारा लगाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना लागू किया गया जिसका लाभ आज हम लोगों को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ के भांचा का दर्शन करने के लिए अयोध्या धाम जा रहे है। हमें बहुत खुशी हो रही है। इसी प्रकार बालोद जिले के बालसिंग साहू ने कहा कि यह हमारी किस्मत है कि आज हम दर्शन करने को जा रहे हैं। ऐसा सौभाग्य देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

चैंपियनशिप में बीएसपी के 27 खिलाड़ी चयनित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। रांची झारखंड में 8 फरवरी से 12 फरवरी तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली शालेय राष्ट्रीय रोड एवं ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप 2023-24 में बीएसपी साइकिलिंग क्लब के कुल 27 साइकिलिस्ट खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे। इन खिलाड़ियों का दल सोमवार को रांची के लिए रवाना हो गया है। छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के सभी पदाधिकारियों व खेल प्रेमियों ने इन खिलाड़ियों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। बता दें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन से पहले रायपुर में दिनांक 21से 22 अक्टूबर तक आयोजित शालेय राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग,

बस्तर संभाग तथा सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। 14 वर्ष से कम 17 वर्ष से कम तथा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालक बालिकाओं की रोड साइकलिंग तथा ट्रेक साइकलिंग की चौंपियनशिप संपन्न हुई। रोड साइकलिंग में टाइम ट्रायल तथा मास स्टार्ट की क्रमशः 5, 10, 15, तथा 40 किलोमीटर की प्रतियोगिताएं तथा ट्रैक साइकिल में 500 मीटर 1 किलोमीटर 2 किलोमीटर तथा 4 किलोमीटर की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल तथा इंडिविजुअल परसूट की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

इस चैंपियनशिप में दुर्ग संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले सभी 27 खिलाड़ी बीएसपी साइकलिंग क्लब के हैं।

जिन्होंने एक तरफ चैंपियनशिप पर कब्जा किया। उक्त 27 खिलाड़ियों ने रोड एवं ट्रैक साइकिलिंग के 24 इवेंट में भागीदारी की तथा एक के बाद एक 20 स्वर्ण पदक 18 रजत पदक तथा 04 कांस्य पदक, इस प्रकार कुल 42 पदक बटोर कर चौंपियनशिप पर कब्जा किया। स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त करने वाले बीएसपी साइकलिंग क्लब के कुल 27 साइकलिस्ट खिलाड़ियों को रांची झारखंड में 8 फरवरी से 12 फरवरी तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली शालेय राष्ट्रीय रोड एवं ट्रैक साइकिलिंग चौंपियनशिप के लिए चुना गया।

अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध संयंत्र की कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, माननीय संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 7 फरवरी को नेवई के भू माफिया और अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द बेदखली कार्यवाही, भारी पुलिस बल थाना नेवई एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढालसिंह बिसेन की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी। इस दौरान अवैध कब्जाधारियों द्वारा किये गए अवैध निर्माण/कब्जा को जेसीबी मशीन की सहायता से ढहाया गया। कार्यवाही में शामिल मशीनरी तथा उपलब्ध मैनपावर की दक्षता का अधिकतम उपयोग करते हुए, इस कार्यवाही में नेवई में लगभग 2.5 एकड़ बीएसपी की भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया। इस दौरान किसी भी प्रकार के सामानों की जप्ती नहीं की गयी। कुछ अवैध कब्जेधारियों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया, किंतु भारी पुलिस बल के सामने उन्हें निराश होना पड़ा। उक्त बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही, भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के बाद की गयी। कार्यवाही में एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारियों, कर्मचारियों, निजी सुरक्षा गार्डस, पीएचडी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण,भूमि अनुभाग, पुलिस बल बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना से महिलाओं में दिखा उत्साह

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महतारी वंदन योजना शासन की महती योजना है। राज्य शासन व्दारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सदा सुधार परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के तहत् जिले में पात्र महिला हितग्राहियों से फार्म जमा करने की प्रकिया आज तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें महिलाओं में योजना का लाभ लेने के लिए काफी उत्साह भी देखा जा रहा है। अब तक 1 लाख 20 हजार 741 फार्म जमा हुए है। महतारी वंदन योजना का आवेदन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के व्दारा निःशुल्क वार्ड/ग्राम पंचायत में दिया जा रहा है, वही आवेदिकाओं व्दारा आवेदन पत्र को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पुनः आंगनबाड़ी केन्द्रों में जमा किया जा रहा है, जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आवेदनों का सत्यापन कर उसे महतारी वंदना योजना के सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन एन्ट्री किया जा रहा है। अब तक 401 फार्म अपडेट हो चुके है। आवेदन को लेकर विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही है। फर्जी साइट भी वायरल हो रहा है। हितग्राहियों को सचेत किया गया है कि इस तरह फर्जी साइट में फार्म न भरें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाएं काफी संख्या में आवेदन भरने पहुँच रही है। जिले में ऑनलाइन फार्म और ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। जिला स्तर पर फार्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाओं को फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले के हितग्राही 05 फरवरी से आगामी 20 फरवरी 2024 तक निःशुल्क आवेदन कर सकते है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप्प के माध्यम से स्वयं भी आवेदन कर सकती है। इस योजना के तहत फार्म आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी स्तर पर सहित परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय में उपलब्ध है। तीसरे दिवस भी महतारी वंदन योजना का फार्म भरने महिलाएं उमड़ पड़ी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना फार्म भरा। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने महिलाओं में जबरदस्त उमंग देखने को मिल रहा है।

आयुक्त ने की कर वसूली की समीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

स्पैरो कंपनी को दिये 100 प्रतिशत वसूली करने के निर्देश, वसूली में सहायक राजस्व निरीक्षकों की लगाई ड्यूटी

दुर्ग। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आज 7 फरवरी को डाटा सेंटर में राजस्व अधिकारी सहित राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं स्पैरो कंपनी के मैनेजर एवं स्पैरो के समस्त टैक्स कलेक्टरों के द्वारा की जा रही करो कि राशि की वसूली की समीक्षा की। जिसमे उनके द्वारा स्पैरो कंपनी को सख्त निर्देश दिया गया कि कंपनी के द्वारा करो कि वसूली लक्ष्य अनुरूप नहीं की जा रही है जिससे कि नगर निगम के कार्य प्रभावित हो रहे है। उन्होंने कहा कि करो कि वसूली में तेजी लाने के लिए सहायक राजस्व निरीक्षको को भी वसूली कार्य मे सलंग्न किया जा रहा है। उन्होंने फरवरी माह में वसूली हेतु 5 करोड़ रुपये का लक्ष्य किया एवं उनको वसूलने हेतु कार्य योजना भी बतायी एवं उस कार्य योजना में बड़े बकायादारों को अंतिम नोटिस एवं प्रत्येक टैक्स वसूलने वाले कर्मचारियो को 50 घरों में जाकर टैक्स हेतु संपर्क करने एवं प्रतिदिन टैक्स कर्मचारियो को प्रति कर्मचारी टैक्स वसूलने एक-एक लाख रुपए एवं सहायक राजस्व निरीक्षक एवं स्पैरो मैनेजर एवं राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को बड़े बकायादारो से टैक्स राशि वसूलने हेतु संपर्क कर राशि जमा करने के निर्देश दिए गए।एवं राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को टैक्स कलेक्शन की समीक्षा करने हेतु एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, राजस्व उप निरीक्षक निशांत यादव,,योगेश सूरे एवं स्पैरो कंपनी के मैनेजर अंकुर राहुल के अलावा आदि मौजूद रहे।

वन रक्षकों के संरक्षण में हो रही थी लकड़ी की तस्करी, पीसीसीएफ को सौंपी रिपोर्ट में खुलासा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गरियाबंद. रिसगांव परिक्षेत्र के दक्षिण साल्हेभाठ बिट में कई साल पुराने और ऊंचे सागौन के हरे भरे सैकड़ो पेड़ों को काट दिया गया. जिसमें उसी क्षेत्र में तैनात वन अफसरों के मिलीभगत का सनसनी खेज मामला सामने आया है. ओड़िशा नवरंगपुर की सीमा से लगे हुए इस इलाके में सक्रिय 'पुष्पा गैंग' सक्रिय है जो अभ्यारण्य के दागी अफसर और कर्मियों से मिलीभगत कर कटाई को लगातार अंजाम दे रहे थे. उपनिदेशक द्वारा पीसीसीएफ को सौंपे गए रिपोर्ट में दागी अफसरों के कारनामे का जिक्र प्रमाण सहित किया गया है.

रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए वरुण जैन ने बताया कि सितंबर से लेकर जनवरी तक हुई कार्रवाई के दरम्यान पाए गए कई तकनीकी तथ्य के अलावा मुखबिर से मिली सूचना की पुष्टि किए जाने के बाद हमने तीन महीने तक सूक्ष्मता से कड़ियों को जोड़कर पड़ताल की. जिसमें एसडीओ मेहतर राम साहू, डिप्टी रेंजर देवशरण साहू, वन रक्षक केशव पांडेय और दैनिक वेतन भोगी निमेश यादव की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्तता पाई गई. जिसकी विस्तृत रिपोर्ट भेज कार्रवाई की अनुशंसा की गई है. 26 सितंबर को नवरंगपुर जिले के सोनपुर गांव में अभ्यारण्य की एंटी पोचिंग टीम ने कई घरों में छापेमारी कर सागौन के लाखों रुपये के चिरान और फर्नीचर बरामद किया था. यह इलाका टाइगर रिजर्व की सीमा से 15 से किमी की दूरी पर था. पूछताछ में पता चला कि ये सागौन अभयारण्य के कोर इलाके से आ रहे हैं. बताया गया कि पश्चिम बंगाल से जुड़े ये कारीगर फर्नीचर को ओडिशा की नामी जगह के अलावा आंध्र प्रदेश और कलकत्ता के कारोबारियों को सप्लाई करते हैं. एंटी पोचिंग टीम के मुखबिर ने तस्करी के इस बड़े खेल में विभागीय मिलीभगत के संकेत भी दे दिए. इसी दिन से उपनिदेशक वरुण जैन की टीम ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी थी. वरुण जैन ने इस इनपुट के बाद पहले तो खरबारी बिट का निरक्षण किया. जहां समान्य कटाई के अवशेष मिले थे. सोनपुर से मिले नेटवर्क के बाद एंटी पोचिंग टीम ने सप्लाई नेटवर्क के अलावा संलिप्त लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी. कुछ जगह नए मैदानी कर्मी भी तैनात कर दिए गए. इसी बीच 25 दिसंबर को साल्हेभाठा बिट में तैनात नए वन चौकीदार उदय राम ने लकड़ी काटने के औजार से लैस 15 साइकल से ओडिसा के गिरोह के कोर एरिया में प्रवेश की सूचना डिप्टी रेंजर देवशरण साहू को दी।

स्प्रिंगबोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने मनमोहा

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्प्रिंगबोर्ड पब्लिक स्कूल सोहागपुर गरियाबंद का वार्षिक उत्सव स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, आशीष शर्मा, पारस ठाकुर, नीलांबर सोम, सुरेखा साहू एवं मुकुन्द बाघ ने दीप प्रज्वलित कर किया

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुवात कक्षा पहली के बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य से किया गया । कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के नन्हे बच्चो ने भारतीय संस्कृति एवं देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। शाला के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा सोशल मीडिया के अत्याधिक प्रयोग एवं उसके दुष्प्रभाव को बतलाने हेतु नाटक प्रस्तुत किया गया ।

मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चो एवं स्कूल शिक्षकों के परिश्रम एवं अद्भुत प्रस्तुति की भरपुर सराहना की गई। मुख्य अतिथि लालिमा ठाकुर ने समस्त अभिभावकों से बच्चो को शिक्षा एवं जीवन मे आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रोत्साहित करने की अपील की । शाला के संचालक इसहाक बाघ एवं मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के मध्य मे विगत शिक्षा सत्र 2022-23 मे जवाहर नवोदय एवं प्रयास विद्यालय मे चयनित विद्यार्थी कुमारी सालिन ध्रुव, कुमारी कविता साहू तथा सनद कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । समारोह के अंत मे प्राचार्या कुसुम बाघ ने मुख्य अतिथियों, सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं सभी छात्रों का हृदय से आभार व्यक्त किया ।

जनजाति कमार परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण

नगरी/ नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जनजाति कमार परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने बताया कि योजना के तहत जिले के तीनों विकासखण्ड धमतरी, मगरलोड एवं नगरी स्थित कमार बसाहटों में मोबाईल यूनिट एम्बुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 11 यूनिट के माध्यम से 172 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा भी दी गई। स्वास्थ्य जांच के दौरान 52 दांत से संबंधित, 113 हायपर टेंशन, 120 मधुमेह, 31 आंख और मलेरिया/डेंगू के 10 मरीज पाये गये।

राजिम कुंभ कल्प मेला तैयारी की समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के पवित्र धार्मिक नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में प्रतिवर्ष लगने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 08 मार्च तक किया जायेगा। मेला हेतु स्थल तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गई है। मेला के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल/प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी जिला प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर राजिम कुंभ कल्प मेला स्थल तैयारी की अद्यतन समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाएं हेतु स्वास्थ्य शिविर, लक्ष्मण झूला, स्नान कुंड, वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था, मेला स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल एवं टॉयलेट व्यवस्था, मंदिरो की पोताई एवं आकर्षक साज-सज्जा, विभागवार स्वागत गेट निर्माण, महानदी आरती स्थल पर समुचित प्रबंध, दाल-भात केन्द्र व राशन आबंटन की स्थिति सहित मेला में दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था समय पर पूर्ण कर लेने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प मेला के संपर्क मार्गो का मरम्मत कार्य व उबड़-खाबड़ मार्गो का डामरीकरण एवं क्रांकीटीकरण कराने, हेलिपैड, संकेतक बोर्ड लगाने, पानी टैंकर, पंडाल, मेला क्षेत्र के अंतर्गत संत-समागम स्थल, मुख्य मंच, लोमस ऋषि आश्रम सहित अन्य क्षेत्रों में बिना अवरोध विद्युत की आपूर्ति की व्यवस्था करने, हाईमास्क टॉवर लगाने, सड़को की बैरिकेटिंग, साधु-संतों के रहने की व्यवस्था के लिए बांस-बल्लियां लगाएं।

अवैध बेजा कब्जे पर चला बुलडोजर

भटगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलटिकरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में करीब 14 लोगों के द्वारा शासकीय जमीन 14 एकड़ 80 डिसमिल जमीन को बेजा कब्जा कर लिया गया था जिसमें से 13 लोगों के बेजा कब्जा को पूर्व में हटाया जा चुका है वहीं वर्तमान में बेलटिकरी निवासी लोकनाथ साहू एवं उनके परिवार वालों के द्वारा किए गए बेजा कब्जा को भटगांव तहसीलदार अर्पण कुर्रे की उपस्थिति में एवं ग्राम पंचायत के सरपंच हरिशंकर जायसवाल के

अगवाई में ग्रामीणों ने जेसीबी वाहन और पोकलेन मशीन के माध्यम से हटाया गया । बता दे की मंगलवार सुबह 10:00 बजे से पटवारी एवं अन्य राजस्व अधिकारियों के द्वारा सीमांकन किया जा रहा था।

न्यूज गैलरी

महतारी वंदन योजना, 3 सीडीपीओ के माध्यम से भी किया जा सकता है आवेदन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। महिला बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना में आवेदन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे फर्जी लिंक से महिलाओं को सावधान रहने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा मोबाइल ऐप जारी किया गया है, इस लिंक और एप्प पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती है।

आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नही देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आगंनबाड़ी केन्द्र,ग्राम पंचायत सचिव, और बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) से संपर्क कर उनके लॉगिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती है।

महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पात्र आवेदकों को फॉर्म भरने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा फर्जी लिंक सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।

मनीष, पायल और राशि को छग टैलेंट ऐक्स सम्मान

नवागढ़/नवप्रदेश। माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल नवागढ़ के कक्षा पांचवी के छात्र मनीष निषाद पिता सुरेश निषाद को छत्तीसगढ़ रैंक 127, पायल निषाद पिता महेश निषाद को छत्तीसगढ़ रैंक 148, राशि मंडल पिता मंडल को छत्तीसगढ़ रैंक 49 प्राप्त करने पर टैलेंट एक्स 2024 मैडल से रायपुर में सम्मानित किया गया।

तीनों को ऐलेन कैरियर एस्टीट्यूट पचपेड़ी नाका रायपुर में सम्मानित किया गया। उन्होंने ऐलेन कैरियर एस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित वार्षिक टैलेंट एक्स 2024 में भाग लिया था, जिसमें उच्च कोटि के रैंक प्राप्त कर नवागढ़ को गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो कि टैलेंट एक्स 2024 परीक्षा एक ऐसी परीक्षा हैं जिसके माध्यम से छात्राओं को अपने शैक्षणिक विकास के बारे में मालूम हो जाता है, हर साल सह परीक्षा ऐलेन कैरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कक्षा पांचवी से दसवी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए आयोजित किया जाता हैं।

कलेक्टर गांधी ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

धमतरी/नवप्रदेश। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने तथा उन योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जनसम्पर्क विभाग की एलईडी वैन को गंगरेल स्थित रेस्ट हाउस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर ने जिलेवासियों से शासकीय योजनाओं को समझ कर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। यह वैन अगले एक महीनें तक धमतरी जिले की ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराएगी।

इस एलईडी वैन पर हमने बनाया, हम ही संवारेंगे और मोदी की गारंटी (प्रधानमंत्री) तथा विष्णु का सुशासन (मुख्यमंत्री) स्लोगन के साथ महतारी वंदन योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दावा आपत्ति 12 फरवरी तक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। शैक्षणिक सत्र 2023-24 से संचालित होने वाले नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करहीबाजार में स्वीकृत 24 संविदा पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें प्राप्त आवेदनों के परीक्षण पश्चात् पात्र/अपात्र की सूची जारी किया जा रहा है। अपात्र अभ्यर्थी 12 फरवरी तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किए जाएंगे। पात्र/अपात्र की सूची जिले के वेबसाइट में भी अपलोड कर दी गई है। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी ने दी।

राइस मिल के प्रदूषण से परेशान ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर के पास

ग्रामसभा में चर्चा किए बगैर पंचायत द्वारा हिन्द फूड इंडस्ट्रीज को एनओसी जारी कर दिया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। फिंगेश्वर के बोरसी के ग्रामीण गांव के राइस मिल से होने वाले प्रदूषण से लोग परेशान हैं। ग्रामीण हुमन साहू कैलाश निषाद बलराम साहू लोकनाथ साहू भारत लाल आदि ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया है। इसमें सबसे बड़ी मजे की बात यह है कि जिस महिला सरपंच ने एनओसी जारी की थी। कलेक्टर को सौंपे आवेदन में उपरोक्त महिला सरपंच के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों की जानकारी और ग्रामसभा में चर्चा किए बगैर पंचायत द्वारा हिन्द फ़ूड इंडस्ट्रीज को एनओसी जारी कर दिया गया। ग्राम बोरसी की भूमि खसरा नंबर 228 /3 , 228/4 , 227, 224 पर जब से प्लांट लगना शुरू हुआ। तब से ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण, तहसीलदार, एसडीएम, थाना प्रभारी ,कलेक्टर ,विधायक, सांसद तक इस राइस मिल को हटाने की फरियाद कर चुके हैं। किंतु अब तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

उक्त राइस मिल में स्टीम बायलर भी लगाया गया है। इससे होने वाले प्रदूषण से गांव के लोग परेशान हैं।

उनका कहना है कि उक्त राइस मिल की स्थापना अवैधानिक एनओसी लेकर की गई है। इसीलिये राइस मिल की एनओसी निरस्त की जाए। मजे की बात यह है कि जिस महिला सरपंच के रहते एनओसी जारी किया गया, आज जिलाधीश को प्रस्तुत आवेदन में उसी सरपंच तारिणी सिन्हा के भी हस्ताक्षर थे।

यह है नियम

राइस मिल स्थापना के पूर्व पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से एनओसी लेना होता है। राइस मिल में ई.टी.पी. प्लांट लगाना आवश्यक होता है। एक सक्शन मशीन लगाई जाती है। जिससे पॉल्यूशन कंट्रोल हो सके। राइस मिल में लगने वाली चिमनी का मापदंड भी तय होता है। किन्तु अक्सर देखने में आता है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारियों से मिलीभगत कर बिना मापदंडों को पूरा किये एनओसी जारी कर दी जाती है।

वर्तमान में गरियाबंद जिले में धड़ल्ले से राइस मिलें लगाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार अधिकारी चांदी काट रहे हैं। गरियाबंद नगर के अंदर भी नियमों को दरकिनार कर राइस मिलें संचालित है।

713 किसानों से 8 लाख 72 हजार 163 मे. टन धान खरीदी

किसानों को कुल 19 सौ करोड़ 40 लाख 4 हजार 32 रुपये का भुगतान किया गया

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। धान खरीदी के अंतिम दिन 97 उपार्जन केन्द्रों में कुल 823 किसानों ने 13 हजार 660 क्विंटल धान बेचकर धान खरीदी त्यौहार का समापन किया। 1 नवम्बर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के तहत जिले के 1 लाख 56 हजार 713 किसानों से 8 लाख 72 हजार 163 मे..टन धान खरीदी की गई है। जिसके एवज में सभी किसानों को कुल 19 सौ करोड़ 40 लाख 4 हजार 32 रूपये राशि का भुगतान किया गया है। इस वर्ष धान खरीदी की समुचित व्यवस्थाओं से किसान काफी गदगद हुए है। उन्होंने शासन की खरीदी व्यवस्था की तारीफ करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

जिले के खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले में 1 लाख 60 हजार 817 किसान पंजीकृत थे। जिसमें 166 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1 लाख 56 हजार 713 किसानों ने 8 लाख 72 हजार 163 मे.टन धान बेचे है। जो कि कुल रकबा का 97.45 प्रतिशत है। जिसमें मोटा धान 2 लाख 15 हजार 714 मे.टन, पतला 5 हजार 542में.टन एवं सरना 6 लाख 50 हजार 907 मे.टन शामिल है। इसके साथ ही 91 प्रतिशत धान का उठाव उपार्जनों केन्द्रों से किया जा चुका है। आने वाले दिनों में उक्त उठाव 100 प्रतिशत हो जायेगी। इसी तरह जिले के 15 सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम किसानों के खाते में 19 सौ करोड़ 40 लाख 4 हजार 32 रूपये राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। लाभान्वित किसानों में शाखा कोसमंदी के 5923 किसानों को 67 करोड़ 86 लाख रूपये,पलारी 6159 किसानों को 70 करोड़ 9 लाख 83 हजार रूपये, निपनिया 11086 किसानों को 1 सौ 40 करोड़ 98 लाख 31 हजार रूपये, कोदवा 10182 किसानों को 1 सौ 22 करोड़ 81 लाख 51 हजार रूपये, वटगन 6532 किसानों को 83 करोड़ 72 लाख 9 हजार रूपये, भटभेरा 8457 किसानों को 99 करोड़ 44 लाख 2 हजार रूपये, कसडोल 13714 किसानों को 1 सौ 59 करोड़ 64 लाख 8 हजार रूपये, हथबंद 8346 किसानों को 100 करोड़ 85 लाख 79 हजार रूपये, भाटापारा 12415 किसानों को 1 सौ 46 करोड़ 95 लाख 1 हजार रूपये, लवन 13739 किसानों को 1 सौ 59 करोड़ 83 लाख 51 हजार रूपये, टुण्डरा नवीन 9838 किसानों को 1 सौ 14 करोड़ 58 लाख 4 हजार रूपये, बलौदाबाजार

17156 किसानों को 2 सौ 7 करोड़ 85 लाख 38 हजार रूपये, सिमगा 15679 किसानों को 1 सौ 80 करोड़ 56 लाख 43 हजार रूपये, बया 9442 किसानों को 1 सौ 52 करोड़ 79 लाख 56 हजार रूपये एवं रोहांसी 8046 किसानों को 96 करोड़ 4 लाख 67 हजार रूपये राशि का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में जिले में इस वर्ष 7 हजार 547 अधिक किसानों अपने धान बेचे है। कलेक्टर ने धान खरीदी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति जताया आभार कलेक्टर चंदन कुमार ने जिलें मे निर्विवाद पूर्ण तरीके से धान खरीदी होने पर खरीदी में लगे विभिन्न विभागों के सभी मैदानी कर्मचारी, अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशो के अनुरूप धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई तकलीफ न हो इसका मैदानी कर्मचारियों ने विशेष ध्यान रखा।

कसडोल विधानसभा से लोकसभा प्रत्याशी बनाने की मांग सरपंच संघ के अध्यक्ष ने की

कसडोल /नवप्रदेश। बलौदाबाजार। सरपंच संघ अध्यक्ष पलारी, भाजपा मंडल पलारी उपाध्यक्ष चरण दास तेहरवंश ने प्रेस वार्ता में ये कहा है की विधान सभा के चुनाव पूर्ण होते ही कुछ दिनों के बाद लोक सभा की चुनाव होना है तारिख लगभग नजदीक आ रही है लगभग 16 अप्रैल को चुनाव हो जायेगा जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित क्षेत्र है। लोक सभा चुनाव की तैयारिया सभी पार्टी कर रहे है। मैं एक छोटे कार्यकर्ता होने के नाते हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह , प्रदेश अध्यक्ष किरण देव प्रदेश भाजपा संगठन के सभी सदस्यों से छोटे से कार्य कर्ता होने के नाते मांग करना चाहता हू की सबसे पहले यह संसदीय छेत्र सारंगगढ में था लगातार स्वर्गीय परस राम भारद्वाज लंबे समय तक सांसद रहे फिर एक बार पी आर खुटे सांसद बने उसके बाद परिसीमन हुवा सारंगढ़ अलग होकर जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र बन गया।तभी से अब तक भाजपा के प्रत्याशी इस क्षेत्र से सांसद बनते आ रहे है क्षेत्र बहुत बड़ा है किंतु मैं भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता होने के नाते मांग करता हु की अब जांजगीर चांपा लोकसभा के सांसद प्रत्यासी कसडोल विधान सभा के किसी भी कार्य कर्ता को बनाया जाय।इसमें किसी भी कार्य कर्ता को नाराजगी नही होना चाहिए।क्योंकी जांजगीर चांपा और कसडोल विधान सभा के सभी भाजपा कार्य कर्ता

समान है किंतु साथियों बहुत बार अन्य विधानसभा से सांसद बनते आ रहे है तो एक बार हमे कसडोल विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता को मौका मिलना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश भाजपा के सभी मंत्री विधायक संगठन के सभी सदस्यों एवम जांजगीर चांपा लोग सभा के प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल एवम जांजगीर चांपा के सभी भाजपा कार्य कर्ता नेताओ से मतदाताओं से करबद्ध प्रार्थना है की एक बार कसडोल विधान सभा से सांसद की प्रत्यासी किसी भी कार्य कर्ता को बनाया जाये।और ऐसे कार्य कर्ता को टिकट मिलना चाहिए।

गणना करने आए वैज्ञानिकों की टीम को मिले 3 दर्जन मगरमच्छ

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में मगरमच्छों की गणना में कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली एवं बिलासपुर से 25 वैज्ञानिकों की टौम ने दो दिन में तीस किलोमीटर लंबी कांगेर नदी के भैंसादरहा (झीलनुमा गहराई वाला स्थल) सहित डेढ़ दर्जन चिन्हित स्थलों में मगरमच्छ मिले। लगभग 35 मगरमच्छ हैं, पर वैज्ञानिकों की टीम ने गणना की फायनल रिपोर्ट नहीं दी, रिपोर्ट मिलने से संख्या और बढ़ेगी।

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की टीम मगरमच्छ की गणना की रिपोर्ट से पता चल पाएगा कितने मगरमच्छ हैं, कितने नर, मादा एवं किस प्रजाति के हैं। बताया जा रहा है कि उद्यान से सटे गांवों के ग्रामीण युवा मगरमच्छ को संरक्षित करने में जुटे हुए हैं, जो मगरमच्छ के अंडे आदि को संरक्षित करने में जुटे रहते हैं। मगरमच्छ की गणना के लिए पूर्व में वैज्ञानिकों को प्रोजेक्टर से दिखाया कि मगरमच्छों के पदचिन्हों एवं मगरमच्छ के बच्चों से नर एवं मादा की जानकारी लेंगे, साथ ही किस-किस प्रजाति के मगरमच्छ हैं। विदित हो कि यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने प्रस्तावित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की पहचान यहां की गुफाओं, शैल संरचनाओं, सघन वन, झरनों और जलप्रपातों आदि के साथ ही जैव विविधता के लिए भी है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर खनिज न्यास निधि में भ्रष्टाचार

ठेकेदार पर जनप्रतिनिधि का संरक्षण, अधिकारियों का आशीर्वाद

भानुप्रतापपुर /नवप्रदेश। खनिज न्यास निधि राशि का दुरुपयोग कैसे किया जाना है कांकेर जिला से बेहतर और कोई उदाहरण नही हो सकता। जिले के सभी ब्लाको में खनिज न्यास निधि से करोड़ों राशि में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। निम्न क्वालिटी के सामग्रियों कि खरीदी जनप्रतिनिधी के चाहते ठेकेदार द्वारा तीन-तीन गुना अधिक दामो पर किया गया। वही इस कार्य मे भारी भ्रष्टाचार किये जाने के शिकायत करने के बावजूद सम्बंधित के खिलाफ जांच व कार्यवाही नही किया जाना अधिकारियों के भी संलिप्तता से इनकार नही किया जा सकता है।

फोकट के चंदन घस भाई लल्लु की कहावत आपने पहली सुनी होगी उसी कहावत को आज जनप्रतिनिधी एवं अधिकारी मिलकर ठेकेदार के माध्यम से चरितार्थ करने में लगे हुए है। सूचना के अधिकार के तहत निकाले गए दस्तावेज के आधार पर भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के द्वारा खनिज न्यास निधि से 52 पंचायतो में एक- एक लाख रुपए की सांस्कृतिक गतिविधियों के नाम से टेंट आशियाना प्रति नग 1400, लोहे का खंभा प्रति नग 850,लोहे का आड़ी खंभा

प्रति नग 750, चटाई मेट प्रति नग 1050, पर्दा प्रति नग 1300, पेटी ट्रंक प्रति नग 3900, एवं कुर्सी प्रति नग 480 की दर से सामग्री वितरण की गई जिसके लिए 5 सितम्बर को गुपचुप तरीके से कम प्रसारित एवं जो भानुप्रतापपुर में वितरण नही होता ऐसे दैनिक अखबार में निविदा का प्रकाशन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के द्वारा निविदा का प्रकाशन करवाया गया। बता दे कि हो हल्ला न हो उसके लिए जनप्रतिनिधी, अधिकारी एवं उनके ठेकेदार के द्वारा निविदा का प्रकाशन सिटी एडिशन में कराया गया जो भानुप्रतापपुर में आती नही है। जनप्रतिनिधी के चाहते ठेकेदार के द्वारा तगड़ी सेटिंग्स व प्लानिंग के तहत गुपचुप तरीके से कार्य को अंजाम दिया गया। भ्रष्टाचार के इस कार्य मे कुछ स्थानीय नेताओं ने भी ठेकेदार का भरपुर साथ दिया है, आखिर क्यों साथ दिया है इसका मतलब बताने की जरूरत नही है आप लोग भलीभांति समझ सकते है।बता दे कि भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत कुल 52 पंचायत है। जिसमे 21 ग्राम पंचायतों मेंअभी तक ठेकेदार के द्वारा सामग्री दिया जा चुका है।

वार्षिकोत्सव में शामिल कलेक्टर ने किया सम्मान

बीजापुर/नवप्रदेश। बिलाईगढ़/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला , कन्या माध्यमिक , उच्चतर माध्यमिक बिलाईगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर के एल चौहान,जिला सीईओ हरिशंकर चौहान,अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती स्निग्धा तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सोनल भट्ट, शेखर भट्ट, जिला मंत्री एवं पार्षद रामनारायण देवांगन,नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेश देवांगन, टीकाराम जायसवाल,युवराज शरण सिंह एसएमसी अध्यक्ष , अधिवक्ता संघ अध्यक्ष आशीष भट्ट ,बीआरसी नेतराम रात्रे,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी.पी.सोनी,आर. के.भोई ,विद्याभूषण कुर्रे एसएमसी अध्यक्ष, सीएमओ नगर पंचायत बिलाईगढ़,पार्षदगण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेश देवांगन द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर की गई। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक नुक्कड़ सरस्वती वंदना ,राज्य गीत,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुआ ,कर्मा बस्तरिया गीत आदि प्रस्तुत किए। कलेक्टर चौहान ने कक्षा में होनहार बच्चों को विभिन्न विधाओं में दक्ष बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड से सम्मानित किया गया। स्कूल के शिक्षक कश्यप एवम डडसेनाद्वारा शाला के विभिन्न

मांगों जैसे शाला भवन हायर सेकेंडरी , अहाता निर्माण, शौचालय , बोरवेल खुदाई की मांग जिलाधीश महोदय से किया गय, जिलाधीश ने अपने संबोधन में एक सप्ताह में बोरवेल की खनन व शौचालय की स्वीकृति प्रदान की साथ ही अहाता ,स्कूल बिल्डिंग बनाने का आश्वासन दिया और बच्चों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर अपने रुचि अनुसार आगे बढ़ने प्रेरित किया।

महतारी वंदन के तहत भरवाए जा रहे फार्म का कलेक्टर ने किया अवलोकन

कोंडागांव/नवप्रदेश। गौरेला/पेंड्रा/मरवाही/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सारबहरा, पतरकोनी एवं तरईगांव में आयोजित शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत भरवाए जा रहे आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के लिए निर्धारित पात्रता के अनुरूप आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कराने के निर्देश पंचायत सचिवों को दिए। साथ ही कहा कि फार्म के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेज-पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर आदि की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए ताकि स्क्रूटनी एवं पोर्टल में एंट्री करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। कलेक्टर ने

शिविर में उपस्थित महिलाओं से चर्चा की, उनसे योजना का नाम एवं योजना से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी ली। इस योजना को लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया।

रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ, विजेता को 2 लाख, उपविजेता को 1 लाख का इनाम

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ सोमवार को पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य लखनलाल ध्रुव, बंटी नाग, राजेंद्र सोनी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नगरी,पेमन स्वर्णबेर, पार्षद जियाउद्दीन रिजवी, सुनीता निर्मलकर बबला कश्यप, रवि ठाकुर,उपस्थित हुए। स्पर्धा में 32 टीमों के बीच मुकाबला होगा, जिसमें विजेता को 2 लाख रुपए व कप तथा उपविजेता को एक लाख रुपए व कप प्रदान किया जाएगा। इस स्पर्धा का यह तीसरा साल है। आयोजन को लेकर नगरी में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। पूरा मैदान में दूधिया रौशनी से नहा रहा है, साउंड सिस्टम के साथ कवरेज भी किया जा रहा है, निर्णय के लिए थर्ड अंपायर रखा गया है। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि नगरी क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति दीवानगी का नजारा मैदान में बड़ी संख्या में पहुंची दर्शकों की भीड़ के रूप में दिखाई दे रहा है। यही भीड़ आयोजन कर्ताओं को भव्य आयोजन का हौसला देती है। ऐसे आयोजन से प्रतिभाओ को उभरने का मौका मिलता है, जिससे कहा जा सकता है कि क्रिकेट के प्रति दीवानगी नगरी क्षेत्र को नई पहचान दिलायेगीं। खेलो से जहां हम स्वस्थ रहते है वहीं करियर निर्माण की भी संभावना है, इसलिए विद्यार्थियों को खेलों को अपने जीवन मे जरूर शामिल करना चाहिए पर प्राथमिकता हमेशा शिक्षा को देना चाहिए। जो विद्यार्थी पढ़ाई और शिक्षा में बेहतर सामंजस्य बैठाने में सफ्ल होता है वह अच्छी सेहत के साथ सफ्लता की मंजिल को हासिल करता है। नगरी आंचल में क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन कर स्पोर्ट्स क्लब ने जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर दिया। पहला शुभारम मैच एमआईके नगरी व कोण्डागांव के बीच खेला गया।

सभी को मिलना चाहिए महतारी वंदन योजना का लाभ : चोवा

कर्जा माफी की घोषणा की तरह अब महतारी वंदन योजना में भी भाजपा ने दिखाया ठेंगा

कवर्धा/नवप्रदेश। चोवा साहू ने कहा कि भाजपा अपनी झूठी चुनावी घोषणाओं के दम पर प्रदेश की सत्ता हांसिल कर ली। अब सत्ता हांसिल करने के बाद भाजपा की कथनी और करनी उजागर होने लगी है। सत्ता पाने के बाद जिस ढंग से भाजपा ने प्रदेश के किसानो से किए गए कर्जा माफी के वायदे से पलटी मार दी ठीक उसी तरह अब भाजपा की सरकार ने अपनी महात्वाकांक्षी और महिला सशक्तिकरण के नाम से बनाई गई महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं को ठेंगा दिखा दिया है। उक्त बातें कांग्रेस के युवा नेता और कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवा साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पूर्व मतदाताओं को रिझाने और उन्हें बरगलाने के लिए किस-किस ढंग से झूठे वायदे किए थे आज सोशल मीडिया में इसके कई वीडियों वॉयरल है। उन्होने कहा कि चुनाव के पूर्व भाजपा के कवर्धा विधानसभा प्रत्याशी और वर्तमान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने चुनाव के पूर्व किसानो से दो लाख तक का कर्जा माफ किए जाने का वायदा किया था। लेकिन चुनाव जीतने के बाद भाजपा की सरकार ने अपने इस वायदे से कन्नी काट ली। वहीं चुनाव के पूर्व कवर्धा विधानसभा प्रत्याशी और वर्तमान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने चुनावी मंचों में सार्वजनिक रूप से ऐलान किया था कि प्रदेश की हर विवाहित महिला को भाजपा की सरकार आने पर महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपए दिए जाएंगे। यहां तक की उन्होने कहा था कि इस योजना का लाभ कलेक्टर की पत्नी से लेकर सभी वर्ग की विवाहित महिलाओं को दिया जाएगा। लेकिन आज सत्ता में आने के बाद भाजपा की सरकार ने महतारी वंदन योजना की जो पात्रता निर्धारित की है उसमें ऐसी महिलाओं को अपात्र माना है जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता हो। परिवार के कोई भी सदस्य भारत सरकार, राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मंडल, स्थानीय निकाय में स्थायी, अस्थायी पदो पर कार्यरत परिवार को योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

हिंदू संगम में मामूली बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए, संदेही गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक में 5 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित हिंदू संगम में मामूली बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए.

बदमाशों ने अचानक मंच में आकर की चाकूबाजी और जमकर चले लात घुसे से दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं. इस घटना से कार्यक्रम में अफरातफरी मच गई. पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही. बहरहाल कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है.आखिर किस कारण से एक पक्ष ने चाकू से हमला किया, पुलिस इसकी जांच कर रही. वहीं घायलों को बोड़ला उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है. बोड़ला पुलिस तीन लोगों को हिरासत में मामले की जांच कर रही. इस मामले में एसएसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मामूली बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े हैं. दोनों ही पक्ष से करीब 4 लोग घायल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल मामले में संदेहियों से पूछताछ की जा रही है. मामले को शांत कर लिया गया है.

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय समीक्षा सलाहकार समिति की बैठक आज

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबन्धक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सितंबर 2023 व दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही की जिला समन्वयक समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा सलाहकार समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में 9 फरवरी 2024 को सायं 04:00 बजे आयोजित की गई है। उन्होंने सर्व सम्बन्धितों को निर्धारित दिवस एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के संचालन उड़नदस्ता दल गठित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 दिनांक 11 फरवरी 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे एवं अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।परीक्षा के संचालन का देख रेख प्रश्न पत्र के सीलबंद गोपनीय पैकेट्स को परीक्षा केन्द्र तक समुचित सुरक्षा व्यवस्था में पहुंचाने, परीक्षा में अनैतिक कार्यों व नकल आदि को रोकने, परीक्षा समाप्ति पश्चात अभ्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी एकत्रित करने एवं परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष से सीलबंद पार्सल एकत्रित कर नोडल अधिकारी को सुपुर्द करने हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

निजी स्कूल को शो कॉज जारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर स्थित निजी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 6वीं की छात्रा द्वारा आत्महत्या की घटना संज्ञान में आते ही प्रारम्भिक जांच पश्चात परिजनों की शिकायत पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही की है। कलेक्टर सरगुजा द्वारा विद्यालय प्रबन्धन एवं प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि सम्बन्धित शिक्षक एवं संस्था का उक्त व्यवहार भारतीय दण्ड संहिता एवं संविधान द्वारा बच्चों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों से सर्वथा विपरीत है, जो दण्डनीय है। नोटिस में संस्था को प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र निरस्त करने का प्रस्ताव शासन को क्यों ना भेजा जाए, इसका कारण बताते हुए 03 दिवस के भीतर समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, संतोषजनक जवाब प्रस्तुत ना किए जाने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

तोषन बरेला बने जिला अध्यक्ष

मुंगेली/नवप्रदेश। मानिकपुरी पनिका समाज जिला इकाई के निर्वाचित पदाधिकारी की सूची जारी की गई है। जिसमें तोषन दास मानिकपुरी बरेला जिला अध्यक्ष बने। बारगांव के विष्णुदास मानिकपुरी कोषाध्यक्ष बने। इसके साथ ही रोहरा के विष्णुदास मानिकपुरी सचिव बने।इस अवसर पर मंहत आरती दास, देवादास, अभियानंद, निर्मल दास, मुक्ति दास, सुखदान, हेमंतदास चंद्रा, रमेशदास, ज्ञानेशदात, हिरादास, मंगल दास नीलुदास, होरीदास, राजेन्द्र, रतनदास, अरुण दास, अगम, निगम दास, शीशुपाल, सौरभदास। दिनेशदास, गुलाब दास विष्णु के साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

छात्रों ने सीनियरों को दी विदाई

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय के बीएससी प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा अपने सीनियरो को विदाई दी गयी। विदाई समारोह की शुरुआत सीनियरो की एंट्री के साथ हुई। कार्यक्रम में हुए इवेंट्स मे सूरज कश्यप बने स्मार्ट इन टाउन, आरसी बनी मिस फेयरवेल और आयुष बने मिस्टर फेयरवेल वही मिस रेम्प वॉक के टाइटल छाया व मिस्टर रेम्प वॉक बने सुमेर। कार्यक्रम के अंत मे सीनियरो ने अपनी-अपनी कुछ अच्छी यादगार लम्हे शेयर किये और जुनियर को शुभकामनाएं दिये। प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों के विशेष सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिले के खरीदी केंद्रों में डेढ़ लाख टन धान जमा

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में इस बार धान की बंपर खरीदी हुई है। इस बार 73 हजार 377 किसानों से 5 लाख 39 हजार 145 टन धान खरीदा गया है। लक्ष्य से ज्यादा खरीदी हुई है। जिले में 109 पंजीकृत राइस मिल हैं। डीओ के माध्यम से 10 दिन के भीतर समिति में जाकर धान का उठाव किया जाना है। 10 दिन से अतिरिक्त समय लगने पर जुर्माना भी लगाया जाता है। खरीदी शुरू के साथ ही धान का उठाव भी चालू हो जाता है।

अब तक 4 लाख 19 हजार 750 टन का डीओ कटा है। इसमें 3 लाख 88 हजार 138 टन धान का उठाव ही हो सका है। धान खरीदी समाप्त होने के बाद शासन से आवंटन के डिमांड नहीं मिलने से समितियों में 1 लाख 51 हजार एमटी धान में रखा है। पिछले दो चार दिनों से गर्मी काफी बढ़ गई है। समितियों को सूखत की चिंता सता रही है। केंद्रों में हजारों टन धान जाम, प्रबंधकों की बढ़ी परेशानी- समितियों में धान खरीदी समाप्त होने के बाद डीओ नहीं कट रहा है। गर्मी में सूखत से धान की शॉर्टेज आएगा। हालांकि शॉर्टेज की आड़ में ही समितियों में धान की चोरी भी होती है। कुछ समितियों में तौल से अधिक धान लेने की शिकायत आती रही है। समिति के कर्मचारी सूखत की शॉर्टेज से बचने के लिए धान अधिक लेते हैं। इसके बाद भी सूखत की आड़ में धान की हेराफेरी होती है।

समितियों में धान का उठाव में देर से होगा तो प्रति बोरी दो से तीन तीनों किलो तक धान कम हो सकता है। इधर खाद्य विभाग के द्वारा शासन से आवंटन का डिमांड नहीं आने की

शासन से नहीं मिल रहा आवंटन का डिमांड

जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 51 हजार टन धान जाम है। दरअसल उसना चावल की डिमांड अधिक होती है। यह दूसरे राज्यों में भेजा जाता है। अरवा की डिमांड कम होने से सरना का डीओ नहीं कट रहा है। डिमांड नहीं मिलने उठाव में भी परेशानी हो रही है। इससे समिति के लोग परेशान हैं। एक समिति संचालक ने बताया कि पिछले साल जीरो शॉर्टेज पर दिया जाने वाला कमीशन समितियों को नहीं मिला है।

पुलिस का अपराधियों में होगा खौफ नागरिकों को शांति और सुरक्षा- अंकिता

सक्ती/नवप्रदेश। । जिले की नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपना परिचय देते हुए पत्रकारों से परिचय प्राप्त किया तथा बेसिक पुलिसिंग कार्यों पर फोकस करते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया।

आईपीएस अंकिता शर्मा ने बताया कि वह 2018 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। बेसिक ट्रेनिंग के बाद इन्हें बतौर ट्रेनिंग पोस्टिंग जिला बलोदाबाजार में कार्य किया । इसके बाद रायपुर में सीएसपी आजाद चौक रायपुर में पहली पोस्टिंग मिली जहा सेवा करने बाद एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन जगदलपुर में पोस्टिंग होने पर इन्होंने नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में महिला अधिकारी होने के बाद भी बेहतरीन कार्य किया, और कई मौकों पर वहा के जंगलों में टीम का नेतृत्व किया । सितंबर 2022 में इन्हे पुलिस अधीक्षक के रूप में अहम पोस्टिंग नवीन जिला खैरागढ़ के प्रथम पुलिस अधीक्षक के रूप में हुई जहा इन्होंने अपनी सेवाएं देकर जिला सक्ति के पुलिस अधीक्षक अधीक्षक के पद पर पदस्थ हुई है । पत्रकारों से परिचय के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए नगर में ट्रैफिक व्यवस्था, साइबर ठग, अवैध रूप से शराब बिक्री जुआ सट्टा चोरी के प्रकरण पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है, चोरी की घटनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं कैमरा लगाने से चोरी की घटना कम हो जाती है लेकिन ऐसा नहीं मानना चाहिए की सीसीटीवी कैमरे लगने से चोरी ही नहीं होगी। अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे का एक पॉइंट रोड तरफ भी करने की बात कही जिससे आने-जाने वालों पर निगाह रखी जा सके । उन्होंने कहा पुलिस का अपराधियों में खौफ हो और जनता में शांति व्याप्त रहे सभी बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा गरीब और जरूरतमंद थाने आए तो उनके साथ न्याय हो उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध सीमा के अंदर हो इस प्रकार हम बेसिक पुलिसिंग पर आगे बढ़ेंगे अपराधियों में पुलिस का भय हो,कानून जो हमें शक्तियां प्रदान करता है उनका सही उपयोग अपराधियों को पकड़ने में करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा की कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी आने वाले 15 – 20 दिनों के अंदर इसका असर आप लोगों को दिखेगा । पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा की नगर में परिवहन विभाग का कैंप भी लगेगा । प्रेस वार्ता के दौरान आगे नक्सली क्षेत्र में कार्य के दौरान अपने अनुभव का साझा करते हुए बताया कि नक्सल ऑपरेशन के दौरान जब आप अपने टीम को रवाना करते हैं तब भगवान से एक ही दुआ करते हैं कि जितने जा रहे हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पांच दिन छत्तीसगढ़ में रहेंगे

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस सेवादल/शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के विषय में संगठन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी। प्रदेश में राहुल गांधी की न्याय यात्रा 7 जिलों 50 किमी होकर गुजरेगी। 67 दिनों में यात्रा 110 जिला, 100 लोकसभा, 337 विधानसभा क्षेत्रों में होकर गुजरेगी। शहर कांग्रेस कमेटी के स्वतंत्र मिश्रा एवं जिला कांग्रेस सेवादल के दीलिप बंजारा ने जानकारी दी कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा 9 एवं 10 फरवरी को 2 दिन विश्राम करेंगे। दो दिन बाद 11 फरवरी को रामगढ़, सक्ती, कोरबा होते हुये अंबिकापुर के उत्तरप्रदेश प्रवेश करेगी। 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में रहेंगे। 14 जनवरी 2024 को मणिपुर से मुंबई शुरू हुई यह न्याय यात्रा 67 दिनों मे 110 जिलों से गुजरते हुए 6700 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करेगी। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा राज्य से जिलों से होकर गुजरेगी तथा 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ में यात्रा करेंगे। भुखमरी महंगाई बेरोजगारी किसानों की बदहाली, सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में राहुल गांधी की न्याय पदयात्रा लोगों के जख्मों में मरहम साबित होगी। इस अवसर पर श्याम जायसवाल, आत्मा सिंह क्षत्रिय, अरविंद वैष्णव, सोम वर्मा, अभिलाष सिंह, संजय ठाकुर, श्री ठाकुर, नौशाद खान, जलेश यादव, राजेंद्र यादव, रिदिमा लाल, मिनेश गोयल, ब्रिजेस सिंह, राजेश सोनी, अमित बंजारा, कृष्ण बंजारा, लक्ष्मीनारायण सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभागायुक्त जी.आर. चुरेन्द्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोस्कर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप सरगुजा नूतन कुमार कंवर, के द्वारा जिले से उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए, मतदान शपथ दिलाया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी नूतन कंवर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि ऐसे युवा जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। वे ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फार्म 06 भरकर अपना आवेदन कर सकते है। साथ ही आफलाईन आवेदन हेतु बी.एल.ओ. से आवेदन करा सकते हैं। अगर मतदाता सूची में उनसे संबंधित जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई हो तो फार्म 08 के माध्यम से संशोधन कर सकते है। इस दौरान अपर कलेक्टर टेकचन्द अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला, विद्यालयों से शिक्षकगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्रीराम जानकी मंदिर में सम्मेलन 10 से 18 फरवरी तक, तैयारी जोरों पर

मुंगेली/नवप्रदेश। सेतगंगा के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में आगामी 10 से 18 फरवरी तक श्रीशतचंडी महायज्ञ व श्रीराम चरित मानस आध्यात्मिक धर्म चेतना वक्ता प्रवचन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सिध्देश्वरी महामाया धाम में विगत 46 वर्षों से आयोजित होंने वाले श्रीशतचंडी महायज्ञ व श्रीराम चरित मानस सम्मेलन को लेकर संमिति के सभी सदस्यों द्वारा तैयारी जोरों पर की जा रही है। 10 फरवरी से प्रारंभ होने वाले श्रीशतचंडी महायज्ञ में जल यात्रा, यज्ञ मंडप प्रवेश, पंचाग पूजन का कार्यक्रम से प्रारंभ होगा। 18 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति, सहस्त्र धारा, ब्राह्मण भोज, भण्डारे का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में जगत गुरु विष्णु देवाचार्य मिथिला पीठाधीश्वर बिहार, संत रामकृष्ण मानस मित्र अलीगढ़ उत्तर प्रदेश, पंडित दीना नाथ उपाध्याय पीएचडी बोदा मुंगेली, यज्ञाचार्य पंडित आमोद शंकर मिश्र वाराणसी, महंत राधेश्याम दास श्वेतगंगा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी संयोजक पंडित दीनानाथ उपाध्याय, महंत राधेश्याम दास ने दी। यज्ञ यजमान रूद्रमणि उपाध्याय एवं श्रीमति सीमा उपाध्याय होंगे।

महतारी वंदन योजना के आवेदन के साथ हो सभी जरूरी दस्तावेज

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सारबहरा, पतरकोनी एवं तरईगांव में आयोजित शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत भरवाए जा रहे आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के लिए निर्धारित पात्रता के अनुरूप आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कराने के निर्देश पंचायत सचिवों को दिए। साथ ही कहा कि फार्म के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेज-पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर आदि की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए ताकि स्क्रूटनी एवं पोर्टल में एंट्री करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित महिलाओं से चर्चा की, उनसे योजना का नाम एवं योजना से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी ली। इस योजना को लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। पिछले 2 दिनो में सारबहरा में 350, पतरकोनी में 150 और तरइगांव में 400 महिलाओं से आवेदन फार्म भरवाए जा चुके है। कलेक्टर ने शिविर स्थत पर सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, वार्ड पंच को उपस्थित रह कर सभी पात्र महिलाओं का फार्म भरवाने और हस्ताक्षर करने कहा। उन्होने पेंशन प्राप्त हितग्राहियों की सूची भी पृथक से तैयार करने कहा, जिससे उन्हे महतारी वंदन योजना के तहत अंतर की राशि प्रदान की जा सके। उन्होने पतरकोनी में पंजीयन हेतु महिलाओ की अधिक उपस्थिति को देखते हुए बरामदे में टेबल लगाकर व्यवस्थित रूप से फार्म भरवाने के निर्देश सचिव को दिए।

समय पर पूरे होने चाहिए सभी निर्माण कार्य - संभागायुक्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग के कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक ली। बैठक में संभाग के समस्त जिलों से प्राधिकरण से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों के हित में कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। पिछड़ी जनजातियों के आर्थिक विकास, आवागमन, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनाजाति वाले ग्रामों में फोकस करें, सुविधाओं से वंचितों को लाभान्वित करने में गम्भीरता बरतें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्य स्वीकृत करें। स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जनजातियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिआवश्यक कार्यों को तत्काल पूर्ण करें। विभिन्न निर्माण कार्य प्रारंभ करते समय गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दें।

बैठक में श्री चुरेन्द्र ने जिलेवार विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली तथा समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखकर क्षेत्र की जनता के हित में विकास कार्य क्रियान्वित करने कहा।सड़क मरम्मत एवं नए निर्माण कार्य को उद्देश्य के अनुरूप पूर्ण करने हेतु समय-समय पर सतत निगरानी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि सीसी रोड में मापदण्डों के अनुसार शोल्डर कार्य पूर्ण करवाएं। बैठक में सरगुजा विकास अभिकरण मद अंर्तगत वित्तीय सत्र 2019-20 से 2023-24 तक के लम्बित अपूर्ण कार्यो, राजस्व मद से परिवार मूलक व समूदायक मूलक के स्वीकृत कार्यो से मिलने वाली आउटपुट लाभ पर समीक्षा, वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक पूर्ण कार्यो की लम्बित उपयोगिता एवं कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र की समीक्षा,वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक अप्रारंभ कार्यो पर समीक्षा, वर्षवार अर्जित ब्याज से स्वीकृत कार्यो की प्रगति की जानकारी तथा वित्तीय सत्र 2023-24 की स्थिति में जमा ब्याज पर, माहवार प्राधिकरण के कार्यो का भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

प्रोत्साहन तकनीकी शिक्षा व रोजगार विभाग ने देशसेवा में अपनी भूमिका निभाने युवाओं को किया गया प्रेरित

अग्निवीर भर्ती के लिए लगी कॉलेज में कार्यशाला

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में बुधवार को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की ओर से भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर भर्ती हेतु संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोस्कर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मेडिकल ऑफिसर मेजर पी.के.माथुर, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, अपर कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल, अधिकारी-कर्मचारी, सरगुजा संभाग के समस्त जिलों के महाविद्यालय एवं विद्यालयों के अध्ययनरत लगभग 800 विद्यार्थी उपस्थित थे।

सरगुजा संभागायुक्त चुरेन्द्र ने युवाओं को अग्निवीर भर्ती हेतु अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरगुजा संभाग के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभूतियों से प्रेरणा लें।राष्ट्र की सेवा के लिए सेना में जाना सौभाग्य की बात है, लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत करें। आईजी अंकित गर्ग ने उपस्थित युवाओं को कहा देशसेवा हर युवा का सपना होता है। भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर भर्ती द्वारा भारत गणतंत्र के तीनों अंगो थलसेना, वायुसेना, जलसेना में कार्य करने का मौका मिल सकता है, अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें।

कलेक्टर विलास भोस्कर ने युवाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां उपस्थित होने का हमारा उद्देश्य भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया के बारे जानकारी देना है। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए बहुत अच्छा अवसर है। एसपी विजय अग्रवाल ने भी युवाओं को अग्निवीर भर्ती के सम्बंध में कहा कि आप सभी आवेदन करें और अपने दोस्तों को भी इसकी जानकारी दें।

कार्यशाला में उपस्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मेडिकल ऑफिसर मेजर श्री पी.के.माथुर ने कार्यशाला में अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया के सम्बंध में उपस्थित युवाओं को विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए भर्ती में सफल होने के लिए तैयारियों के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान ऑनलाइन आवेदन, शारीरिक दक्षता परीक्षण, लिखित परीक्षा और मेडिकल परीक्षण सम्बंध में बताया गया। कार्यशाला में संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने सभी को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान करने प्रेरित करते हुए मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई।

3 मार्च को वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायपुर में

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ एवं वरिष्ठ नागरिक संघ की जिला शाखा मुंगेली की मासिक बैठक दोनों संगठनों के जिला शाखा अध्यक्ष द्वय सईद खान एवं धनेश सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में सोलंकी ने 3 मार्च को वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायपुर में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा मंत्रियों की उपस्थिति में दो पालियों में बैठक आयोजित होने की जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में दोनों संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में प्रस्ताव पारित किये गये। जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग बनाया जाये और उसके लिए एक जिम्मेदार प्रभारी बनाया जाये। जिसके पास वरिष्ठ नागरिकगण अपनी समस्याओं के संबंध में संपर्क कर सकें। 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन की राशि में वृद्धि लाभ दिया जायें। निकट भविष्य में रामगढ़ मुंगेली में वृद्धाश्रम के निकट छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का स्वतः का भवन निर्माण शीघ्र पूर्ण हो जाने की जानकारी एवं संगठन की अपनी वार्षिक स्मारिका के लिए अपने अनुभव आलेख शीघ्र जमा करने के निर्देश सदस्यों को दिये गये। पांच नये पेंशनर रोजमेरी लाल, उषा लाल, रूबीना लाल, अकतराम साहू, विनोद कोशले ने पेंशनधारी कल्याण संघ की सदस्यता ग्रहण की। प्रत्येक माह होने वाली मासिक बैठकों में वक्ता की आवाज ठीक सुनाई न पड़ने पर माईक की कमी महसूस की गई। कमी की पूर्ति नंदन प्रसाद देवांगन, अर्जुन लाल देवांगन, किशन सिंह क्षत्रिय, देवाराम साहू द्वारा संगठन को माइक सप्रेम भेंट किया गया।

निलंबित आईएएस रानू साहू की हाईकोर्ट से जमानत अर्जी खारिज

कोरबा कलेक्टर रहते हुए कोल लेवी मामले में संलिप्तता पाई गई थी

बिलासपुर/नवप्रदेश। निलंबित आईएएस रानू साहू की हाईकोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है. अब उन्हें जेल में ही रहना होगा.

बता दें, कि बीते 7 जनवरी को मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच में हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था. मामले में आज आदेश जारी किया गया है. निलंबित आईएएस रानू साहू कोल घोटाला मामले में जेल में बंद हैं, उन्हें ईडी ने 22 जुलाई 2023 को किया गिरफ्तार था.

कोल घोटाला मामले को लेकर साल 2022 में आयकर विभाग ने सबसे पहले रानू साहू के शासकीय निवास, घर और दफ्तर में छापा मारा था. जिसके बाद ईडी ने इस मामले में रानू के घर छापा मारते हुए लंबे समय से पूछताछ की गई.

ईडी ने कथित कोल घोटाले को लेकर रानू साहू पर यह आरोप लगाया कि निलंबित ह्रस रानू साहू के द्वारा कोरबा कलेक्टर रहते हुए कोल लेवी मामले में संलिप्तता पाई गई थी. उनकी गिरफ्तारी के बाद लोअर कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी.

न्यूज गैलरी

कलशयात्रा के साथ शिव महापुराण की हुई शुरुआत

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्कूल मैदान पवनी में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इसके कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन की 11 वर्षीय पूज्या देविका दीक्षित एवम सात वर्षीय पंडित अभिराम दीक्षित होंगे। आज 7 फरवरी को कलश यात्रा, मंडल पूजन के साथ महापुराण का शुभारंभ हुआ। वही 8 फरवरी को शिव महापुराण महात्म्य, 9 फरवरी को शिवलिंग प्राकट्य कथा, 10 फरवरी को श्री नारद जी द्वारा कामदेव पर विजय प्राप्त कथा,11 फरवरी को शंकर पार्वती एवं सती विवाह कथा, 12 फरवरी को भगवान कार्तिकेय के जन्म की कथा, 13 फरवरी को श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा वर्णन एवं 14 फरवरी को हवन पूर्ण आहुति के साथ महाप्रसाद का वितरण होगा। कथा प्रारंभ प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होगी। आयोजन समिति के पूर्णेन्द्र साहू साहू एवं राकेश साहू कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

सीजीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा 11 फरवरी को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन किया जाएगा। जिले में परीक्षा हेतु तीन परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें 894 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर बिपिन मांझी ने परीक्षा केन्द्रों में पूर्ण तैयारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 350 परीक्षार्थी, रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद एजुकेशन कांप्लेक्स में 300 परीक्षार्थी और शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बंगलापारा में 244 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

किसी की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

धमतरी/नवप्रदेश। बिलाईगढ/नवप्रदेश। - कलेक्टर के.एल. चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में वायुसेना और थलसेना अंतर्गत अग्निवीर भर्ती, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन आयुष्मान, महानदी किनारे बसे गांवों में कुष्ठ रोग से प्रभावित मरीजों का इलाज, महिलाओं के गर्भ में पल रहे बच्चों का लिंग परीक्षण, अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी, अपेक्स बैंक, धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव, गुड़ेली सहित अन्य खनन क्षेत्रों में पर्यावरण और खनिज विभाग द्वारा पर्यावरण और प्रदूषण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, जल जीवन मिशन, विकसित भारत अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण, पीएम उज्ज्वला, बैंक, आधार, पेयजल, शौचालय, पेंशन, पीएम आवास, राजस्व विभाग के सीमांकन, बंटवारा, खाता विभाजन, वन, कृषि, ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग आदि के संबंध में अधिकारियों से कलेक्टर श्री चौहान ने विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर चौहान ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी ग्राम पंचायत सचिवालय के सप्ताह में एक दिन जरूर कार्यालय में बैठे और आवेदनों का निराकरण करें। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को कहा कि सभी डायवर्टेड भूमि में पार्किंग के लिए आवासीय में 10 फीट का स्थान और व्यावसायिक में 15 फीट का स्थान छोड़े। सरकारी जमीन पार्किंग और अतिक्रमण के लिए नहीं है।

सारंगढ़ में 10 को मेडिकल कैंप

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग की ओर से मेडिकल कैंप द्वितीय शनिवार 10 फरवरी को सिविल अस्पताल सारंगढ़ में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसमें शिशु, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और ऑडियो लॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और उनके सहयोगी उपस्थित रहेंगे। इससे दिव्यांग सहित आम नागरिकों को इलाज में सुविधा और चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इसके साथ ही साथ इस कार्य के लिए रायगढ़ जाने की जरूरत नहीं होगी।

राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावलियों की दी जानकारी

जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक, 1042 मतदाता बढ़े

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी की उपस्थिति में राजनैतिक दलों की बैठक जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इसमें निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों को आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया गया। इसमें जिला नारायणपुर के 127 मतदान केन्द्रों में कुल 87 हजार 851 मतदाता में से (पुरुष मतदाता-42099 एवं महिला मतदाता-45749 एवं थर्ड जेंडर-3) थे। प्रकाशन पश्चात दावा आपत्ति 6 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मतदान केन्द्रों में प्राप्त किया गया एवं सभी मतदान केन्द्रों में 13 से 14 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित किया गया तथा प्राप्त सभी फार्मो का निराकरण 28 जनवरी तक इरोल नेट में किया गया। पुनरीक्षण में 848 मतदाताओं की वृद्धि हुई। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन पश्चात् जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 960 हैं। इसी प्रकार 18 से 19 वर्ष के 2450 मतदाता, 80व़र्ष के 693 मतदाता एवं सेवा निर्वाचको की संख्या 373 हैं। जिले में कुल 88 हजार 699 मतदाता हैं, जिसमें (पुरुष मतदाता-42416, महिला मतदाता-46280 एवं थर्ड जेंडर-3) मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-84 नारायणपुर में प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी तक 1,91,158 मतदाता थे। पुनरीक्षण के दौरान 1042 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया गया, जिसमें 1 लाख 92 हजार 200 मतदाता हैं, जिसमें 92 हजार 594 पुरुष, 99 जहार 603 महिला मतदाताएं मतदाता सूची में दर्ज हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मांझी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी की जा रही है, जिसमें मतदान केन्द्रों में सभी सुविधाएं मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा। शांति पूर्वक मतदान कराने में राजनैतिक दलों की सहयोग महत्वपूर्ण होगी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि नरेन्द्र मेश्राम, इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधि देवनाथ उसेण्डी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि फूलसिंह कचलाम, जनता कांग्रेस जे.सी.सी के प्रतिनिधि केपी सागर, जिला पंचायत सदस्य सुक्कूराम सलाम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीनदयाल मण्डावी, एसडीएम प्रदीप कुमार बैध, निर्वाचन के सहायक प्रोग्रामर हेमंत कुमार देवांगन सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना युवा बेरोजगार संघ ने सौंपा ज्ञापन

भोपालपटनम /नवप्रदेश। युवा बेरोजगार संघ की रैली क्लब से निकालकर अनुविभागीय कार्यालय पर मौजूद अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

युवा बेरोजगार संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर स्थानीय स्तरीय ज्वलंत मांगों का त्वरित निराकरण के लिए 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन माननीय राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार श्री कैलाश पोयाम को सौंपा। ज्ञापन में युवा बेरोजगार संघ ने शासन से मांग किया गया है (1) छत्तीसगढ़ के हर जिले में जिलेवार स्थानीय भर्ती किया जाए (2) जिले के हर विकास खंड में युवाओं हेतु लाइब्रेरी की सुविधा होनी चाहिए।(3) सभी को बेरोजगारी भत्ता मिलना चाहिए एवं बेरोजगारी भत्ता फार्म भरने की प्रक्रिया को सरल किया जाय।(4) एस टी,एस सी, ओबीसी के छात्रों को हायर एजुकेशन जैसे आइआइएम, एआईआईएमएस,एन एल आई यू सैंट्रल यूनिवर्सिटी रिजर्वेशन फिर से लागू हो।(5) सभी संस्थाओं में वन नेशन सिलेबस होना चाहिए।(6) शिक्षा संस्थाओं में कानूनी (संविधान) व सामान्य ज्ञान की पाठ्यक्रम होना चाहिए।(7) स्कूल एवं कालेज के छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थाओं में आने जाने के लिए आवागमन के शुल्क को मुफ्त किया जाय। (8) जितने भी रोजगार भर्ती के लिए आवेदन लिया जाता है, आवेदन शुल्क माफ़ किया जाय। (9) आश्रम, छात्रावास,कालेज छात्रावास की सीटों की संख्या बढ़ाया जाए। (10) पर्यावरण के संरक्षण के लिए हसदेव अरण्य एवं अन्य पेड़ - पौधों की अवैध कटाई को रोका जाए। इस धरना प्रदर्शन में विकास खंड में युवाओं बेरोजगारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। धरना प्रदर्शन में दूर दराज से आये युवा बेरोजगार भी मौजूद रहे।

जिपं सीईओ ने पेड़ के नीचे लगाई चौपाल पीएम आवास पर ग्रामीणों से चर्चा

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर/नवप्रदेश। जिपं सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा शुरू की है। बुधवार को भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत गुदमा और संकनपल्ली में जिला सीईओ ने पहुंचकर शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की महिलाओं सहित ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। जिसमें जानकारी मिली की वर्तमान में ग्राम पंचायत गुदमा में महतारी वंदन योजना हेतु 80 आवेदन प्राप्त हुए है।

वहीं संकनपल्ली में निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ ने उपस्थित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के बारे में बताया कि प्रदेश में एक मार्च 2024 से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले महिलाओं का आवेदन जिले में 5 फरवरी से भरना प्रारंभ हो गया है। योजना अंतर्गत पात्र महिला को ?1000 प्रति माह का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। पेंशन योजना से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को रुपए 1000 से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।ग्राम पंचायत गुदमा में प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 आवास स्वीकृत है जिनमें से 7 आवास पूर्ण है।

तेंदुए की खाल के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

वनमंडल खैरागढ़ व परिक्षेत्र रेंगाखार वन मंडल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की

खैरागढ़/नवप्रदेश। वन्य प्राणी संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन के साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी संगठन भी हमेशा प्रयास करते हैं, लेकिन घने जंगलों में वन विभाग का खानापूर्ति कार्य करने वाला तरीका भी शिकारियों के हौसले बुलंद करता है. इसके चलते आए दिन वन्य प्राणियों की शिकार की घटनाएं सामने आ रही. ताजा मामला वन मंडल खैरागढ़ से आया है, जहां वन विभाग की टीम ने तेंदुए की खाल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

यह कार्रवाई वन मंडल खैरागढ़ एवं वन मंडल कवर्धा के साथ मिलकर एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद ने की है. तीनों आरोपियों को वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 के धारा के तहत न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी छुईखदान जिला-खैरागढ़ छत्तीसगढ़ के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया.

मिली जानकारी अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एन्टीपोंचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय उड़न दस्ता टीम रायपुर, वनमंडल खैरागढ़ एवं परिक्षेत्र रेंगाखार वन मंडल खैरागढ़ के साथ संयुक्त रूप से टीम गठित की गई. टीम ने सामान्य वन मंडल खैरागढ़ के अंतर्गत वन परिक्षेत्र साल्हेवारा के ग्राम कुम्हरवाड़ा-बकरकट्टा मार्ग पर वन्यप्राणी तेंदुआ के खाल का खरीदी बिक्री करने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया.

बालाघाट जिले से अमर सिंग साहू, खैरागढ़ से सतिराम बैगा और गैस लाल सिंह को रंगे हाथों पकड़ा. तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 के धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी छुईखदान के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद तीनों को उपजेल खैरागढ़ भेज दिया गया.

छपरी में 50 लोगों को किया गया कंबल वितरण

कवर्धा/नवप्रदेश। नगरी कबीरधाम जिला के ग्राम पंचायत छपरी विकासखंड बोडला में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा सुदूर वनांचल क्षेत्र आदिवासी जनजाति समूह बैगा जनजाति के व्यक्तियों को संस्था के माध्यम से आज दिनांक 07/02/2024 दिन बुधवार को श्रीमती शारदा सुशील झरिया के सौजन्य से स्वर्गीय नैनवती देवी स्वर्गीय खोरबाहरा राम झरिया की स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बैगा जनजाति के 50 व्यक्तियों को दान दिया गया

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल एवं प्रदेश अध्यक्ष मीना भारद्वाज, प्रदेश महासचिव विरेन्द्र कुमार साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव भूपेंद्र कुमार साहू, सहसचिव मिथिला जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री धरम दास बंजारे,श्रीमती आशा साहू व्याख्याता धमतरी मीडिया प्रभारी , सुनील कुमार बघेल कोषाध्यक्ष सुनीता जनार्दन, कार्यालय सचिव महेश कुमार जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती उषा भट्ट, इस अवसर पर ग्राम छपरी के पूर्व सरपंच परमेश्वर मानिकपुरी, नवल किशोर झरिया , श्रीमती विमला देवी झरिया, नारायण झरिया, श्री अशोक कुमार साहू शिक्षक, सुशील कुमार साहू, राजेश साहू व्याख्याता , एवं ग्राम पंचायत छपरी के प्रबुद्ध जन की पावन उपस्थित रहा।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाजन्य स्थानों पर रैम्बलर स्टीप लगाने का निर्देश

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने दुर्घटनाजन्य स्थानों पर रैम्बलर स्टीप लगाने का निर्देश दिए। जिले के चिन्हांकित स्थानो पर ब्लींकर लगाने, खतरनाक व अन्धे मोड़ों पर सड़क के किनारों की साथ--फाई व पेड़ों पर रेडियम लगाने हेतु निर्देशित किए साथ ही बसों के वाहन चालकों को शहर के निर्धारित चार बस स्टॉप स्थानों पर ही यात्रियों को उतारने व चढ़ाने का निर्देश दिए। अप्रशिक्षित वाहन चालकों को कौशल विकास योजना के तहत ड्रायवर का प्रशिक्षण जिला बीजापुर में दिया जाएगा यह दो महीने का कोर्स है जिसके बाद हितग्राहियों को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।नगर के सड़क किनारों पर अवैध दुकान अधिग्रहण, अवैध पोस्टर, होर्डिंग आदि को हटाने की बात कही। शहर में पार्किंग व्यवस्था, आटो-टैक्सी के ठहरने के लिए एक उचिंत स्थान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

खुरसुला स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिखी प्रतिभा

बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशिल्या बाई छेदूराम विश्वकर्मा , संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता किया गया। विशिष्ट अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उच्चतर माध्यमिक, घासीराम डडसेना अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक, धरमलाल साहू अध्यक्ष प्राथमिक शाला, अति विशिष्ट अतिथि मनीराम साहू पूर्व अध्यक्ष उच्चतर माध्यमिक, बाबुदयाल डडसेना पूर्व सदस्य उच्चतर माध्यमिक, शंकर लाल पटेल, शिवराम डडसेना प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती की काष्ठ मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजन पश्चात् लकेश्वरी व कामिनी कक्षा 12के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कर स्वागत गीत की दी गई तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र - छात्राओं ने लोक संस्कृति पर आधारित छत्तीसगढ़ी गीत जिसमें सुआ नृत्य, करमा नृत्य,पंथी नृत्य, छत्तीसगढ़ी रिमिक्स, हिन्दी गाना पर डांस ,युगल एवं सामूहिक नृत्य तथा डांस पर दर्शक तालियां बजाकर खूब आनंद लिए। पंथी नृत्य एवं छत्तीसगढ़ी नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और रंगारंग कार्यक्रम का खूब आनंद लेते रहे। वार्षिकोत्सव के पूर्व दिवस तीन दिन तक उच्चतर माध्यमिक का शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खेल के विभिन्न विधाओं पर खिलाड़ीगण अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सुदूर अंचल में महतारी वंदन के प्रति महिलाओं में उत्साह

बीजापुर/नवप्रदेश। सुदूर और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण स्वालंबन और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का मार्ग तय कर रहा है। जिसका ताजा उदाहरण जिले के सुदूर अंचलों की महिलाओं की प्रतिक्रिया देखने से पता चल रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक आजादी दिलाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। योजना से लाभान्वित होने के लिए बीजापुर ब्लॉक के सुदूर अंचल गंगालूर, पुसनार, रेड्डी सहित अंदरुनी क्षेत्रों की महिलाएं बढ़.चढ़कर भाग ले रही है और अपनी प्रतिक्रियाए भी दे रही है। जिले में अब तक साढ़े तीन हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन भरकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जिले के संवेदनशील क्षेत्र गंगालूर पुसनार, रेड्डी सहित अन्य अंदरुनी क्षेत्रों में महिलाओं की उत्सुकता देखने को मिल रही है। पेद्दापारा के कार्यकर्ता श्रीमती वंदना झाड़ी द्वारा बताया गया कि ग्राम की महिलाओ में काफी खुशी का माहौल है छत्तीसगढ़ शासन की इस योजना से लाभान्वित होने स्वप्रेरित होकर आवेदन भरने घर से निकल रहे हैं।

श्रीमती सुक्की द्वारा बताया गया अतिरिक्त खर्चों के लिए अब कोई परेशानी नहीं होगी प्रतिमाह एक हजार रुपए से बहुत से आर्थिक समस्या हल होगी। श्रीमती सन्नी ने कहा शासन की यह योजना हमें आर्थिक आजादी दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। हम स्वयं आर्थिक रूप से मजबूत महसूस कर रहे हैं। गल्ला का काम करने वाली मंगली ने बताया नियमित रूप से मिलने हजार रुपए से महिलाओं में बहुत हर्ष का माहौल है। महिलाओं ने प्रदेश के मुखिया को महतारी वंदन योजना लाने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

संसार में शिव ही सत्य है: देविका : अभिराम दीक्षित

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्कूल मैदान पवनी में चल रहे संगीत मय श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस श्री धाम वृंदावन से पधारे 11 वर्षीय कथा वाचिका देविका दीक्षित एवम सात वर्षीय अभिराम दीक्षित ने कहा 'शिवपुराण' एक प्रमुख तथा सुप्रसिद्ध पुराण हैं, जिसमें परात्मा परब्रह्म परमेश्वर के 'शिव' (कल्याणकारी) स्वरूप का तात्विक विवेचन, रहस्य, महिमा एवं उपासना का विस्तृत वर्णन है। भगवान शिवमात्र पौराणिक देवता ही नहीं, अपितु वे पंचदेवों में प्रधान, अनादि सिद्ध परमेश्वर हैं एवं निगमागम आदि सभी शास्त्रों में महिमामण्डित महादेव हैं। वेदों ने इस परमतत्व को अव्यक्त, अजन्मा, सबका कारण, विश्व का स्त्रष्टा, पालक एवं संहारक कहकर उनका गुणगान किया है। श्रुतियों ने सदा शिव को स्वयम्भू, शांत, प्रपंचातीत, परात्पर, परमतत्व, ईश्वरों के भी परम महेश्वर कहकर स्तुति की है। 'शिव' का अर्थ ही है- 'कल्याणस्वरूप' और 'कल्याणप्रदाता'। परमब्रह्म के इस कल्याण रूप की उपासना उच्च कोटि के सिद्धों, आत्मकल्याणकारी साधकों एवं सर्वसाधारण आस्तिक जनों- सभी के लिये परम मंगलमय, परम कल्याणकारी, सर्वसिद्धिदायक और सर्वश्रेयस्कर है।

ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज टी-20 सीरीज का पहला मैच आज

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 3 मैच की टी-20 सीरीज का आगाज 9 फरवरी से होने जा रहा है। कंगारू टीम के कप्तान मिचेल मार्श होंगे और वेस्टइंडीज टीम की कमान रोवमेन पॉवेल के हाथ में होगी।वनडे सीरीज में कैरिबियन टीम को 3-0 से हार मिली थी। ऐसे में वह इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी।आइए मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अन्य जरूरी बातों के बारे में जानते हैं।

टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज के कई स्टार खिलाड़ियों की वापसी हुई है। ऐसे में टीम मजबूत नजर आ रही है। आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन और जेसन होल्डर से टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।हाल ही में इस टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।संभावित एकादशः- ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, शाई होप, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोवमैन पॉवेल (कप्तान), आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोती और अकील होसेन। ऑस्ट्रेलिया के भी कई स्टार खिलाड़ियों ने सीरीज में वापसी की है। डेविड वार्नर, ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बन सकते हैं।ऐसे में वेस्टइंडीज को इन खिलाड़ियों से पार पाने में थोड़ी मुश्किल होगी। कप्तान मार्श भी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।संभावित एकादशः- डेविड वार्नर, जोश इंग्लिश (विकेटकीपर), मिचेल मार्श (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, आरोन हार्डी, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड, सीन एबॉट, जेसन बेहरेनडॉर्फ, एडम जैम्पा और जोश हेजलवुड। टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच काफी कांटे की टक्कर रही है। अब तक दोनों टीम के बीच 19 मैच खेले गए हैं।9 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 10 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया की सरमजीं पर दोनों टीम के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं।4 मैच में कंगारू टीम को जीत मिली है और सिर्फ 1 मैच वेस्टइंडीज की टीम ने अपने नाम किया है।मार्श ने पिछले 5 मैच में 86.33 की उम्दा औसत के साथ 259 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 170.39 की रही है।पूरन ने पिछले 10 मैच में 157 की स्ट्राइक रेट और 32.5 की औसत से 325 रन बनाए हैं।किंग के बल्ले से पिछले 10 मैच में 138.46 की स्ट्राइक रेट से 288 रन निकले हैं।

विंडीज टी20 की शुरुआत से पहले मिचेल मार्श का कोविड टेस्ट पॉजिटिव

होबार्ट। ऑस्ट्रेलियाई टी20 कप्तान मिच मार्श शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टी20 मैच के दौरान दूर से ही अपने साथियों को निर्देश देंगे। यह आवश्यकता उनके सकारात्मक कोविड-19 परीक्षा परिणाम के कारण उत्पन्न हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, मार्श श्रृंखला के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर कोविड के लिए सकारात्मक परीक्षण के बावजूद खेलेंगे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया प्रोटोकॉल का पालन करेंगे, जिसमें एक अलग ड्रेसिंग रूम से बाहर काम करना और मैदान पर दूरी बनाए रखना शामिल है। यह हाल के मैचों में ऑस्ट्रेलियाई खेमे में कोविड का तीसरा ऐसा उदाहरण है, जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन दोनों ने भी कोविड पॉजिटिव होने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम में अपनी जगह बनाई है।

एशिया कप फाइनल में जॉर्डन से भिड़ेगा क़तर

दोहा। अकरम अफीफ और अलमोएज अली की शानदार जोड़ी ने एएफसी एशियाई कप सेमीफाइनल में गत चैंपियन कतर को ईरान को 3-2 से हरा दिया।

अली के दिवंगत विजेता ने 2019 एशियाई कप विजेता को फाइनल में पहुंचा दिया, जहां शनिवार को लुसैल स्टेडियम में उसका सामना जॉर्डन से होगा। कतर के मुख्य कोच मार्केज़ लोपेज ने कहा, हमारे पास अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए एक अंतिम चरण बचा है।रिपोर्ट के अनुसार, मैच के चार मिनट बाद ही ईरान ने गतिरोध तोड़ दिया, जब कतर के डिफेंडरों के दाहिनी ओर से लंबे थ्रो-इन को विफल करने के बाद सरदार आजमौन ने एक शानदार ओवरहेड किक मारी।हालाँकि, मेजबान टीम को बराबरी के लिए ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़ा। 17वें मिनट में, अफीफ के बैकपास के बाद बॉक्स के बाहर से जस्सेम गेबर का शॉट ईरान के गोलकीपर अलीरेज़ा बेरानवांड के ऊपर से टकरा गया।अफीफ ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखा और 43वें मिनट में एक सनसनीखेज एकल गोल करके कतर को 2-1 से आगे कर दिया, क्योंकि उसने बाईं ओर से पेनल्टी क्षेत्र में प्रवेश किया और नेट के पीछे दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया।पांच गोल के साथ अफीफ अब गोल्डन बूट की दौड़ में इराक के अयमन हुसैन से सिर्फ एक गोल पीछे हैं।51वें मिनट में ईरान ने तेजी से वापसी की, अलीरेज़ा जहानबख्श ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया, क्योंकि वीएआर समीक्षा में यह पाया गया कि गेंद अहमद फथी ने संभाली थी।दूसरे हाफ में ईरान द्वारा अधिक मौके बनाने के बावजूद, कतर ने 82वें मिनट में फिर से बढ़त बना ली, जब अब्दुलअज़ीज़ हातेम ने एक अज्ञात अली को गेंद दी, जिसने गेंद को दूर कोने में डाल दिया।

डेविड मिलर 10,000 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले बल्लेबाज बने

नईदिल्ली। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर ने टी-20 क्रिकेट में 10,000 रन पूरे कर लिए हैं।उन्होंने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका में खेली जा रही एसए20 लीग के दौरान हासिल की।वह प्रोटियाज टीम के लिए यह कारनामा करने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी पारी का 28वां रन बनाते ही मिलर ने अपने 10,000 रन पूरे कर लिए।टी-20 क्रिकेट के इतिहास में 10,000 रन का शानदार आंकड़ा छूने वाले मिलर दुनिया के सिर्फ 12वें बल्लेबाज बने हैं।उनसे ज्यादा रन बनाने वालों में क्रिस गेल (14,562), शोएब मलिक (13,063), कीरोन पोलार्ड (12,577), एलेक्स हेल्स (12,002), विराट कोहली (11,994), डेविड वार्नर (11,849), आरोन फिंच (11,458), रोहित शर्मा (11,156), जोस बटलर (11,136), कॉलिन मुनरो (10,602) और जेम्स विंस (10,038) हैं।मिलर ने एसए20 के 10 मैच में 240रन बनाए हैं।

जाबौर अबू धाबी के क्वार्टर फाइनल में

अल रावदाह। ट्यूनीशिया की ओन्स जाबौर ने ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु को सीधे सेटों में हराकर अबू धाबी ओपन के अंतिम आठ में जगह बना ली है। एक रोमांचक शुरुआती सेट में बढ़त हासिल करने के साथ जाबौर ने राडुकानु को 6-4, 6-1 से हराया। जाबौर को बुधवार रात क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने में सिर्फ एक घंटा 18 मिनट का समय लगा, जहां वह ब्राजील की बीट्रिज़ हद्दाद माइया से भिड़ेंगी, जिन्होंने 2024 के सबसे लंबे डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच में मैग्डा लिनेट को हराया था। राउंड ऑफ़ 32 में बाई दिए जाने के बाद, टूर्नामेंट की चार शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में से एक के रूप में जाबौर पहली बार एकल प्रतियोगिता में थी और साथी नाओमी ओसाका के साथ युगल से बाहर होने की निराशा की भरपाई करने के लिए उत्सुक दिखी।पिछले साल घुटने की चोट के कारण इस क्षेत्र में हर कार्यक्रम से चूकने के बाद अरब सुपरस्टार जाबौर मध्य पूर्व में वापसी कर रही हैं।पूर्व विश्व नंबर 2 ने स्टेडियम कोर्ट पर राडुकानु को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 2024 की अपनी दूसरी मैच जीत हासिल की। इस साल जाबौर का एकमात्र पिछला टूर-स्तरीय कार्यक्रम ऑस्ट्रेलियन ओपन था। जहां उसने तेजी से उभरती हुई 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा से 6-0, 6-2 से हारने से पहले क्वालीफायर यूलिया स्ट्रोडुबत्सेवा को हराया था।

डेरिल मिचेल द.अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी डेरिल मिचेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। वह लंबे समय से पैर की चोट से जूझ रहे हैं, जिसके चलते उन्हें आराम दिया गया है।मिचेल लगातार पैर की शिकायत से जूझ रहे हैं और टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि 32 वर्षीय खिलाड़ी प्रोटियाज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे ताकि उन्हें थोड़ा आराम मिले और चोट से उबरने में आसानी हो।दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने माउंट माउंगानुई में पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड की 281 रन की जीत के दौरान 34 और नाबाद 11 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम ने न्यूजीलैंड डेरिल मिचेल के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है।न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, डेरिल तीनों प्रारूपों में टीम के एक बेहद महत्वपूर्ण सदस्य है, और यह सुनिश्चित करना कि आने वाले मैचों की अवधि के साथ वह फिट रहे हैं। इसलिए आगे के कार्यक्रम के आधार पर, हमें लगता है कि अब यह उपयुक्त समय है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 13 फरवरी से सेडोन पार्क में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड शनिवार सुबह हैमिल्टन की यात्रा करेगा।

बिजनेस

आरबीआई की क्रेडिट पॉलिसी के बाद सेंसेक्स 600 अंक लुढ़का

नई दिल्ली। आरबीआई द्वारा क्रेडिट नीति की घोषणा के बाद बीएसई सेंसेक्स में 600 अंक से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा गिरावट बैंकों के शेयरों में आई। सेंसेक्स साढ़े 11 बजे तक 648.25 अंक यानी 0.90 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 71,531.35 अंक पर कारोबार कर रहा था।

एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट है। प्राइवेट बैंक इंडेक्स में 1.5 फीसदी की गिरावट है। एयू बैंक 2 फीसदी नीचे है, कोटक महिंद्रा बैंक भी 2 फीसदी नीचे है। एफएमसीजी शेयरों में 1.2 फीसदी की गिरावट है। टाटा कंज्यूमर 2 फीसदी नीचे है, ब्रिटानिया 2 फीसदी और ज्योति लैब्स 3 फीसदी नीचे है।

सुमन चौधरी, मुख्य अर्थशास्त्री और प्रमुख अनुसंधान, एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आरबीआई एमपीसी ने लगातार छठी बार ब्याज दरों पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। हालांकि, आरबीआई ने बाजार की उम्मीदों के विपरीत आक्रामक रुख अपनाना जारी रखा और मौद्रिक रुख में बदलाव के समय के बारे में कोई संकेत नहीं दिया है। चौधरी ने कहा कि एमपीसी के बयान के स्वर और विकास में उछाल की उम्मीद को देखते हुए, हमारा मानना है कि अगले छह महीनों में आरबीआई द्वारा किसी भी दर में कटौती की संभावना काफी कम हो गई है। चौधरी ने कहा, हमारी राय में, आने वाले समय में दरें निकट अवधि में ऊंची बनी रहेंगी। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि ऋण और जमा वृद्धि के बीच जारी अंतर को देखते हुए बैंक जमा दरों में 25-50 बीपीएस की बढ़ोतरी होगी।

आरबीआई ने आम आदमी को दी राहत: नहीं बढ़ेगी लोन की किस्त-रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर बरकरार

चेन्नई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बढ़ती महंगाई में आम आदमी को राहत दी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। इससे अब लोन की किस्त में बढ़ोतरी नहीं होगी। बता दें कि रेपो रेट वह दर है, जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। एमपीसी के तीन दिवसीय विचार-विमर्श के बाद फैसले की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि समिति ने रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया है। एमपीसी ने 'आवास वापस लेने' से अपना रुख नहीं बदलने का भी फैसला किया। एमपीसी की बैठक 6-8 फरवरी को हुई थी।

किसी जांच या प्रणालीगत चिंता को लेकर सरकार ने नहीं की कोई पुष्टि : पेटीएम

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान की शीर्ष कंपनी पेटीएम और इसके विशाल उपयोगकर्ता आधार के लिए एक आश्वस्त विकास में शीर्ष सरकारी अधिकारियों के हालिया स्पष्टीकरण ने वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर कंपनी की परिचालन अखंडता और प्रणालीगत स्थिरता के बारे में हर चिंता को दूर कर दिया है। पेटीएम के प्रवक्ता ने इस संदर्भ में बयान जारी कर कहा, हम लगातार इस बात को स्पष्ट कर रहे हैं कि ना ही पेटीएम और ना ही इससे जुड़ी कोई भी भुगतान प्रणाली किसी नियामक एजेंसी के जांच के दायरे में है। दिए गए बयानों से भी इस तथ्य को पुष्टि मिल चुकी है कि वर्तमान में पेटीएम पूरी तरह से ग्राहकों के लिए सुरक्षित है। विनियामक मार्गदर्शन के अनुपालन में काम करने और पूरे भारत में डिजिटल भुगतान की पहुंच को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रक्रियाओं को लगातार बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। बता दें कि जब से आरबीआई ने पेटीएम के खिलाफ सक्रिय कार्रवाई की है, तभी से पेटीएम की नियामक सुरक्षा को लेकर चौतरफा चर्चा देखने को मिल रही है। जिसकी कुछ लोग गंभीर समस्या के रूप में भी व्याख्या कर रहे हैं। हालांकि, वित्तीय सेवा सचिव के स्पष्टीकरण से पता चलता है कि ये उपाय ग्राहकों की सुरक्षा, आर्थिक परिदृश्य की परिधि को ध्यान में रखते हुए उठाया गया एहतियाती कदम था। वहीं, वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बुधवार को कहा, अब पेटीएम से जुड़े विषयों को कोई और नहीं, बल्कि आरबीआई देखेगी। यह हमारे क्षेत्राधिकार का हिस्सा नहीं है, लिहाजा केंद्र सरकार का इससे कोई भी लेना-देना नहीं है। जोशी ने साक्षात्कार के दौरान कहा, यह नियामक द्वारा उठाया गया कड़ा कदम है। वहीं, पेटीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात आती है, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि केंद्र सरकार का इससे कोई सरोकार नहीं है और हमें पूरा विश्वास है कि आरबीआई ने ग्राहकों और अर्थव्यवस्था के विभिन्न हितों को ध्यान में रखते हुए कोई भी कदम उठाया होगा।

ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने गूगल का बड़ा कदम, प्लेस्टोर से फर्जी ऐप्स डिलिट

नई दिल्ली। पिछले कुछ सालो में इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ने के साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड और स्कैम के मामले भी तेजी से बढ़ें हैं। स्कैमर्स अब लोगों को ठगने के लिए फेक लोन ऐप्स का सहारा ले रहे हैं। कई ऑनलाइन यूजर्स फेक ऐप को पहचान नहीं पाते और ठगी की जालसाजी में फंस जाते हैं। अब इस पर गूगल ने सख्त कदम उठाया है। गूगल ने एक बार फिर से कई सारी ऐप्स को प्ले स्टोर से रिमूव कर दिया है।

आपको बता दें कि लोगों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए गूगल समय समय पर प्ले स्टोर पर मौजूद फेक ऐप्स को हटाता रहता है। एक बार फिर से गूगल ने प्ले स्टोर पर मौजूद फेक लोन ऐप्स पर कड़ी कार्रवाई की है। एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है कि गूगल ने सितंबर 2022 से लेकर अगस्त 2023 के बीच 2200 से ज्यादा फर्जी लोन ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया है। संसद में एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने इस बात की जानकारी दी किस तरह से सरकार ऋब्ह्यु के साथ मिलकर फेक लोन ऐप्स पर नकेल कसने के लिए काम कर रही है। इससे पहले गूगल ने अप्रैल 2021 से लेकर जुलाई 2022 के बीच 3500 से 4000 ऐप्स का रिव्यू किया था और इसके बाद लगभग 2500 ऐप्स को तत्तकाल प्रभाव से हटा दिया गया था। फर्जी लोन ऐप्स पर कार्रवाई करने के साथ ही कंपनी ने अपनी पॉलिसी में भी बड़ा बदलाव किया है। अब गूगल ऐप्स पर सिर्फ उन्हीं ऐप्स को एंट्री मिलेगी जो रेगुलेटेड एंटिटी या फिर इन एंटिटी के साथ कोलैबोरेशन में होंगी। इतना ही नहीं गूगल ने अब एडिशनल पॉलिसी रिक्वायरमेंट और इंफोर्समेंट को भी लागू कर दिया है। इंटरनेट की दुनिया में आपकी सावधानी ही आपको सुरक्षित रख सकती है। अगर आप लापरवाही बरतते हैं तो आपको बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। गूगल प्ले स्टोर में हजारों लाखों ऐप्स हैं। ऐप्स में असली नकली का अंतर कर पाना भी बेहद मुश्किल है लेकिन अगर आप थोड़ी सावधानी बरतें तो नुकसान से बचा सकता है।

विक्रमादित्य मोटवानी की कंट्रोल पाकर चौंक गई थीं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे फिल्म खो गए हम कहां की सफलता के बाद से ही चर्चा में हैं। सोशल मीडिया की उलझनों को दर्शाती इस फिल्म में अनन्या की उम्दा अदाकारी देखने को मिली थी।अब अनन्या अपनी अगली साइबर थ्रिलर फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं, जिसे फिलहाल कंट्रोल नाम दिया गया है।फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने बताया कि जब निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने उन्हें इस फिल्म की पेशकश की तो उन्हें धक्का लगा था।अनन्या ने कहा, विक्रम सर के साथ काम करना मेरा सपना था। मैंने फिल्म उड़ान कई बार देखी है। जब वो मुझसे मिलना चाहते थे तो मैं हैरान थी। मेरी टीम ने जब मुझे बताया कि तो मैंने पूछा क्या वह मेरे साथ काम करना चाहते हैं? मैं उनसे मिली तो मैंने उनसे पूछ लिया कि क्या वही इसका निर्देशन करेंगे?।दरअसल, अनन्या विश्वास नहीं कर पा रही थीं कि वह मोटवानी की फिल्म का हिस्सा हैं।

अनन्या कहती हैं कि उनमें आत्मविश्वास की कमी है और इसलिए उन्हें दूसरे व्यक्ति की जरूरत पड़ती है।उन्होंने कहा, जब मैं सेट पर होती हूं तो मुझे निर्देशकों से 10 बार पूछना पड़ता है कि क्या मेरा शॉट ठीक था। क्या मुझे एक और शॉट करना चाहिए? जब कोई मेरे काम की प्रशंसा करता है या तो मेरी पहली प्रतिक्रिया होती है, क्या सच में, आपको यकीन है?अनन्या अपनी इस आदत को सुधारने की कोशिश कर रही हैं।कंट्रोल मोटवानी और निखिल द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से निर्माता हैं। इसकी कहानी एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिसमें थ्रिलर का तड़का होगा।इस फिल्म में अनन्या से साथ अभिनेता विहान सामत नजर आएंगे, जो वेब सीरीज मिसमैच्ड से लोकप्रिय हुए हैं, वहीं अब वह कॉल मी बे में भी नजर आने वाले हैं।इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और ऐसे में इसके इस साल रिलीज होने की उम्मीद है।

अनन्या अब द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर का भी हिस्सा हैं, जिसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। इस बायोपिक में अक्षय कुमार वकील की मुख्य भूमिका में होंगे और अनन्या उनकी जूनियर का किरदार निभाएंगी।इसके अलावा वह अब ओटीटी की दुनिया में भी अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री वेब सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी पर कदम रखेंगी, जो जल्द ही दर्शकों के बीच दस्तक देगी।मोटवानी ने काफी समय तक संजय लीला भंसाली के साथ बतौर सहायक काम किया था। 2010 में उन्होंने फिल्म उड़ान से निर्देशन क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने लुटेरा, ट्रैप्ड, भावेश जोशी सुपरहीरो, सेक्रेड गेम्स, एके वर्सेस एके और जुबली जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

फाइटर का नया गाना बेकरार दिल जारी ऋतिक-दीपिका का दिखा रोमांटिक अंदाज

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। ये फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इन 12 दिनों में फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है।ऋतिक रोशन और दीपिका की जोड़ी की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ मूवी के गानों को भी काफी पसंद किया जा रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज के दो हफ्ते बाद फिल्म से वैलेंटाइन स्पेशल सॉन्ग बेकरार दिल रिलीज किया है। जो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। गाने की हर धुन में बेहद प्यार और रोमांस झलक रहा है. ये गाना एक इमोशनल धुन है जो वास्तव में दिलों को छू जा रहा है. ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की शानदार फ्रेश केमिस्ट्री वास्तव में स्क्रीन पर देखने लायक है. इस वैलेंटाइन डे पर ये गाना सच में किसी ट्रीट से कम नहीं है. इस गाने को विशाल मिश्रा, शिल्पा राव, विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी ने मिलकर गाया है। तो वहीं गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। बेकरार दिल में ऋतिक और दीपिका जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।इस का नया गाना रिलीज करने से पहले फिल्म को लेकर एक बवाल मचता नजर आया। खबर है कि फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के बीच किसिंग सीन दिखाया गया है, जिसको लेकर अब भारतीय वायु सेना के एक विंग कमांडर ने आपत्ति जताई और मेकर्स को लीगल नोटिस भेज दिया है, जिसमें कहा गया है कि इस तरह से यूनिफॉर्म में किस करना सेना की वर्दी का अपमान है।

एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट रायपुर को जटिल हृदय रोग के इलाज में बड़ी सफलता

■ **मरीज की छाती पर बिना चीरा के ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व किया गया इंप्लांट**

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में कॉर्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं टीम ने ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व इम्प्लांट (टीएमवीआर) वॉल्व इन वॉल्व प्रक्रिया के जरिए एक 70 वर्षीय महिला मरीज की जिंदगी बचाई। इस प्रक्रिया के साथ एसीआई पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मरीज की छाती पर बिना किसी चीरे के माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया को पूरा करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान बन गया। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार माइट्रल वाल्व को रोगी की जांघ की नसों के माध्यम से एंजियोप्लास्टी में हृदय की नसों में स्टेंट लगाने के समान प्रक्रिया द्वारा प्रत्यारोपित किया गया। मरीज़ को 26 एम.एम. का माइट्रल वॉल्व लगाया गया है।

मुख्यमंत्री साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि के लिए एडवांस कॉर्डियक इंस्टीट्यूट की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल, डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल से संबद्ध एडवांस कॉर्डियक इंस्टीट्यूट जटिल हृदय रोग के सफल इलाज में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है।

मरीज गंभीर माइट्रल रेगर्गिटेशन (एमआर) से पीड़ित था, जो एक सामान्य हृदय रोग है जिसके लिए आम तौर पर ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता होती है। मरीज को 6 फरवरी 2024 को कॉर्डियोलॉजी विभाग, एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में नॉन इनवेसिव प्रक्रिया से गुजरना पड़ा और सिर्फदो दिनों के बाद सुरक्षित रूप से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

एसीआई में कॉर्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ.

स्मित श्रीवास्तव ने कहा कि ''बुजुर्ग मरीज को 10 साल पहले दिल का दौरा और वाल्व रोग के लिए कई ऑपरेशनों से गुजरना पड़ा था, जिसमें कोरोनरी बाईपास सर्जरी और माइट्रल वाल्व सर्जरी शामिल थी, जो पिछले दशक में खराब हो गई थी और अपने पीछे गंभीर रूप से लीक होने वाले माइट्रल वाल्व और बहुत कमजोर दिल को छोड़ गई थी। रोगी की बढ़ती उम्र और कमजोर दिल के अलावा, वह जानलेवा गंभीर अस्थमा से भी पीड़ित थी, जिसके कारण सांस लेने में कठिनाई और इम्यून थ्रोम्बोसाइटोपेनिक परप्यूरा (आईटीपी) नामक एक दुर्लभ ऑटोइम्युन रक्त विकार से पीड़ित थी। इस एक ऐसा प्रतिरक्षा प्रणाली विकार है जो रक्त को ठीक से जमने से रोककर रक्तस्राव में वृद्धि का कारण बनता है। ऐसे जटिल रोगी में दोबारा ओपन हार्ट सर्जरी असंभव थी, इसलिए डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने कमजोर छाती की दीवार पर किसी भी चीरे से बचकर जोखिम को कम करने की कोशिश की।÷

अपने अनुभव साझा करते हुए 70 वर्षीय मरीज का कहना है कि डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं टीम के कारण आज उनकी हृदय की समस्या का सफल उपचार हुआ। मैंने यहां के केस की सफलता देखते हुए बिना डरे प्रसन्नतापूर्वक अपना इलाज कराया। उसी का नतीजा है कि आज मैं आप सभी के सामने एकदम ठीक हूं। वहीं मरीज की बहू दीप्ति के मुताबिक एसीआई दिल की बीमारियों के उपचार के क्षेत्र में नई तकनीकों की शुरुआत कर रहा है जो जीवन बचा सकती हैं, खासकर सबसे अधिक जोखिम वाले मरीजों के लिए, ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व प्रत्यारोपण, एक समर्पित टीम के द्वारा संभव हो सका है। नई प्रौद्योगिकियों, अभूतपूर्व नवाचारों और अद्वितीय प्रतिभा के साथ, कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ और इमेजिंग टेक्नोलॉजिस्ट की टीम स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में काम कर रही है।

■ न्यूज गैलरी

धान खरीदी में अनियमितता पर तहसीलदार निलंबित

बलरामपुर/ नवप्रदेश। धान खरीदी में अनियमितता बरतने व शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने पर प्रभारी तहसीलदार रामानुजगंज को संभाग आयुक्त सरगुजा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों द्वारा अन्य के रकबा में धान विक्रय करने की समाचार पत्रों में उल्लेखित शिकायत पर कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का द्वारा जांच समिति गठित किया। गठित समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में यह पाया गया कि अन्य किसानों के रकबा के विरूद्ध विक्रय किये गये धान की कुल राशि 3 करोड़ 63 लाख 80 हजार 839 रुपए की आर्थिक अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। उक्त कृत्य में विष्णु गुप्ता, प्रभारी तहसीलदार (मूल पद सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज की संलिप्तता प्रथम दृष्टतया होना पाया गया है। श्री गुप्ता का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरित है। जिस पर संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेन्द्र द्वारा विष्णु गुप्ता, प्रभारी तहसीलदार रामानुजगंज को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री गुप्ता का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। सरस्वती नगर एवं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। भारत माता स्कूल के पास टाटीबंध निवासी प्रार्थी संजीव कुमार सोनी 46 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केबी 3071 को साइंस कालेज स्थित स्वदेशी मेला के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में मंदिरहसौद निवासी प्रार्थी दीपक मंडराई 37 वर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एचवाय 8305 को मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मंदिर की दानपेटी से नगदी पार

रायपुर/नवप्रदेश। सनमति नगर गली नंबर 4 स्थित जैन मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने दान पेटी में रखे 15 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरविंद बडज़ातिया 54 वर्ष सनमति नगर गली नंबर 4 जैन मंदिर के पास देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत की है कि अज्ञात चोर ने जैन मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर अंदर प्रवेश कर दानपेटी में रखे करीब 15 हजार रुपए, कलश एवं कांसे का लोटा अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

8 शराब कोचिए गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 197 पाव देशी एवं विदेशी शराब व बिक्री रकम 1070 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने एक्सप्रेस वे रोड पुरैना तालाब के पास आरोपी कमल यादव 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 12 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 210 रुपए जब्त किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने आरोपी सानु बघेल 22 वर्ष के पास से 45 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी दीनू सिंह ध्रुव 53 वर्ष के पास से 25 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 310 रुपए जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी दुष्यंत कुमार 26 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी संतोष देवांगन 36 वर्ष व जितेन्द्र कुमार सेन 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 70 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी राहुल साहू 22 वर्ष व आकाश गेंड्रे 20 वर्ष के पास से कुल 30 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है।

किसान मुआवजे के लिए कर रहे इंतजार हाथी ने फसलों को किया बर्बाद

कोरबा/नवप्रदेश। हाथी और मानव के बीच द्वंद लगातार जारी है. हाथी प्रभावित क्षेत्र के अन्नदाता हाथियों के उत्पात से बुरी तरह से जूझ रहे हैं. जंगल घटने से हाथी रिहायशी इलाकों की तरफ कूच करते हैं. दाना और पानी के लिए वह खेत में घुस आते हैं. जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है. मैदानी क्षेत्र के किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचा और उन्हें इसके दाम भी मिल गए लेकिन कटघोरा मंडल के हाथी प्रभावित क्षेत्र के किसानों के धान की खड़ी फसल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया. उन्हें पिछले 5 महीनों से नुकसान के मुआवजे का इंतजार है. जिसे लेकर वह खासे परेशान हैं।

> हमारा लगभग 19 एकड़ रकबा खेत है. जिसमें हमने धान की बुवाई की थी. हाथियों ने पूरी फसल बर्बाद कर दी. 20 हजार के तो बीज ही लग गए थे. अब हमारे सामने रोजी रोटी का संकट है. बीटगार्ड ने गांव में आकर कहा था कि मुआवजा मिलेगा. खेत में खड़े करके हमारी फोटो भी खींची गई लेकिन मुआवजा नहीं मिला है. आसपास के क्षेत्र के किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना धान भी बेच दिया, लेकिन हमें मुआवजा भी नसीब नहीं हो रहा है.
>
> – किसान बृजलाल

महीनों बीत गए, नहीं मिला मुआवजा, परेशानी बढ़ी

हाथियों के द्वारा फसल नुकसानी के संबंध में कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरदेवा के किसानों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है. किसानों ने कलेक्टर को लिखित आवेदन दे पेश किया है. जिसमें उल्लेख किया गया है कि हाथियों ने फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है. जिससे किसान आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं. खेतों में जाकर वन विभाग के मैदानी अमले ने मुआवजा प्रकरण भी तैयार किया. किसानों के फोटो खींचे लेकिन क्षति पूर्ति की राशि महीनो बीत जाने के बाद भी नहीं मिली है.

डेढ़ सौ किसानों की फसल बर्बाद

ग्राम पंचायत हरदेवा के पंच सिरपत सिंह मरकाम ने बताया कि हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाया है. जिससे लगभग डेढ़ सौ किसान प्रभावित हुए हैं. कई किसानों के घर को भी हाथियों ने तोड़ दिया है. आए दिन हाथी खेतों में आ जाते हैं. जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है. पिछले साल अक्टूबर माह में फसल और मकान की क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग ने गांव का दौरा किया था. किसानों से जानकारी लेकर प्रकरण भी तैयार किया, लेकिन अब तक किसी भी तरह का मुआवजा किसानों को नहीं मिला है.

मुआवजा प्रकरण प्रक्रियाधीन

कटघोरा वन मंडल से जानकारी मिली है कि किसानों के फसल नुकसानी का प्रकरण तैयार किया गया है. मुआवजा बांटने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी.

3 नक्सलियों को नारायणपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

नारायणपुर/नवप्रदेश। तीन सशस्त्र नक्सलियों को नारायणपुर पुलिस ने पकड़ा है. तीनों नक्सली कुतूल एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य थे. डीआरजी और एसटीएफ ने ज्वाइंट ऑपरेशन करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया. पकड़े गए नक्सलियों के कब्जे से बंदूक और विस्फोटक सामग्री जब्त की है।

नारायणपुर पुलिस नक्सल विरोधी अभियान संचालित कर रही है. इसी के तहत 5 फरवरी को बेड़मामेटा जंगल में सर्चिंग के लिए गए जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की. जिसके बाद नक्सली जंगल की आड़ में फरार हो गए. सर्चिंग के दौरान जवानों को जंगल में तीन संदिग्ध लोग मिले. उनसे पूछताछ और उनके सामान की तलाशी लेने के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया. पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए तीनों कुतूल एरिया कमेटी में सक्रिए नक्सली के रूप में पिछले कई सालों से काम कर रहे थे.

नारायणपुर एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया तीनों नक्सली रानू पोड़ियाम निवासी बेड़मामेटा 2. सुधराम मण्डावी निवासी कट्ठाकाल और विजय पोडियाम निवासी बेड़मामेटा के रहने वाले हैं. उनके कब्जे से 3 भरमार बंदूक, डेटोनेटर, बैटरी, बिजली वायर और दैनिक उपयोग का सामान मिला है. नक्सलियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 120(बी), 307 , 25, 27 आर्म्स एक्ट , 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

बस्तर के लोगों के लिए 31 मार्च से शुरू होगी इंडिगो विमान सेवा

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर के वासियों को अलाइंस विमान सेवा के साथ साथ अब 31 मार्च से इंडिगो विमान सेवा की प्रचलन प्रारंभ होने से वायु परिवहन सेवा में सुविधाएं बढ़ जाएगी। इंडिगो की विमान प्रतिदिन हैदराबाद से जगदलपुर और रायपुर जाएगी तथा उसी दिन रायपुर से जगदलपुर होते हैदराबाद वापस हो जाएगी। कलेक्टर एवं चेयरमैन मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट विजय दयाराम के. ने सुचारू विमान सेवा संचालन हेतु बुधवार को एयरपोर्ट में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में

एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बीसीएएस द्वारा दिए गए सुझाव को पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा को अवगत कराया गया। नगरीय क्षेत्र में एयरपोर्ट के रनवे के दोनों तरफ की एप्रोच पाथ (हाईवे एवं बोघघाट) में 15 किलोमीटर के क्षेत्र तक किसी भी प्रकार की 'हाईराइस भवन' बनाने की अनुमति प्रदान नहीं करने हेतु नगर निगम को कहा गया, साथ ही भवन निर्माता को एयरपोर्ट एथॉरिटी ऑफइंडिया के एनओसी शाखा से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

एयरपोर्ट में निर्माणाधीन विकास कार्यों में रनवे, एप्रोन, टैक्सी वे में मार्किंग एवं केक फिलिंग का कार्य सहित ऑप्सटेकल मार्किंग, हेलीकाप्टर पार्किंग तथा एप्रोन के समीप एप्रोन स्ट्रीप का कार्य प्रगति पर है। तीनों लंबित कार्यों को एक माह के अन्दर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिया गया।

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते 29 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी चैतराम सिन्हा 42 वर्ष, शिवा यादव 35 वर्ष व बिहारी लाल विश्वकर्मा 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी अमीत वर्मा 38 वर्ष, मनोज वर्मा 36 वर्ष, मनीष साहू 36 वर्ष व शुभम ढींगे 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रिजन एक्का 38 वर्ष व अगस्तीन लकड़ा 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सोनु अंसारी 24 वर्ष एवं सेजबहार पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार वर्मा 54 वर्ष व प्रदीप सोना 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी राजकुमार चौहान 36 वर्ष, काशी साव 42 वर्ष व मिंटू साव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सागर सिंह 25 वर्ष व कीर्तिधर दीवान 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी पवन साव 36 वर्ष व बृजेश साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी केशव पटेल 41 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी कन्हैया लाल 30 वर्ष, अब्दुल गयास खान 39 वर्ष, विजय प्रकाश 43 वर्ष व धनीराम निषाद 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी सागर साहू 21 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी लेखराम डहरिया 35 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी राकेश निषाद 27 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी घनश्याम विश्वकर्मा 32 वर्ष व गुढियारी पुलिस ने आरोपी घनश्याम साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अमरजीत के करीबियों पर आयकर का शिकंजा

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, और उनके करीबियों पर आयकर का शिकंजा कस रहा है। खबर है कि आयकर विभाग ने सरगुजा कलेक्टर को चिट्ठी लिखकर अमरजीत भगत के 13 करीबियों की प्रॉपर्टी की जानकारी मांगी है।

भगत और उनके करीबियों के यहां आयकर की जांच पूरी हो गई है और अब बेनामी संपत्तियों का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। अंबिकापुर में भगत के करीबी टिम्बर व्यापारी राजू अग्रवाल के यहां भी आयकर ने दबिश दी थी। छापेमारी के बाद राजू गायब है, लेकिन उनके घर के तीन कमरों को सील कर पुलिस तैनात कर दी गई हैं।

इन सबके बीच आयकर विभाग ने अंबिकापुर कलेक्टर को चिट्ठी लिखी है। विभाग ने 13 लोगों की संपत्ति का ब्यौरा मांगा है। विभाग ने पिछले पांच साल में जमीन की खरीदी, और बिक्री की जानकारी मांगी है। साथ ही रियल इस्टेट कारोबार में निवेश अथवा अन्य प्रॉपर्टी के साथ-साथ जमीन आवंटन के अलावा एफआरए व अन्य बेनीफिट का डिटेल उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इन 13 लोगों के यहां पिछले दिनों आयकर टीम ने जांच-पड़ताल भी की थी।

जिन लोगों का ब्यौरा मांगा गया है, उनमें मैनपाट के मनोज यादव, अतुल यादव, गणेश यादव, नागेश्वर यादव, अंबिकापुर के सुरेश यादव, गंगापुर खुर्द के प्रमोद टोप्पो, अंबिकापुर के राजू अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, बतौली के हेमंत यादव, रामानंद यादव, दीना यादव, और प्रदीप गुप्ता हैं।

युवती पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिरहसौद यात्री प्रतिक्षालय के पास दो युवकों ने एक युवती पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी मूजू यादव 24 वर्ष इंद्रा कालोनी मंदिरहसौद की रहने वाली है। जब वह मंदिरहसौद यात्री प्रतिक्षालय के पास खड़ी थी, तभी आरोपी मनमोहन मानिकपुरी व अन्य ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट कर चाकू से जांघ के पास वार कर दिया।

चाकू से लोगों को धमकाता युवक हुआ गिरफ्तार

रायपुर। कोतवाली पुलिस ने हनुमान मंदिर के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि हनुमान मंदिर के पास गांधी मैदान में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद हासीम 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

बाइक से गांजे की तस्करी तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम छतौना रोड चौक के पास बाइक से गांजा लेकर जाते तीन युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 किलो 440 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक से गांजा तस्करी करते आरोपी समाधान खवाले 19 वर्ष, जातिन बोले एवं महादेव बरिहा को गिरफ्तार किया है।

बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति से दिया स्वच्छता का संदेश

उतई/नवप्रदेश। पायनियर कन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल उतई डूमरडीह में 23 वां वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर अमित मिश्रा ने की। विशेष अतिथि ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच अंजिता गोपेश साहू थे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने हिंदी छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, बंगाली गानों में प्रस्तुति देकर स्वच्छता और अनेकता में एकता का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा का जीवन में महत्व भी बताया। मुख्य अतिथि ने छोटे बच्चों को उनकी प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन

से ही बच्चों की मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। तथा उनके छुपे हुए टैलेंट का पता भी चलता है विशिष्ट अतिथि ने भी बच्चों को बधाई दिया वह उज्जवल भविष्य की कामना की।

भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 11 तक

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की तिथि में वृध्दि की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि अब 11 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के मध्य हुआ हो, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र होगे। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12वी 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन पंजीयन हेतु वेबसाइट एचटीटीपीएस डबल स्लेस अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन पर लॉगिन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते है।